देश-विदेश | लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक | उत्तर प्रदेश



सोशल मीडिया पर लगाम लगाने की तैयारी... 12

यूपी को सौर ऊर्जा से जगमग करेंगे 30 हजार... 09



# जन एक्सप्रेस

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

लखनऊ
वर्ष: 15 | अंक: 293
मूल्य: ₹3.00/- | पेज : 12+1(वेब संस्करण)
मंगलवार | 06 अगस्त, 2024



# डीएम एसपी ने सैनिक बन्धु की ली बैठक



**जन एक्सप्रेस । उरई**

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में जिला सैनिक बन्धु कमेटी की बैठक कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में 150 भूतपूर्व सैनिक/वीर नारियो ने सहभागिता की। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कमांडर नयन सिंह रावत ने शासन द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी देते हुये पिछली बैठक का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत कर भूतपूर्व सैनिकों द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र प्रेषित किये। जिलाधिकारी ने प्रार्थना पत्रों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए निराकरण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने प्रत्येक भूतपूर्व सैनिक से कहा कि 15 अगस्त को हर घर तिरंगा कार्यक्रम में सहभगिता सुनिश्चित कर प्रशासन का सहयोग करते हुये प्रचार-प्रसार के साथ प्रत्येक फौजी अपने घर तिरंगा फहरायेंगे एवं सैनिक बन्धु कमेटी का गठन करते हुये उपाध्यक्ष पद पर सर्व सम्मती से सूबेदार मेजर (आर्नरी कैप्टन) महेन्द्र सिंह (अ0प्रा0) को उपाध्यक्ष घोषित कर स्वीकृति प्रदान की। कहा कि समस्त भूतपूर्व सैनिकों को कोई भी समस्या होने पर सीधे मिल सकते है एवं मो.नं. पर सीधे बात कर सकते है तथा यथायोग्य सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। बैठक में एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार, सीडीओ राजेन्द्र कुमार श्रीवास, नगर मजिस्ट्रेट अजीत कुमार जायसवाल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# एसडीएम व पालिकाध्यक्ष ने गौशाला का किया निरीक्षण, परखी व्यवस्थाएं

**जन एक्सप्रेस । कालपी।**

डीएम राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देश पर सोमवार को नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव व एसडीएम सुशील कुमार सिंह ने आलमपुर की गौशाला का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओ का जायजा लिया।परिसर में स्वच्छता बनाए रखने के लिये निर्देश दिए।

जिला प्रशासन के निर्देशन पर एसडीएम नगर की आलमपुर गौशाला में दोपहर को औचक तरीके से पंहुच गए। ?उन्होंने गौशाला में भूसे का स्टॉक व रखरखाव देखा। परिसर में मौजूद 255 गायों को अभिलेख से मिलान किया। पानी



तथा प्रकाश व्यवस्था का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ड्यूटी में मौजूद कर्मियों को निर्देश दिए कि परिसर में सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाए। अब्दुल्ला अधिकारी ने कहा कि गौशाला की क्षमता 250 गौवंश के रखने की है, इसलिए अधिक गौ होने पर किसी अन्य गौशाला में समायोजित किया जाए।

गौशाला में निरीक्षण के दौरान एसडीएम के साथ राजस्व निरीक्षक राम भुवन सिंह तथा सम्बंधित कर्मचारियों की मौजूदगी रही। पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव ने बताया कि गौवंशो के लिए पुख्ता व्यवस्था की जा चुकी है।

# 1 किलो 400 ग्राम गांजे के साथ एक गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष भरतकूप प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि उप निरीक्षक रामकुमार एवं आरक्षी अखिलेश तोमर द्वारा कमल निषाद निवासी बहादुरपुर को 1 किलो 400 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना भरतकूप में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

# हर घर तिरंगा अभियान के लिए डीएम ने निर्धारित की रूपरेखा



**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन एवं पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में सोमवार को स्वतंत्रता दिवस 2024 के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान के सम्बन्ध में बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई।

जिलाधिकारी ने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत प्रदेश में हर घर तिरंगा अभियान वर्ष 2022 व 2023 का भव्यपूर्ण सफल क्रियान्वयन किया गया है। उन्होंने कहा कि पुनः इस वर्ष 13 से 15 अगस्त के मध्य संचालित हर घर तिरंगा अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि विगत वर्ष की तरह हर घर तिरंगा अभियान के लिए झंडों की आपूर्ति राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के स्वयं सहायता समूह के माध्यम से कराया जाएगा। 7 एवं 8 अगस्त को समस्त ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष रूप से शहीद स्मारकों, स्मारक स्थलों, शहीद पार्कों, अमृत सरोवरों एवं अमृत वाटिकाओं इत्यादि पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इस कार्यक्रम का व्यापक रूप से जन सहभागिता के माध्यम से प्रचार प्रसार भी किया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने बताया कि गत वर्ष जनपद में 2 लाख 40 हजार विभिन्न विभागों को शासन द्वारा हर घर तिरंगा का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। इस वर्ष का लक्ष्य अभी प्राप्त नहीं हुआ है तो गत वर्ष का लक्ष्य मानते हुए डीसीएनआरएलएम से तैयारी कराई जा रही है। जिलाधिकारी ने डीसी एनआरएलएम को निर्देश दिए कि स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से तिरंगा झंडा तैयार कराए। साथ ही विभागों से संपर्क करके लक्ष्य के अनुसार व्यवस्था सुनिश्चित करें। अगर इस वर्ष का लक्ष्य बढता है तो उसके अनुसार भी व्यवस्था कराई जाएगी। उन्होंने व्यापार मंडल के पदाधिकारियों से कहा कि आप लोगों को प्रतिष्ठानों में तिरंगा लगाने के लिए कितने की आवश्यकता होगी, उसी के अनुसार स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से क्रय करें ताकि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को भी रोजगार मिल सके। उन्होंने कहा कि सभी शासकीय भवनों पर 13, 14 व 15 अगस्त को लाइटिंग, सजावट आदि कराया जाना है। जिला पंचायत राज अधिकारी तथा अधिशासी अधिकारी सभी जगह साफ-सफाई व्यवस्था अच्छी तरह से कराएंगे। जिला विद्यालय निरीक्षक तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा शिक्षण संस्थानों में विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के प्रोटोकॉल के अनुसार ही सभी विभाग के अधिकारी तिरंगा फहराने का कार्यक्रम कराए।

कहीं पर कोई भूल नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने डीसी एनआरएलएम से कहा कि जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, बैंक खनिज उद्योग, आईटीआई, पर्यटन, जल निगम का लक्ष्य और बढाया जाए। उपयुक्त जिला उद्योग केन्द्र को निर्देश दिए कि व्यापार प्रतिष्ठानों पर अधिक से अधिक हर घर तिरंगा की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने डीसी एनआरएलएम से कहा कि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को सक्रिय करके अभी से ही तिरंगा झंडा तैयार कराया जाए। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों से कहा कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन भव्य तरीके से मनाया जाए। साथ ही कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी बुलाया जाए। हर घर झंडा फहराने के लिए नागरिकों को झंडा फहराने की विधि तथा अन्य जानकारी से भी स्पष्ट रूप से अवगत कराया जाए। जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह ने झंडा तैयार करने के निर्देश के अनुपालन में झंडे का आकार आयताकार होना चाहिए, झंडा की लंबाई तीन फीट एवं चैडाई दो फीट होनी चाहिए। झंडा बनाने की सामग्री खादी अथवा हाथ से कता हुआ कपडा, मशीन से बना हुआ कपडा, सूती, पॉलिएस्टर, ऊनी व सिल्क आदि हो सकता है। झंडे तीन रंगों में सबसे ऊपर केसरिया बीच में सफेद तथा नीचे हरे रंग का प्रयोग कर बनाए जाएंगे। सफेद पट्टी में 24 तीलियों वाले अशोक चक्र को बाद में प्रिंट किया जाना चाहिए। उन्होंने झंडा फहराने के नियम के बारे में बताया कि प्रत्येक नागरिक को अपने आवास, स्कूल तथा सरकारी कार्यालयों में झंडा सम्मान के साथ झंडा संहिता का अनुपालन करते हुए फहराना, लगाना है। झंडा फहराते समय सदैव केसरिया रंग की पट्टी झंडे के ऊपर की तरफ होनी चाहिए, झंडे को यदि सरकारी परिसर में फहराया जाता है तो सूर्योदय के उपरान्त ध्वजारोहण किया जाना चाहिए। साथ ही सूर्यास्त के साथ ही सम्मान के साथ इसे उतरना चाहिए, 13 से 15 अगस्त तक निजी आवासों एवं प्रतिष्ठानों पर लगाए जाने वाले झंडों को समय अवधि के बाद आदर भाव के साथ उतार कर सुरक्षित रखा जाएगा, झंडा उतारने के बाद किसी भी नागरिक द्वारा इसे फेंका नहीं जाएगा, उसे सम्मान के साथ फोल्ड करके रखा जाना चाहिए, विशेष परिस्थितियों में झंडा रात्रि में फहराया जा सकता है। हर घर पर झंडा विधिवत तरीके से लगाया जाना है। आधा झुका फटा या कटा झंडा लगाया जाना निषेध होगा। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी उमेश चन्द्र निगम, उप जिलाधिकारी सदर सौरभ यादव, मऊ राकेश कुमार पाठक, राजापुर प्रमोद कुमार झा, मानिकपुर पंकज वर्मा, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, डीसी एनआरएलएम ओमप्रकाश मिश्र, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बीके शर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा, जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्रा, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी राजेंद्र कुमार, व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष ओम केसरवानी, गुलाबचंद गुप्ता, ऋषि आर्या आदि मौजूद रहे।

# कृषक दुर्घटना कल्याण योजना की पत्रावलियों में लगाएं स्पष्ट आख्या

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के लम्बित दावों के निस्तारण के सम्बन्ध में बैठक सोमवार को कलेक्टरेट सभागार में हुई।

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम ने बताया कि मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत सभी तहसीलों के 36 आवेदन पत्र लम्बित हैं। उन्होंने बताया कि कमाऊ व्यक्ति की मृत्यु होने पर कृषक के नाम जमीन होना चाहिए या फिर किसी किसान का बटाईदार हो वह किसान लिखकर दे इसको पात्रता मानी जाती है। जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी से कहा कि सडक दुर्घटना, आकाशीय विद्युत, सर्पदंश, ठंड, हीटवेव, विद्युत लाइन अन्य दुर्घटनाओं में जिन व्यक्तियों की मृत्यु हुई है, उनके तत्काल आवेदन पत्रों की जांच कराकर लाभ दिलाया जाए। साथ ही जो प्रकरण आज निस्तारित किए गए हैं, उन पीड़ित व्यक्तियों को लाभान्वित कराया जाए।

उन्होंने उप जिलाधिकारियों से कहा कि जो आवेदन पत्र हैं, उनका अच्छी तरह से परीक्षण अवश्य करले, जो पत्रावली लम्बित है, उनका सही से परीक्षण कर स्पष्ट जांच आख्या लगाते हुए प्रस्तुत करें ताकि पीड़ित व्यक्तियों को लाभ दिलाया जा सके। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि पोस्टमार्टम की रिपोर्ट स्पष्ट होना चाहिए।

जिन व्यक्तियों की विद्युत दुर्घटना में मृत्यु होती है, उसमें भी पोस्टमार्टम रिपोर्ट स्पष्ट अंकित की जाए, जिन प्रकरणों पर रिपोर्ट दोबारा प्रेषित करने के लिए आवेदन पत्र आपके पास भेजे गए हैं, उनका निस्तारण कर तत्काल भेजें ताकि उन लोगों को लाभ दिलाया जा सके।

इस मौके पर उप जिलाधिकारी सदर सौरभ यादव, मानिकपुर पंकज कुमार वर्मा, राजापुर प्रमोद कुमार झा, मऊ राकेश कुमार पाठक आदि मौजूद रहे।

# 21 अगस्त तक निशुल्क खाद्यान्न का होगा वितरण

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिला पूर्ति अधिकारी आनन्द कुमार सिंह ने बताया कि प्रदेश के अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत माह-अगस्त के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न तथा चयनित जनपदों में अवशेष बाजरा का निःशुल्क वितरण माह अगस्त में 7 से 21 अगस्त के मध्य कराया जाना है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत आच्छादित अन्त्योदय लाभार्थियों को जनपद में उचित दर दुकानों पर माह जनवरी, से जुलाई के मध्य वितरण के बाद उपलब्ध अवशेष बाजरा का वितरण कराया जाना है। उन उचित दर दुकानों में प्रत्येक अन्त्योदय कार्ड पर चावल के स्थान पर 2 किग्रा बाजरा प्रति कार्ड प्रथम आवक प्रथम पावक के सिद्धान्तानुसार वितरित किया जायेगा। इस प्रकार अन्त्योदय योजनान्तर्गत उचित दर दुकानों में प्रति कार्ड 14 किग्रा गेहूँ, 19 किग्रा चावल तथा 2 किग्रा बाजरा उपलब्धतानुसार कुल 35 किग्रा खाद्यान्न का वितरण किया जाएगा। बाजरा का स्टॉक समाप्त होने पर पूर्व निर्धारित मात्रानुसार 14 किग्रा गेहूँ एवं 21 किग्रा चावल का वितरण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त शेष अन्य उचित दर दुकानों में प्रति कार्ड धारक 14 किग्रा गेहूँ एवं 21 किग्रा चावल कुल 35 किग्रा खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण किया जाएगा।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत आच्छादित पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को जनपद में उचित दर दुकानों पर माह जनवरी से जुलाई के मध्य वितरण के बाद उपलब्ध अवशेष बाजरा की मात्रा का समायोजन पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को चावल की सामान्य मात्रा से कराया जाना है।

इस प्रकार पात्र गृहस्थी के अन्तर्गत चावल के स्थान पर प्रति यूनिट 1 किग्रा बाजरा उपलब्धतानुसार प्रथम आवक प्रथम पावक के सिद्धान्तानुसार वितरित किया जाएगा। इस प्रकार उचित दर दुकानों में 2 किग्रा गेहूँ प्रति यूनिट, 2 किग्रा चावल प्रति यूनिट व 1 किग्रा बाजरा प्रति यूनिट उपलब्धतानुसार कुल 5 किग्रा प्रति यूनिट वितरित किया जाएगा। बाजरा का स्टॉक समाप्त होने पर पूर्व-निर्धारित मात्रानुसार 2 किग्रा गेहूँ एवं 3 किग्रा चावल का वितरण किया जाएगा।

# शिव मन्दिरों में श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

सावन माह के तीसरे सोमवार को जिले के विभिन्न शिवालयों में श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। इसी क्रम में कर्वी के पुरानी बाजार स्थित महाबीर शिव मन्दिर भरतपुरी में भी पूजा अर्चना की गयी।

जिला मुख्यालय के पुरानी बाजार भरतपुरी स्थित महाबीर शिव मन्दिर के महंत बाबा रामदास ने बताया कि हिंदू धर्म में सावन मास के साथ ही इसके सोमवार का विशेष महत्व है। इस दिन भगवान शिव की विधि-विधान से पूजा की जाती है। सावन भगवान शिव का सबसे प्रिय मास है। सावन के महीने में त्रिदेवों की सारी शक्तियां भगवान शिव के पास ही होती हैं। पुराणों के अनुसार सावन मास में भगवान शिव की पूजा-अर्चना, अभिषेक व शिव स्तुति मंत्र जाप का खास महत्व है। खासकर



सोमवार के दिन शिव और शक्ति दोनों प्रसन्न होते हैं। शिव और शक्ति की कृपा से दैहिक, दैविक, भौतिक कष्टों से मुक्ति मिलती है। भगवान शिव के आशीर्वाद से निर्धन को धन, निसंतान को संतान की प्राप्ति होती है। तीसरे सोमवार को अर्धनारीश्वर भगवान शिव की पूजा की जाती है और चैथे सोमवार को तंत्रेश्वर शिव की आराधना की जाती है।

# श्रीजी के पांच बच्चों की टीम हुई इसरों के लिए रवाना




**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

श्रीजी इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों का शैक्षिक भ्रमण दल भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) बेंगलुरू के लिए रवाना हुआ।

स्कूल की प्रधानाचार्य ने बताया कि 8 अगस्त को आयोजित एकदिवसीय कार्यशाला में छात्रों में विज्ञान, अनुसंधान, तकनीकी व प्रौद्योगिकी के प्रति अभिरुचि को बढाने एवं जिज्ञासा के समाधान के लिए विद्यालय के चयनित छात्र श्रेयस द्विवेदी, ओंकार सिंह, आदित्य अग्रहरि, नैतिक सिंह, अर्जित जैन आदि शिक्षक जे पी मिश्र के नेतृत्व में प्रतिभाग करेंगे।

विद्यालय प्रबंधक स्वप्निल अग्रवाल व निदेशक अजय अग्रवाल ने कहा कि ऐसे आयोजनों से विज्ञान व प्रौद्योगिकी को बढावा मिलेगा। साथ ही छात्रों में सीखने समझने, सोचने की क्षमता विकसित होगी। सभी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए छात्रों के दल को रवाना किया गया।

# नगर व क्षेत्र में चोरों का गिरोह सक्रिय, पुलिस की कार्यशैली पर उठ रहे सवाल

**जन एक्सप्रेस । कालपी**

क्षेत्र में चोरी की कई घटनाएं होने के बाद भी चोरो की चहलकदमी तेज है। चोरों ने सोमवार को हाईवे स्थित होटलो पर अपने हुनर का इस्तेमाल किया, लेकिन संचालको की सक्रियता से वह पकड़ लिये गए हैं, जिन्हें पुलिस को सौंपा गया।

विगत एक माह के अन्दर क्षेत्र में चोरी की कई बारदाते सामने आई है। जिसमे सरसेला में दुकान तो लमसर में घर में चोरी हुई है, तो अन्य वारदातो में वह दोपहिया और चार पहिया ले गए हैं। जिसमे ज्यादातर मामले दर्ज नही और न ही अभी किसी मामले का खुलासा हुआ है।

साथ ही 2 अगस्त को दिनदहाडे अज्ञात बाईक सवार बदमाशो ने सर्राफा व्यापारी से बैग लूट लिया था। इस घटना से पुलिस हलकान है। जिसके खुलासे के लिए एसओजी टीम भी लगी है और जिले के आला अफसर भी नजर रख रहे हैं। हालाकि अभी तक पुलिस को इस मामले में अभी कोई सफलता नही मिली है, लेकिन कुछ संदिग्धो को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है, पर पुलिस की सक्रियता के बाद भी अभी क्षेत्र में बदमाशों का विचरण बन्द नही हुआ है। सोमवार भोर पहर फिर हाईवे स्थित होटलो पर चोरी कर भाग रहे चार बाईक सवार युवको को होटल संचालको ने जोल्हूपुर मोड़ से पकडा है। सूत्रो की माने तो दो युवक भोगनीपुर थाना क्षेत्र से नाता रखते हैं, जो कानपुर देहात के ही निवासी है।

# यमुना नदी का जलस्तर फिर से बढ़ना हुआ शुरू

**जन एक्सप्रेस । कालपी**

यमुना का जलस्तर बढ़ने की आशंका सच साबित हुई। सोमवार सुबह से नदी में पानी बढ़ना शुरू हो गया, पर अभी इसकी रफ्तार ज्यादा नही है। यमुना नदी में आने वाली बाढ़ अन्य क्षेत्र के लोगों के लिए कौतूहल का विषय हो पर यह बाढ़ यमुना तट पर बसे ग्रामीणो के लिए किसी विभीषिका से कम नही है। जो उन्हे कई वर्षो पीछे धकेल देती है और इसी वजह से वह बरसात के महीनो में सशंकित रहते हैं। मालूम हो कि इस बर्ष जुलाई माह में ही यमुना का जलस्तर बढ़ना और घटना शुरू हो गया था, जो अगस्त माह में भी जारी है। हालाकि अभी तक नदी का पानी इतना नही बढ़ा है कि लोग परेशान हो जाए, पर आशंका कम नही हो रही है।

केन्द्रीय जल आयोग के जिम्मेदारो की माने तो अभी ज्यादा बाढ़ के आसार नही है, पर एमपी और राजस्थान में हो रही बरसात से नदी का जलस्तर बढ़ सकता है और उनकी यह आशंका सच साबित हुई और सोमवार सुबह से जलस्तर फिर से बढ़ना शुरू हो गया है। हालाकि अभी इसकी रफ्तार बेहद धीमी है और महज 2 सेमी प्रतिघण्टा पानी बढ़ रहा है। जल आयोग रूपेश कुमार के अनुसार यह वाढ अभी दो दिनों तक जारी रहेगी पर तटवर्ती गाँवो के लोगों को ज्यादा परेशान होने की जरूरत नही है।

# अनियंत्रित होकर हाईवे किनारे खंदक में गिरी श्रद्धालुओं से भरी बस, 6 घायल

**जन एक्सप्रेस । उरई**

कोतवाली क्षेत्र में हाईवे पर श्रद्धालुओं से भरी बस बड़ागांव के पास अनियंत्रित होकर हाईवे किनारे खंदक में पलट गई। जिसमें सवार 44 यात्रियों में 6 घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

अयोध्या से टूरिस्ट बस 44 श्रद्धालुओं को तीर्थस्थलों की यात्रा के लिए पांच दिन पहले निकली थी। विभिन्न तीर्थस्थलों से होकर बस उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर से श्रद्धालुओं को दर्शन कराने के बाद वापस अयोध्या जा रही थी। जैसे ही बस रविवार की रात ढाई बजे के लगभग झांसी-कानपुर हाईवे पर बड़ागांव के पास पहुंची। तो चालक को झपकी आ गई। इसी दौरान बस हाईवे के बगल में खंदक में पलट गई। इसके बाद वहां से निकल रहे वाहन चालकों ने खबर तुरंत पुलिस व एंबुलेंस को दी। सूचना के बाद रात में सीओ उमेश कुमार पांडेय, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और सभी श्रद्धालुओं को बस से बाहर निकाला। जिसमें घायल 45 वर्षीय रामशंकर, 40 वर्षीय उमेश, 50 वर्षीय लल्लन व 27 वर्षीय रामऔतार निवासीगण अयोध्या को इलाज के लिए एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा। घायलों के साथ अन्य श्रद्धालुओं को जिला प्रशासन ने रात में ही रोडवेज बस से गंतव्य के लिए रवाना कर दिया। इसके साथ ही बस को भी सही कराकर चालक अयोध्या ले गया।

# दबंग आम रास्ते पर कर रहा अवैध निर्माण

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

भीम आर्मी जिलाध्यक्ष संजय कुमार गौतम की अगुवाई में ग्रामीणों ने आम रास्ते पर अवैध निर्माण रोकने की मांग जिलाधिकारी से की है। जिलाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में ग्रामीणों ने अवैध निर्माण तत्काल हटवाने की मांग की है। सोमवार को खजुरिहाकला थाना रैपुरा के अनुसूचित जाति के ग्रामीण भीम आर्मी जिलाध्यक्ष संजय कुमार गौतम की अगुवाई में कलेक्टेड्ट आये। कहा कि कई पीढियों से घर बनाकर रह रहे हैं। जहां आम रास्ता चलता है, वहां ज्यादातर अनुसूचित जाति के लोगों का आवागमन है। गांव के दबंग ओमप्रकाश पुत्र मुन्नी सिंह जबरन अवैध पक्का



मकान बना रहे हैं। विरोध पर उन्हें जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल कर गाली-गलौज करते हैं। गांव का कोई व्यक्ति मुखर होकर कुछ कहने की हिम्मत नही कर रहा।

ओमप्रकाश दबंग किस्म का व्यक्ति है। वे गरीब मजदूर हैं। इसका बेजा लाभ उठाकर आम रास्ते पर अवैध कब्जा कर रहा है। इस मौके पर भीम आर्मी जिलाध्यक्ष संजय कुमार गौतम, आभास महासंघ जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार सनेही, जिला पंचायत सदस्य मीरा भारती एवम् अन्य ग्रामीण फूलमती, रेखा, रामा, माया, गीता, शोभा, पप्पी, राजरानी, सुकरी, रामबहादुर, अनिल, बुद्धविलाश, संतोष, अभिलाष, चुनकावन, बडा आदि शामिल रहे।






# जन एक्सप्रेस

लखनऊ

वर्ष: 15 | अंक: 293

मूल्य: ₹3.00/-

पेज : 12+1 (वेब संस्करण)

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

मंगलवार | 06 अगस्त, 2024


कोचिंग सेंटर हादसे पर सुप्रीम कोर्ट की तीखी टिप्पणी, केंद्र-दिल्ली सरकार को नोटिस जारी

# कोचिंग संस्थान डेथ चेंबर बन चुके

## ये स्टूडेंट्स की जान को खतरे में डाल रहे: सुप्रीम कोर्ट



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर में कोचिंग सेंटर में यूपीएससी की तैयारी कर रहे तीन स्टूडेंट्स की मौत के मामले का सुप्रीम कोर्ट ने स्वत: संज्ञान लिया है। कोर्ट ने इस मामले में केंद्र और दिल्ली सरकार को नोटिस जारी किया है। जज जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में हाल में घटी यह घटना सभी के लिए आंखें खोलने वाली है। पीठ ने कहा, ये जगहें (कोचिंग सेंटर) 'डेथ चैंबर (मौत का कुआं)' बन गई हैं। कोचिंग संस्थान का तब तक ऑनलाइन संचालन किया जा सकता है, जब तक वे सुरक्षा मानदंडों और गरिमापूर्ण जीवन के लिए बुनियादी मानदंडों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित न करें। कोचिंग सेंटर देश के विभिन्न हिस्सों से आने वाले अभ्यर्थियों के जीवन से खिलवाड़ कर रहे हैं। गौरतलब है कि दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर में 27 जुलाई को एक बड़ा हादसा हुआ था। यहां प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने वाली राव एकेडेमी के बेसमेंट में पानी में डूबकर तीन बच्चों की मौत हो गई। राष्ट्रीय राजधानी में 27 जुलाई की शाम अचानक हुई बारिश के कारण लाइब्रेरी में पानी भर गया था। मृतकों दो छात्र और एक छात्रा शामिल थे। तीनों यूपीएससी की तैयारी कर रहे थे। मृतकों की पहचान तेलंगाना निवासी तान्या सोनी, केरल निवासी नेविन डाल्विन और यूपी निवासी श्रेया यादव के रूप में हुई।

### हादसे की वजह क्या पता चली?

29 जुलाई को दिल्ली के मुख्य सचिव ने दिल्ली सरकार को अपनी रिपोर्ट को सौंपी। इस रिपोर्ट में बताया गया कि राजेंद्र नगर स्थित राव कोचिंग संस्थान ने ड्रेनेज सिस्टम को पूरी तरह से ब्लॉक कर दिया था। साथ ही संस्थान में बचाव की कोई व्यवस्था नहीं थी। इस रिपोर्ट में कई सवाल उठाए गए हैं। एमसीडी की रिपोर्ट में कहा कि जिस प्रॉपर्टी में कोचिंग सेंटर चल रहा था, उसकी पार्किंग की ऊंचाई आसपास की प्रॉपर्टी के मुकाबले कम था। इलाके की अन्य इमारतों में भारी जलभराव की स्थिति में बारिश के पानी को पार्किंग एरिया और बेसमेंट में जाने से रोकने के लिए बैरियर वॉल लगाई गई थी। रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि कोचिंग सेंटर बिल्डिंग के सुरक्षा कर्मचारियों ने कोई निगरानी नहीं रखी, जिसके चलते पानी बिना रुके पार्किंग एरिया को पार कर बेसमेंट में घुस गया।

### दिल्ली हाईकोर्ट ने की है सख्त टिप्पणी

दुखद घटना में तीन छात्रों की मौत का मामला अदालत तक भी पहुंच चुका है। पहले 31 जुलाई फिर 2 अगस्त को दिल्ली हाईकोर्ट में मामले की सुनवाई हुई। पहले दिन की सुनवाई के दौरान कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की अध्यक्षता वाली पीठ ने कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में डूबकर हुई तीन छात्रों की मौत पर अधिकारियों को फटकार लगाई थी। पीठ ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा था कि एक अजीब जांच चल रही है, जिसमें कार चलाने वाले राहगीर के खिलाफ पुलिस कार्रवाई कर रही है, लेकिन एमसीडी अधिकारियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। अदालत ने पूछा था कि क्या अब तक किसी एमसीडी अफसर को हिरासत में लिया गया है? साथ ही यह भी पूछा कि क्या इस मामले में एमसीडी के अधिकारियों की जांच हुई?

## कोर्ट ने कहा, दिल्ली के बुनियादी ढांचे 75 साल पुराने

### अदालत के आदेशों पर अमल नहीं, अफसर जिम्मेदारी एक-दूसरे पर डाल रहे

1 बेसिक इंन्फ्रास्ट्रक्च प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए सिविल एजेंसियों के पास कोई पैसा नहीं है। दिल्ली में भौतिक बुनियादी ढांचा 75 साल पहले बना था। जो नाकाफी है, बल्कि इसका रखरखाव भी ठीक से नहीं किया गया है। हाल ही में हुए हादसों से पता चलता है कि अदालत के आदेशों का पालन नहीं किया जाता है। उनकी उपेक्षा की जाती है। दिल्ली में कई अधिकारी केवल जिम्मेदारी दूसरे पर डाल रहे हैं। एमसीडी कमिश्नर 5 करोड़ रुपए से ज्यादा का कोई भी ठेका नहीं दे सकता, क्योंकि कोई स्थायी समिति नहीं है।

### एमसीडी की वित्तीय सेहत ठीक नहीं

2 3 करोड़ से ज्यादा की आबादी वाली दिल्ली को ज्यादा मजबूत वित्तीय और प्रशासनिक ढांचे की जरूरत है। सब्सिडी योजनाओं के कारण दिल्ली में पलायन और आबादी बढ़ रही है। एमसीडी की वित्तीय सेहत ठीक नहीं है। जीएनसीटीडी के लिए भी किसी नए प्रोजेक्ट को मंजूरी दिलाना आसान नहीं है, क्योंकि महीनों से कैबिनेट की कोई बैठक नहीं हुई है। कोई हैरानी की बात नहीं है कि दिल्ली एक संकट से दूसरे संकट की तरफ जा रही है। एक दिन सूखा पड़ता है तो दूसरे दिन बाढ़ आ जाती है। समय आ गया है कि दिल्ली के प्रशासनिक, वित्तीय और भौतिक ढांचे पर पुनर्विचार किया जाए।

### नालियां जाम न हों, उनकी क्षमता बढ़ाई जाए

3 एमसीडी कमिश्नर सुनिश्चित करें कि नालियां जाम न हों। उनकी क्षमता बढ़ाई जाए। अतिक्रमण के साथ-साथ बारिश के पानी को निकालने वाली नालियों पर बने घरों, दुकानों और अवैध निर्माण को तुरंत हटाया जाए। दिल्ली शहर में एक बुनियादी समस्या यह है कि भौतिक, वित्तीय और प्रशासनिक बुनियादी ढांचे सभी पुराने हो चुके हैं और मौजूदा जरूरतों के मुताबिक नहीं हैं।

### 2 अगस्त को दिल्ली हाईकोर्ट ने कोचिंग हादसे की जांच सीबीआई को सौंपी

सुप्रीम कोर्ट से पहले दिल्ली कोचिंग हादसे पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई थी। कोर्ट ने 2 अगस्त को मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी। जांच की निगरानी सेंट्रल विजिलेंस कमेटी के अधिकारी करेंगे। कोर्ट ने कहा, लोगों को जांच पर शक न हो, साथ ही सरकारी कर्मचारियों के भ्रष्टाचार में शामिल होने से जांच प्रभावित न हो, इसलिए यह फैसला लिया गया है। हाईकोर्ट ने दिल्ली पुलिस से पूछा कि आप सड़क पर जा रहे किसी व्यक्ति को कैसे अरेस्ट कर सकते हैं? आपको माफी मांगनी चाहिए। पुलिस का सम्मान तब होता है, जब आप अपराधी को गिरफ्तार करें, निर्दोष को नहीं। अगर आप किसी निर्दोष (मनुज कथूरिया) को गिरफ्तार करते हैं और दोषी को छोड़ देते हैं तो यह दुख की बात है। अच्छा हुआ, आपने पानी का चालान नहीं काटा। कोर्ट की फटकार के बाद दिल्ली पुलिस ने माफी मांगी। दिल्ली के राउ आईएएस कोचिंग के बेसमेंट में स्थित लाइब्रेरी में पानी भरने से 27 जुलाई को तीन स्टूडेंट्स की मौत हो गई थी।

# त्वरित व संतुष्टिपरक हो लोगों की समस्याओं का समाधान: सीएम

**जनता दर्शन में सीएम योगी ने लगातार दूसरे दिन सुनीं 400 लोगों की समस्याएं**

- जनता की हर समस्या का निराकरण सरकार की प्राथमिकता: सीएम योगी

**जन एक्सप्रेस। गोरखपुर**



गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लगातार दूसरे दिन सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में आए लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उनके त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक समाधान के निर्देश अधिकारियों को दिए। मुख्यमंत्री ने अफसरों से कहा कि जन समस्याओं का समाधान शीघ्रता से किया जाए, इसमें किसी भी तरह की शिथिलता या लापरवाही नहीं होनी चाहिए। जनता की हर समस्या का निराकरण सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है। जनता दर्शन में गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार में बैठाए गए लोगों तक सीएम योगी खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने करीब 400 लोगों से मुलाकात की। उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि किसी के साथ नाइंसाफी नहीं होने दी जाएगी। जिन्हें सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ किन्हीं कारणों से नहीं मिल पाया है उन्हें इसके दायरे में लाया जाएगा। जनता दर्शन में मुस्लिम समाज की भी कई महिलाएं भी पहुंची थीं। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित निस्तारण का निर्देश देने के साथ मुख्यमंत्री ने लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने अधिकारियों को यह भी हिदायत दी कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ सख्त विधिक कार्रवाई की जाए। हर बार की तरह इस बार भी मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए।

### 'कोई भी गरीबों की जमीन, संपत्ति पर कब्जा न करने पाए'

राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को उन्होंने पूरी पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी मदद की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी यह ध्यान दें कि कोई भी गरीबों की जमीन, संपत्ति पर कब्जा न करने पाए। किसी ने ऐसा दुस्साहस किया तो उसके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि जिन भी जरूरतमंदों को अभी पक्का मकान नहीं मिल पाया है, उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना या मुख्यमंत्री आवास योजना के दायरे में लाकर पक्के आवास की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। जनता दर्शन के दौरान कुछ महिलाओं संग पहुंचे उनके बच्चों को मुख्यमंत्री ने प्यार-दुलार और आशीर्वाद देते हुए चॉकलेट दिया। जनता दर्शन के अलावा मंदिर परिसर का भ्रमण करने के दौरान भी सीएम योगी ने परिजनों के साथ आए कई बच्चों से मुलाकात कर उन्हें स्नेहिल आशीष दिया। उन्होंने बच्चों के साथ खूब हंसी ठिठोली भी की और उन्हें चॉकलेट गिफ्ट किया। एक मासूम बच्चे को उन्होंने अपने हाथों से चॉकलेट खिलाया।

### रुद्राभिषेक कर सीएम योगी ने की लोक मंगल की कामना



**गोरखपुर।** पावन सावन माह के तीसरे सोमवार को गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अंधियारी बाग स्थित प्राचीन मानसरोवर मंदिर में रुद्राभिषेक कर भगवान भोलेनाथ से प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। प्राचीन मानसरोवर मंदिर में सीएम योगी ने देवाधिदेव महादेव को विल्व पत्र, कमल पुष्प, दुर्वा, अनेकानेक पूजन सामग्री अर्पित करने कर बाद गो दुग्ध और फलों के रस से रुद्राभिषेक किया। गोरखनाथ मंदिर के विद्वत पुरोहितगण ने शुक्ल यजुर्वेद संहिता के रुद्राष्टाध्यायी के महामंत्रों द्वारा रुद्राभिषेक कराया। रुद्राभिषेक के बाद मुख्यमंत्री वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन व आरती कर अनुष्ठान को पूर्ण किया। उन्होंने देवाधिदेव महादेव से प्रदेशवासियों के आरोग्यमय, सुखमय, समृद्धमय व शांतिमय जीवन की मंगलकामना की।

## गोमती नगर छेड़छाड़ प्रकरण: मुख्य आरोपी कानपुर से गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**



गोमती नगर छेड़छाड़ मामले में मुख्य आरोपी गिरफ्तार हो गया है। कानपुर के इंदिरा नगर में नाबालिग आरोपी अब्दुल(बदला हुआ नाम) को पुलिस ने गिरफ्तार किया। अब तक इस मामले में 25 गिरफ्तारी हो चुकी है। मालूम हो कि 31 जुलाई को गोमती नगर में जलभराव के दौरान एक युवती से छेड़छाड़ की गई थी। इस मामले में तब से गिरफ्तारियों का सिलसिला जारी है। इस मामले में लापरवाही को लेकर कई पुलिसकर्मी भी निलंबित हुए थे। मरीन ड्राइव पुल के पास हुए हुड़दंग में शासन के सख्त होने पर पुलिस ने उपद्रवियों को चिह्नित करने का काम शुरू किया था। डीसीपी ने बताया कि पुलिस की कई टीमों ने 250 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गईं। कई सोशल मीडिया अकाउंट देखे गए। इनकी मदद से हुड़दंग में शामिल आरोपियों की पहचान की गई। अब तक 25 युवकों को गिरफ्तार किया जा चुका है और कुछ हिरासत में हैं। सोमवार को मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी हो सकी है।

### पुलिस पर भी हुई थी कार्रवाई

गोमतीनगर में बुधवार को मरीन ड्राइव पुल के पास युवती से छेड़छाड़ कर अश्लीलता करने के मामले में मुख्यमंत्री की सख्ती पर बीते बृहस्पतिवार को डीसीपी पूर्वी, एडीसीपी पूर्वी, एसीपी गोमतीनगर को हटा दिया गया था। वहीं, गोमतीनगर इंस्पेक्टर समेत अंबेडकर पार्क चौकी के सभी पुलिसकर्मी (दो दरोगा व दो सिपाही) निलंबित कर दिए गए थे। सभी के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश भी दे दिए गए हैं।

## स्कूल में दिन का बना छोला रात में पूड़ी संग खिला दिया, 80 बच्चों की तबीयत खराब, मचा हड़कंप

**जन एक्सप्रेस। देवरिया**



देवरिया बरियारपुर क्षेत्र के मेहरौना में संचालित पंडित दीन दयाल उपाध्याय आश्रम पद्धति इंटर कॉलेज के करीब 80 छात्रों की तबीयत सोमवार की सुबह खराब हो गई। कुछ बच्चे पेट दर्द, कुछ उल्टी और कुछ चक्कर आने की शिकायत कर रहे थे। एक साथ इतने बच्चों की तबीयत खराब होने से स्कूल में हड़कंप मच गया। सूचना पर क्षेत्रीय विधायक, सीओ, सीएमओ खुद मेडिकल टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। लगभग दो दर्जन बच्चों की हालत गंभीर देख उन्हें एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज भेजवाया गया। वहीं, अन्य को स्कूल में ही दवा दी जा रही थी, जहां उनका इलाज चल रहा है। उन्हें भी एबुंलेंस मेडिकल कॉलेज की तैयारी की जा रही थी। राजकीय आश्रम पद्धति इंटर कॉलेज मेहरौना में कुल 326 छात्र नामांकित हैं। यहां कक्षा 6 से 12 तक की पढ़ाई होती है। रविवार की रात से खाना खाने के बाद कुछ बच्चों को उल्टी, दस्त, पेट दर्द, चक्कर व कंपकंपी की शिकायत मिली। इसके बाद स्कूल प्रबंधन कुछ दवा देते हुए उन्हें आराम करने की सलाह दी और सुबह दिखाने की बात कह सुला दिया। इधर, सोमवार की सुबह लगभग पांच दर्जन से अधिक बच्चें फूड प्वाइजनिंग का शिकार हो गए। इससे अफरा-तफर का माहौल कायम हो गया। देखते ही देखते दोपहर तक इनकी संख्या 80 के करीब पहुंच गई। बच्चों की तबीयत खराब होने से स्कूल में हड़कंप मच गया। प्रधानाचार्य सूर्यकांत राय ने इसकी जानकारी जिला समाज कल्याण अधिकारी जैसवार लाल बहादुर को दी। समाज कल्याण अधिकारी ने मामले से सीएमओ को अवगत कराया। जानकारी मिलते ही सीएमओ मेडिकल टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

### दिन का बना छोला रात में खाने से बिगड़ी तबीयत

फूड प्वाइजिनिंग का शिकार बच्चों से जब खानपान के बारें में जानकारी ली गई तो बच्चों ने कहा कि रात में पूड़ी व छोला खाए थे। दिन में बने छोला को रात में पूड़ी के संग खिलाया गया है। बच्चों ने कहा कि छोला खाने के बाद से तबीयत बिगड़ने लगी। एक-एक कर बच्चे रात से बीमार पड़ने लगे। सुबह होते होते इनकी संख्या में इजाफा हो गया। इधर, फूड प्वाइजिनिंग का मामला आने के बाद विद्यालय प्रशासन में खलबली मची हुई है। अफरा-तफरी का माहौल कायम है।


कानपुर एक्सप्रेस



कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 05 और 11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें


## धरती को ताप से बचाना है, सबको मिलकर पेड़ लगाना है: साध्वी सरिता गिरि

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**





सरिता धाम ट्रस्ट के तत्वावधान में जनपद सोनभद्र के गावों में पांच लाख वृक्षारोपण करने का संकल्प लिया गया है। उक्त जानकारी देते हुए ट्रस्ट की प्रमुख साध्वी सरिता गिरि ने बताया कि अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांति कुंज हरिद्वार की प्रेरणा से सोनभद्र के गावों में पांच लाख पौधों का रोपण किये जाने संकल्प लिया गया है। उक्त कार्यक्रम दिनांक 12 अगस्त को शोभनाथ मंदिर के पास बढ़ौली सोनभद्र स्थित गायत्री प्रज्ञापीठ में सुबह 9 बजे से गायत्री महायज्ञ होगा। तत्पश्चात दोपहर 12 बजे से भंडारा एवं पौधों का वितरण किया जाएगा। साध्वी सरिता गिरि ने अधिकाधिक वृक्षारोपण को बढ़ावा देने हेतु धरती को ताप से बचाना है,सबको मिलकर पेड़ लगाना है का नारा दिया है।

### स्वच्छ व सुंदर पर्यावरण में महत्वपूर्ण है पेड़ों की भूमिका

साध्वी सरिता गिरि ने पर्यावरण में वृक्षों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पर्यावरण में वृक्षों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। वृक्ष न केवल हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, जो हमारे जीवन के लिए आवश्यक है, बल्कि वे हमारे पर्यावरण को स्वच्छ रखने में भी मदद करते हैं। वृक्ष वायु प्रदूषण को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, क्योंकि वे वायु में मौजूद हानिकारक गैसों को अवशोषित करते हैं और हमें स्वच्छ वायु प्रदान करते हैं। साध्वी सरिता गिरि ने कहा कि इसके अलावा पेड़ मिट्टी के क्षरण को रोकने में भी मदद करते हैं, जिससे भूमि की उर्वरता बनी रहती है। वे जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, क्योंकि वे ग्रीनहाउस गैसों को अवशोषित करते हैं और वायु को स्वच्छ बनाते हैं।

### पांच लाख पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा गया

साध्वी सरिता गिरि ने कहा कि पेड़ हमारे जीवन में कई अन्य महत्वपूर्ण भूमिकाएँ भी निभाते हैं, जैसे कि वे हमें छाया प्रदान करते हैं, जिससे हमें गर्मी से बचाया जा सकता है। वे हमारे पर्यावरण को सुंदर बनाते हैं और हमारे मनोबल को बढ़ाते हैं। अत: संस्थान की ओर से पेड़ों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ ही पांच लाख पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि हमारा पर्यावरण स्वच्छ और स्वस्थ बना रहे।

### कार्यक्रम में इनकी रहेगी भागीदारी

साध्वी सरिता गिरि ने बताया कि इस कार्यक्रम में जिला समन्वयक राजकुमार तरुण, अरविन्द सिंह, प्रकाश केशरी, प्रदीप कुमार गुप्ता, गोविंद तरंग, दीपक केशरी, अरुण शास्त्री, भोला दूबे, आशीष पाठक, आनन्द गुप्ता, सरिता, सरोज, गीता, गीता गुप्ता, पुष्पा, वर्षा, नीता, प्रज्ञा, मन्जू, विभा, सूमन, शशीकला, ज्ञानेश्वरी, दिलीप, रेखा, श्याम मालवीय, दीपक केसरबानी, विवेक पांडे, प्रभु सोनी, मनोज, प्रीति, डॉ सुशील पांडे, एडवोकेट सुधाकर मिश्रा, एड संजीव पांडे आदि की भागीदारी रहेगी।

## 100 करोड़ की जमीन गंवाकर होश में आया आवास विकास, अब ढहाए जाएंगे अवैध निर्माण

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

शहीद पथ के किनारे अहिमामऊ में जिस जमीन को अपना बताते हुए खाली कराने के लिए शनिवार को उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद की टीम बुलडोजर लेकर पहुंची थी उसके 10 बीघे हिस्से को प्रॉपर्टी डीलर बेच चुका है। अनुमान के मुताबिक प्रॉपर्टी डीलर की बेची जमीन की कीमत करीब 100 करोड़ रुपये है। तीन साल से यहां प्लॉटिंग चलती रही, मकान खड़े होते रहे और जिनपर अवैध कब्जा रोकने की जिम्मेदारी थे वे अवर अभियंता, सहायक अभियंता और अधिशासी अभियंता सोते रहे। 2004 में उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद ने अहिमामऊ में जमीन के अधिग्रहण का गजट जारी किया था।

# व्यापारियों का उत्पीड़न नही होगा बर्दाश्त: दीपक दुबे

* पुलिस प्रशासन की कार्य शैली व्यापारियों के हित में नही

जन एक्सप्रेस | अयोध्या धाम



शहर के एक प्रतिष्ठित व्यापारी के उत्पीड़न को लेकर रविवार को शहर के एक होटल में राष्ट्रीय व्यापारी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक दुबे मीडिया से मुखातिब हुए। प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री दुबे ने बताया कि राष्ट्रीय व्यापारी सेना के संरक्षक व जिले के प्रतिष्ठित होटल और दवा व्यवसाई नवमी लाल गुप्ता के द्वारा कुछ वर्ष पूर्व नयाघाट स्थित पंजाब नेशनल बैंक के समीप सभी विधिक औपचारिकताओं को पूर्ण करके वास्तविक स्वामी से जरिए बैनामा आठ कमरों का भवन खरीदा गया है।इसे हथियाने और इस पर कब्जा करने की नीयत से अखिल भारत जय गुरु संप्रदाय कलकत्ता के कथित पदाधिकारी प्रियनाथ चट्टोपाध्याय, उनकी पत्नी इंद्राणी चट्टोपाध्याय तथा उनके कुछ सहयोगियों द्वारा सुनियोजित तरीके से शोषण व उत्पीड़न का प्रयास किया जा रहा है। इस प्रयास की शुरुआत श्री गुप्ता, उनकी पत्नी तथा कुछ अन्य लोगों को नामजद करते हुए एक फर्जी मुकदमा दर्ज कराने के साथ हुई जिसमें तत्कालीन एसपी सिटी विजयपाल सिंह तथा स्थानीय पुलिस द्वारा अंतिम रिपोर्ट लगाने के बावजूद विपक्षियों और एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी की सांठगांठ से इसकी तीसरी बार जांच कराई गई जिसमें फिर से अंतिम रिपोर्ट लग गई। जिसमें एक मुकदमे में उनके पुत्र की नामजदगी गलत पाई गई तथा दूसरे मुकदमे में बगैर साक्ष्य के अभियुक्तों के दबाव व प्रभाव में आरोप पत्र लगा दिया गया जिसके विरुद्ध अपील की गई है। व्यापारी नेता श्री गुप्ता द्वारा जिले के सभी पुलिस अधिकारियों से इसकी शिकायत की गई लेकिन कहीं सुनवाई नहीं हुई। मजबूरन तत्कालीन एडीजी जोन लखनऊ के निर्देश पर श्री गुप्ता तथा उनके गार्ड की तरफ से विपक्षी प्रियनाथ चट्टोपाध्याय, इंद्राणी चट्टोपाध्याय तथा उनके सहयोगियों के विरुद्ध गंभीर धाराओं के दो मुकदमे दर्ज किए गए जिसमें श्री गुप्ता के गार्ड द्वारा विधिवत जांच के बाद दर्ज कराए गए मुकदमे में तत्कालीन सीओ शैलेंद्र प्रताप गौतम द्वारा काल डिटेल रिकॉर्ड को दरकिनार कर होटल की एक पर्ची के आधार पर अंतिम रिपोर्ट लगा दी गई। इसकी शिकायत फिर से एडीजी जोन लखनऊ से की गई है और जांच वर्तमान सीओ अयोध्या को मिली है। इसी क्रम में श्री गुप्ता द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमे में साक्ष्यों के आधार पर आरोप पत्र लगाने की तैयारी है और जनपद न्यायाधीश महोदय द्वारा दोनों आरोपियों की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी गई है। इतना ही नहीं, कुछ दिनों पहले प्रियनाथ चट्टोपाध्याय के सहयोगी आकाश जायसवाल, अखिल भारत जय गुरु संप्रदाय से निष्कासित विरागानंद और उनके स्थानीय सहयोगियों द्वारा सुनियोजित तरीके से श्री गुप्ता को धमकाने तथा उसके भवन में जबरन घुसकर बैग उठा ले जाने का आपराधिक कृत्य किया गया। इसकी शिकायत स्थानीय थाना पुलिस से की गई किन्तु कोई कार्रवाई न होने पर जिला एवं सत्र न्यायालय की शरण ली गई है। माननीय न्यायालय तथा शासन का निर्देश होने के बावजूद श्री गुप्ता के साथ घटित किसी भी घटना का मुकदमा बगैर जांच के नहीं दर्ज किया गया और जो मुकदमा दर्ज भी किया गया उसमें विपक्षियों को राहत देने का भरपूर प्रयास किया गया। इसके विपरीत उन्हीं निर्देशों को दरकिनार कर विपक्षियों की ओर से श्री गुप्ता के विरुद्ध दर्ज किए गए किसी भी मुकदमे की प्रारंभिक जांच नहीं की गई जो न केवल स्थानीय पुलिस अधिकारियों की कार्यशैली का दोहरा मापदंड है बल्कि विपक्षियों से सांठगांठ का संकेत भी है।

# जन अधिकार पार्टी हमेशा करेगी अपने कार्यकर्ताओं का मान-सम्मान: विकास मौर्य

जन एक्सप्रेस | दर्शननगर, अयोध्या




जन अधिकार पार्टी जिला इकाई अयोध्या की समीक्षा बैठक विनायक गेस्ट हाउस आशापुर दर्शन नगर में मुख्य अतिथि प्रह्लाद मौर्य जी के समीक्षा बैठक में आने पर जिला कमेटी के कार्यकर्ता गर्म जोशी से माला पहना करके उनका स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम के उपरांत आदरणीय मुख्य अतिथि ने जन अधिकार पार्टी की नीतियों पर प्रकाश डालते हुए बूथ कमेटी से लेकर जिला कमेटी के गठन पर चर्चा किया साथ में सदस्यता अभियान को और अधिक बढ़ने को कहा साथ ही सभी कार्यकर्ता के मान सम्मान की हमेशा रक्षा की जायेगी। जन अधिकार पार्टी के जिला अध्यक्ष विकास मौर्य ने मुख्य अतिथि की सहमति लेकर कुछ महत्वपूर्ण पदों पर पदाधिकारी मनोनीत किया, जिसमें तिलकराम प्रजापति जिला महासचिव, अश्वनी मौर्य जिला अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, एडवोकेट दीनानाथ मौर्य जिला महासचिव, संदीप कुमार मौर्य विधानसभा अध्यक्ष गोसाईगंज, रितेश कुमार प्रजापति जिला प्रभारी युवा प्रकोष्ठ, आदि लोगों को मनोनीत करते हुए मुख्य अतिथि के द्वारा माला पहनना कर स्वागत किया। जिसमें जिला अध्यक्ष विकास मौर्य ने कहा कि साथियों आज माननीय बाबू सिंह कुशवाहा के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों से हमारे तमाम कार्यकर्ता जन अधिकार पार्टी के बैनर तले कार्य किया जिसका परिणाम आज माननीय कुशवाहा जी भारत की सबसे बड़ी पंचायत के सदस्य के रूप में चुने गए हम लोग माननीया शिवकन्या कुशवाहा का आभार व्यक्त करते हैं कि उनके नेतृत्व में जन अधिकार पार्टी के कार्यकर्ता तन मन धन से लगकर माननीय बाबू सिंह कुशवाहा को भारत की पार्लियामेंट में भेजने का काम किया उनके साथ अन्य तमाम सहयोगी रहे उनको भी बहुत-बहुत धन्यवाद इसी कड़ी को आगे बढ़ते हुए आज हमारे जनपद के तमाम कार्यकर्ता उपस्थित होकर यह निश्चय किया है कि अयोध्या की पांचो विधानसभा में जन अधिकार पार्टी बूथ स्तर तक कार्यकारिणी का गठन करेगी आने वाले उपचुनाव में मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को भारी बहुमत से जीताने का काम करेगी साथ ही जिला कमेटी का गठन करते हुए सदस्यता अभियान को पूर्ण करने की प्रतिबद्धता दोहराते हुए पूरा आश्वासन दिया। इसी कड़ी में जिला प्रवक्ता राम जीत मौर्य ने भी बूथ गठन पर अपने विचार रखें जिला संरक्षक जेपी मौर्य जी ने बहुत- बारीकी से सारी बातों को समझाते हुए एकजुट रहकर कार्य करने की सलाह दी।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हर घर तिरंगा अभियान की सफलता के लिए बैठक सम्पन्न

जन एक्सप्रेस | रायबरेली



स्वतंत्रता दिवस 2024 के अवसर पर **'हर घर तिरंगा'** अभियान को सफल बनाने के लिये जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में समस्त सदस्य एवं विकास खंड स्तर पर नामित नोडल अधिकारियों के साथ बैठक बचत भवन स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में हुई।

जिलाधिकारी ने बैठक में सभी उपस्थित अधिकारियों को हर घर तिरंगा कार्यक्रम के सफल एवं गौरवपूर्ण ढंग से आयोजन के लिए निर्धारित किए गए दायित्वों का पूरी तन्मयता के साथ निर्वहन किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्र प्रेम की भावना को जागृत करते हुए स्वतंत्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान का भाव उजागर करना है। उन्होंने हर घर तिरंगा अभियान को प्रत्येक सरकारी अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षकगण, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्वयं सहायता समूहों, विभिन्न नागरिक संगठनों आदि के सहयोग से क्रियान्वित किए जाने के लिए कहा।

जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत, नगर पंचायत एवं क्षेत्र पंचायत स्तर पर भी सम्बंधित विभागों द्वारा जागरूकता सत्र का आयोजन करते हुए ग्राम प्रधानों व अन्य सम्बंधित को शत-प्रतिशत घरों, दुकानों, कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों तथा नलकूपों इत्यादि पर जाकर झंडा फहराने के लिए प्रेरित करने के लिए कहा है। उन्होंने जनपद को दिए गए लक्ष्य एवं आवश्यकता के दृष्टिगत पर्याप्त संख्या में झण्डों का निर्माण सुनिश्चित किए जाने के लिए निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को सभी माध्यमिक एवं प्राथमिक स्कूलों में पैरेंट्स टीचर मीटिंग के माध्यम से लोगों को जानकारी दिए जाने के लिए कहा।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, अपर जिलाधिकारी प्रफुल्ल त्रिपाठी, जिला पंचायती राज अधिकारी सौम्य शील सिंह सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# डीएम ने जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस | अमेठी



जिलाधिकारी निशा अनंत ने सोमवार को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यालय परिसर में गंदगी देख कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए कार्यालय परिसर में पर्याप्त साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही अभिलेखों के सुव्यवस्थित ढंग से रखरखाव का निर्देश दिया। उन्होंने कार्यालय में उपस्थित पटेल सहायकों से उनके कार्यों के संबंध में जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय की बिल्डिंग में ऊपर खाली पड़े कमरों में जिला पूर्ति अधिकारी कार्यालय तथा परियोजना अधिकारी डूडा के कार्यालय को शिफ्ट करने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने विकास खंड अमेठी अंतर्गत कंपोजिट विद्यालय ककवा का आकस्मिक निरीक्षण कर विद्यालय में पढ़ाई व्यवस्था सहित अन्य कार्यों का जायजा लिया। एवं संबंधित शिक्षक गणों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित छात्र-छात्राओं से पढ़ाई के संबंध में जानकारी ली तथा उपस्थित शिक्षकों से बच्चों को बेहतर ढंग से पढ़ाने को कहा।

# नये महंत को चादर, कंठी देकर सर्वसम्मति से सौंपी गई मंदिर की जिम्मेदारी

जन एक्सप्रेस | अयोध्या धाम



मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की जन्मस्थली अयोध्या में तुलसी नगर वार्ड के अंतर्गत रामानंद मोहल्ले में सिद्ध पीठ सिया रमण कुंज मे महंती समारोह में अयोध्या धाम के प्रमुख संत महंत ने जय नारायण दास चेला स्वर्गीय अयोध्या दास को चद्दर कंठी देकर सर्वसम्मति से मंदिर की जिम्मेदारी सौपी। नवनियुक्त महंत जय नारायण दास ने उपस्थित संत महंतो का स्वागत सत्कार किया तत्पश्चात उपस्थित भक्तों ने प्रसार ग्रहण कर कृतार्थ हुए। सिद्ध पीठ सिया रमण कुंज के नवनियुक्त महंत ने पत्रकारों को बताया स्वर्गीय गुरुजी अयोध्या दास के दिखाए मार्ग पर चलकर सनातन धर्म की रक्षा गौ सेवा संत सेवा बंदर सेवा इतिहास में कोई कमी नहीं आने पाएंगे।

उक्त कार्यक्रम में महंत अर्जुन दास महंत रामकुमार दास, नागा राम लखन दास, वरिष्ठ पत्रकार सर्वेश कुमार मौर्य, संतदास सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## रोजगार मेला 08 अगस्त को

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** जिला सेवायोजन कार्यालय रायबरेली के तत्वाधान में 08 अगस्त 2024 को रोजगार मेले का आयोजन पं0 रामेश्वर बाजपेई स्मारक महाविद्यालय, मुंशीगंज रायबरेली में किया जाना प्रस्तावित है जिसमें निजी क्षेत्र की कंपनियों द्वारा रोजगार मेले में प्रतिभाग हेतु आयु 18 से 35 वर्ष के अभ्यर्थी हाई स्कूल, इंटर, स्नातक व आई.टी.आई योग्यता के साथ प्रतिभाग कर सकते हैं।

## नोटिस नमूना

**न्यायालय श्रीमान अपर न्यायाधीश महोदय प्रथम परिवारिक न्यायालय रायबरेली**

मूलवाद संख्या-440/2022
तारीख पेशी-12/08/2024

अनुराग द्विवेदी उम्र लगभग 30 वर्ष पुत्र ओम प्रकाश द्विवेदी निवासी मोहल्ला निराला नगर, परगना व तहसील सदर, जिला रायबरेली

**........प्रार्थी/याची**

**बनाम**

श्रीमती मीनाक्षी उम्र लगभग 29 वर्ष पुत्री गोबिन्द किशोर पत्नी अनुराग द्विवेदी निवासी म0नं0-1/526, ऋषि नगर, शुक्लागंज, पोस्ट-शुक्लागंज जिला उन्नाव।

**........प्रतिवादी**

चूंकि उपरोक्त बाद मे अनुराग द्विवेदी ने इस न्यायालय मे अ0धा0 13 हिन्दू विवाह अधिनियम के अन्तर गत आप के खिलाफवाद दायर किया है जिसमे आप को सम्मन किया जाता है कि आप दिनांक **12/08/2024** सुबह 10 बजे कोर्ट मे आप स्वयं या अपने अधिवक्ता द्वारा जो आपके द्वारा दिये जबाब दे सकने मे सक्षम हो कोर्ट मे उपस्थित हो।

अतः आप को एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि अदि आप नियत पेशी पर उपस्थित होने मे असफल होते हैं तो उक्त आवेदन की सुनवाई एकपक्षीय कर के वाद निस्तारित कर दिया जायेगा।

जारी करने करने तिथिः-
01/08/2024

**न्यायालय श्रीमान अपर न्यायाधीश महोदय प्रथम पारिवारिक न्यायालय जिला-रायबरेली**

# राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय मोहम्मदाबाद का जिलाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस | रायबरेली



जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल के साथ राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय मोहम्दाबाद,सलोन का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय की साफ सफाई और मिल रही सुविधाओं को देखा। उन्होंने समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी को निर्देश दिए की विद्यालय में पठन-पाठन नियमित रूप से चलता रहे। विद्यार्थियों को पुस्तके निश्शुल्क और समय से उपलब्ध कराई जाए। उन्हें निर्धारित मेनू के अनुसार ही गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जाए। मेस की साफ सफाई का ध्यान रखा जाए। साथ ही छात्रों की मेडिकल सुविधाओं का भी ख्याल रखा जाए। मेडिकल सुविधाएं हर समय उपलब्ध रहे यह सुनिश्चित कराया जाए। कक्षाओं के निरीक्षण के दौरान उन्होंने उनकी साफ सफाई पर ध्यान रखने के निर्देश दिए और कहा कि फर्नीचर और कुर्सियों की संख्या पर्याप्त रखी जाए।

# वृक्ष हमारे जीवन के लिए अनमोल रत्न: बसंत राम

जन एक्सप्रेस | अयोध्या धाम



मां शांति सेवा फाउंडेशन बेनीगंज के संस्थापक बसन्त राम ने संस्था सदस्यों के जन्मदिन पर औषधि एवं फलदार वृक्ष सप्रेम भेंटकर पौधारोपण कराया संस्थापक बसन्त राम ने बताया कि वृक्ष जीवन के लिए अनमोल रत्न है संस्था के वरिष्ठ सदस्य पत्रकार सुबोध श्रीवास्तव, श्रीमती रेनू जायसवाल, संस्था कार्यकारी अध्यक्ष श्रीमती प्रज्ञा श्रीवास्तव ने माता के जन्मदिन पर एवं एस बी सागर प्रजापति, डॉ विनय प्रकाश मौर्य तथा संस्थापक बसंत राम ने अपनी माता जी की याद में, अमरूद, जामुन, आवला,बेल सहित अनेक वृक्ष का पौधरोपण कराया इन वृक्षों से जनमानस को छाया ऑक्सीजन शुद्ध हवा के साथ-साथ बेजुबान जानवर, पक्षियों को भोजन प्राप्त होगा हर व्यक्ति को अपने जीवन में फलदार औषधि वृक्ष लगाना चाहिए जिस प्रकार मां जीवन देती है उसी प्रकार वृक्ष भी जीवन प्रदान करता है, सभी सदस्यों ने अपनी माता को याद करते हुए पौधारोपण किया संस्थापक ने पौधरोपण करते हुए सभी को जन्मदिन की बधाई दिया और मुंह मीठा कराया कार्यक्रम में एकता रस्तोगी, विकास श्रीवास्तव, रोली श्रीवास्तव, अमरेश सिंहा, डॉ कुलदीप, डॉ अमरीश श्रीवास्तव, आमिर खान, सुखदेव यादव, रामकरण सिंह सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

# पेंशन पुरुष विजय बंधु सात अगस्त को सलोन में करेंगे संगोष्ठी



जन एक्सप्रेस | रायबरेली

कर्मचारियों की पेंशन के लिए लड़ने वाले पेंशन पुरुष के नाम से मशहूर अटेवा के राष्ट्रीय विजय बंधु की संगोष्ठी सात अगस्त को सलोन में आयोजित होगी। संगोष्ठी का आयोजन सलोन कस्बा में ऊंचाहार मार्ग पर स्थित नारायण पैलेस में आयोजित किया जाएगा। संगोष्ठी को सफल बनाने के लिए संगठन की तरफ से देदौर स्थित देदौर इंटर कॉलेज में बैठक का आयोजन किया गया।

ऑल टीचर्स एंड एम्प्लाइज वेल्फेयर एसोसिएशन (अटेवा) के जिला संयोजक इरफान अहमद ने बताया कि अटेवा प्रदेश अध्यक्ष और नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम (एनएमओपीएस) के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय बन्धु बुधवार यानि सात अगस्त को सलोन तहसील में दोपहर बाद 2¬30 बजे से आयोजित होने वाली संगोष्ठी में प्रतिभाग करने के लिए आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि 28 मार्च 2005 से पूर्व में आए सभी विज्ञापन कर्मचारियों को पेंशन मिलने के बाद पहली बार जिले में विजय बंधु की संगोष्ठी का आयोजन होने जा रहा है। जिला कोषाध्यक्ष अंजनी मौर्या और जिला महामंत्री राजकुमार गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष और अटेवा का ही संघर्ष रहा है कि जिले के हजारों कर्मचारी पुरानी पेंशन स्कीम का लाभ पाने जा रहे हैं। सतांव ब्लॉक संयोजक अविनाश यादव ने कहा कि अटेवा का संघर्ष कर्मचारियों को पुरानी पेंशन के लिए ही और इसको पाकर ही रहेगा। इस संगोष्ठी में जिले के साथ ही साथ पड़ोसी जनपद प्रतापगढ़ और अमेठी के भी राज्य कर्मचारी और शिक्षक प्रतिभाग करेंगे।

संगोष्ठी के आयोजक सलोन ब्लॉक संयोजक योगेंद्र गुप्ता ने बताया कि पेंशन के साथ ही साथ वर्तमान में निजीकरण और आउटसोर्सिंग में की जा रही धांधली पर भी विजय बन्धु संघर्ष कर रहे हैं।

बुधवार को नारायण पैलेस में आयोजित होने वाली संगोष्ठी में इस बिन्दु पर भी बहुत ही जोर दिया जाएगा। देदौर इंटर कॉलेज के कार्यवाहक प्रधानाचार्य अनिल तिवारी ने कहा कि अटेवा का संघर्ष कर्मचारियों को पुरानी पेंशन का लाभ दिलाने के लिए शुरू हुआ था और यह आगे भी जारी रहेगा। जब तक हमारे सभी साथियों को पेंशन नहीं मिल जाएगी तब तक अटेवा संघर्ष करता रहेगा।

## मुख्यमंत्री का दो दिवसीय अयोध्या भ्रमण आज

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का दो दिवसीय (दिनांक 06 व 07 अगस्त 2024) को जनपद अयोध्या में भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ राजकीय हेलीकॉप्टर से दिनांक 06 अगस्त 2024 को हेलीपैड रामकथा पार्क अयोध्या में पहुंचेंगे, जिसके बाद हनुमानगढ़ी एवं श्रीरामलला का दर्शन पूजन करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सायं आयुक्त सभागार में जनपद अयोध्या के विकास कार्यों एवं कानून-व्यवस्था की समीक्षा बैठक करेंगे। तत्पश्चात सर्किट हाउस अयोध्या में पहुंचकर पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे और इसके बाद विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया जायेगा। दिनांक 07 अगस्त 2024 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरयू अतिथि गृह से ब्रह्मलीन परमहंस रामचन्द्र दास जी महाराज की समाधि स्थल पर पहुंचकर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। तत्पश्चात दिगम्बर अखाड़ा में ब्रहमलीन परमहंस रामचन्द्र जी महाराज की मूर्ति का अनावरण एवं भण्डारा कार्यक्रम में शामिल होंगे।

# सघन मत्स्य पालन हेतु एयरेशन सिस्टम की स्थापना नामक नवीन योजना का शुभारम्भ

जन एक्सप्रेस | रायबरेली

मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मत्स्य पालक विकास अभिकरण रायबरेली इरफानुल्लाह खान ने बताया है कि शासन के शासनादेश अनुसार एक नवीन योजना सघन मत्स्य पालन हेतु एयरेशन सिस्टम की स्थापना प्रारम्भ की गई है। उन्होंने उक्त योजनान्तर्गत लाभ पाने के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि योजना के अन्तर्गत मत्स्य बीज हैचरी संचालित करने वाले हैचरी स्वामी, निजी क्षेत्र एवं पट्टे पर आवंटित तालाब की महिला मत्स्य पालक जिनके तालाब की पट्टा अवधि कम से कम 5 वर्ष अवशेष हो एवं विद्युत कनेक्शन/जनरेटर की उपलब्धता हो, पात्र होंगे। परियोजनान्तर्गत 0.50 हे0 के तालाब में 2 हार्सपावर के एक काड पैडिल व्हील एरियेटर एवं 1.00 हे0 या उससे बड़े तालाब हेतु अधिकतम दो एरियेटर प्रति महिला मत्स्य पालक जिनके तालाब की वर्तमान मत्स्य उत्पादकता कम से कम 4-5 टन प्रति हे0 हो, की उत्पादकता में वृद्धि हेतु अनुदान दिया जायेगा।

योजना पूर्णतः महिला मत्स्य पालकों के लिए संचालित की गई है। उक्त योजना में विभागीय वेबसाइट http://fisheries.up.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन किया जाना होगा। ऑनलाइन आवेदन 05 अगस्त से 19 अगस्त 2024 तक किए जा सकेंगे। योजना में तालाबों के ऐसे सभी पट्टा धारक आवेदन कर सकते हैं जिनके पट्टे की अवधि में न्यूनतम 5 वर्ष अवशेष हों। योजना हेतु आवेदक को इकाई लागत रुपए 0.75 लाख प्रति यूनिट पर सामान्य, अन्य पिछड़ा वर्ग की महिलाओं हेतु 50 प्रतिशत अनुदान तथा अनुसूचित जाति की महिलाओं हेतु 60 प्रतिशत अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा।

# समाजवादी विचारधारा के प्रति उनके दृढ़ निष्ठा के कारण 'छोटे लोहिया' के नाम से प्रसिद्ध थे जनेश्वर जी

जन एक्सप्रेस | अयोध्या धाम



समाजवादी पार्टी महानगर कार्यालय पर स्व जनेश्वर मिश्र व स्व. गंगा सिंह यादव की जयंती मनाई गयी। पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन व महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। समाजवादी पार्टी महानगर कार्यालय पर स्व जनेश्वर मिश्र व पूर्व जिला अध्यक्ष गंगा सिंह यादव की जयंती मनाई गयी, पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन व महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की , इस मौके पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने कहा कि पण्डित जनेश्वर मिश्र समाजवादी पार्टी के एक राजनेता थे,समाजवादी विचारधारा के प्रति उनके दृढ निष्ठा के कारण वे **छोटे लोहिया** के नाम से प्रसिद्ध थे।

वे कई बार लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य रहे, महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने कहा कि जनेश्वर मिश्र का जन्म 4 अगस्त 1933 को बलिया के शुभनथहीं के गांव में हुआ था। उनके पिता रंजीत मिश्र किसान थे। बलिया में प्राथमिक शिक्षा पूरी करने के बाद 1953 में इलाहाबाद पहुंचे जो उनका कार्यक्षेत्र रहा। जनेश्वर को आजाद भारत के विकास की राह समाजवादी सपनों के साथ आगे बढ़ने में दिखी और समाजवादी आंदोलन में इतना आगे रहे कि उन्हें लोग **छोटे लोहिया** के तौर पर ही जानने लगे। महानगर महासचिव हामिद जाफर मीसम ने कहा पूर्व जिला अध्यक्ष गंगा सिंह यादव को पार्टी के प्रति समर्पित नेता थे उनके कार्यकाल में पार्टी ने विधानसभा व लोकसभा तथा जिला पंचायत के चुनाव में अच्छा प्रदर्शन किया था आज उनकी जयंती पर दिल से नमन करते है, महानगर प्रवक्ता राकेश यादव एडवोकेट ने बताया इस मौके पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन, महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव, महासचिव हामिद जाफर मीसम, प्रदेश सचिव राम अचल यादव, प्रदेश सचिव मो हलीम पप्पू, महानगर उपाध्यक्ष श्रीचंद यादव, संजय सिंह,रियाज अहमद टेनी, महानगर सचिव जगन्नाथ यादव, विरेन्द्र गौतम, शिव शंकर शिवा, शहबाज लकी, ऋतुराज सिंह, महिला महानगर अध्यक्ष अपर्णा जयसवाल,अभय दिवेदी, प्रदीप यादव, मिर्जा सनी, शावेज़ जाफरी एडवोकेट, आकिब खान,अनस खान, महमूद खान, अरुण यादव मो इफ्तेखार इत्यादि लोग मौजूद थे।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**
भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार,अगले पांच दिनों में हल्के बादल छाए रहने के कारण दिनाँक 04 से 07 अगस्त, 2024 के मध्य तेज हवाओं एवं गरज चमक के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम वर्षा होने के आसार हैं।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 32.6 (+0.2)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 26.0 (+3.6)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 80 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 79 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 7.8 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- दक्षिण-पूर्व
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

*- कृषि मौसम वैज्ञानिक*

# अवनीश दीक्षित के मुकदमों की संख्या आधा दर्जन कर गई पार

**जन एक्सप्रेस फॉलो अप**


पुलिस कमिश्नर का ऑपरेशन ब्लैकआउ
शहर में माफिया पत्रकार हुए ऑल आउ
दो पत्रकारों को उठाया और फिर छोड़ा
भाजपा नेत्री ने पुलिस कमिश्नर को कहा थैंक्स




**कानपुर नगर**

अवनीश दीक्षित और उनके साथियों की मुसीबतें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। कई ऐसी घटनाओं जिन्हें उनके और उनके साथियों के द्वारा पूर्व में अंजाम दिया गया था और पुलिस ने उनके प्रभाव में आकर उस समय कार्रवाई नहीं की थी अब उन्हीं पुरानी घटनाओं के पीड़ित सामने आ रहे हैं। बीते दिन सोमवार को थाना बर्रा और थाना कोतवाली में दो और मुकदमे दर्ज किए जाने का मामला सामने आया है। इसके साथ ही एक अन्य पत्रकार पर भी हनुमंत विहार थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। आपको बताते चलें कि बीती 28 जुलाई को कानपुर कानपुर कमिश्नरेट पुलिस ने थाना कोतवाली के सिविल लाइंस क्षेत्र में स्थित एक ईसाई मिशनरी के स्कूल की विवादित जमीन पर जबरन कब्जा करने और वहां पर लूटपाट लड़ाई झगड़ा करने के मामले में पत्रकार अवनीश दीक्षित समेत दर्जनों लोगों पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। दो अलग-अलग व्यक्तियों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया था। मुकदमा दर्ज करने के बाद ही पत्रकार अवनीश दीक्षित को पुलिस गिरफ्तार कर कोतवाली ले आई थी और ठीक भोर के समय ही उन्हें जिला जज के सामने पेश किया गया था जहां से उसके बाद उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में लेते हुए भेज दिया गया था।

जैसे ही समाचार पत्रों और चैनलों में यह खबर प्रसारित और प्रसारित हुई कि अवनीश दीक्षित को जेल जाना पड़ा है तो उसके बाद कई पीड़ित निकलकर सामने आए और उनके द्वारा शहर के अलग-अलग थानों में मुकदमे दर्ज कराए गए हैं।

### कोतवाली और बर्रा थाने में दर्ज किया गया मुकदमा

- थाना बर्रा में अवनीश दीक्षित समेत अन्य के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने वाले शिकायतकर्ता दीपू द्विवेदी ने बताया कि हरदेव नगर में देशी शराब का ठेका है। उनसे कुछ पत्रकार रंगदारी के रूप में पैसा लेते हैं जिसमें अवनीश दीक्षित जो अपने को प्रेस क्लब का अध्यक्ष बताते थे। पहली बार फोन करके गुलाबी बिल्डिंग के पास लगभग दो ढाई महीने पहले अवनीश दीक्षित और उनके साथियों के द्वारा बुलाकर ?25000 की रंगदारी और शराब की मांग की गई थी। मांग पूरी न करने पर खबरों को चलाकर बदनाम करने की धमकी भी दी गई थी। इस मामले में बर्रा थाने में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू की गई है।
- दूसरा मुकदमा थाना कोतवाली में अनिल कुमार ने अवनीश दीक्षित समेत अन्य पर दर्ज़ कराया है। अनिल कुमार ने दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि 2 जून को वह क्रिस्टल पार्किंग में अपनी गाड़ी खड़ी करने गए थे। जिस पर स्टैंड की शुल्क राशि को लेकर विवाद हुआ था और अवनीश दीक्षित समेत अन्य के द्वारा मारपीट गाली गलौज करते हुए उनसे ?200 की जगह ?500 की जबरन वसूली की गई थी। इस मामले में भी कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इसके साथ-साथ एक और मुकदमा थाना हनुमंत विहार में एक पत्रकार के विरुद्ध जबरन कब्जा करने समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

### बढ़ चली है मुकदमों की संख्या

28 जुलाई से लेकर 5 अगस्त तक कानपुर पुलिस के थाना कोतवाली, बादशाही नाका, बर्रा, अनवरगंज चकेरी में अब तक कुल अवनीश दीक्षित और उनके साथियों के विरुद्ध कुल आठ मुकदमे दर्ज किया जा चुके हैं।

## एक सैकड़ा से ज्यादा बच्चों का निशुल्क स्वर्ण प्राशन कराया



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस के अंतर्गत संचालित स्वास्थ्य केन्द्र, राजकीय बाल गृह कानपुर और आरोग्य क्लीनिक लाल बंगला में सोमवार को 100 से ज्यादा बच्चों का निःशुल्क स्वर्ण प्राशन कराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य डॉ.वंदना पाठक, डॉ.निरंकार गोयल, स्कूल के निदेशक डॉ.दिग्विजय शर्मा ने दीप प्रज्वलन व भगवान धन्वंतरि के पूजन के साथ किया।

कार्यक्रम में वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य डॉ.वंदना पाठक ने कहा कि वर्षा ऋतु के अनुसार आहार- विहार और बच्चों को कृमि रोग से बचाव के लिये अभिभावकों को विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने स्वर्णप्राशन संस्कार के बारे में बताते हुए कहा कि आयुर्वेद की यह विधा बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में काफी कारगर है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में प्रचलित 16 संस्कारों में से एक संस्कार है। यह बच्चों के शारीरिक, मानसिक विकास में विशेष योगदान करता है। जिन बच्चों यह संस्कार नियमित रूप से होता है उनमें मौसम और वातावरणीय प्रभाव के कारण होने वाली समस्याएं अन्य बच्चों की अपेक्षा कम होती हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों को नियंत्रित करने के लिए डांटना, पीटना आदि भी उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को प्रभावित करता है। अतः बच्चों को प्यार से समझाना चाहिए। उन्होंने बच्चों को मौसम के अनुसार फल और सब्जियों के सेवन के साथ-साथ स्वच्छता पर विशेष बल दिया।

कार्यक्रम में संस्थान के सह निदेशक डॉ.मुनीश रस्तोगी, हरीश चन्द्र शर्मा, आकांक्षा बाजपेई, संतोष कुमार यादव सहित बच्चों के अभिवावक मौजूद रहे।

### भोले बाबा को भोजपुरी समाज जल चढ़ाने के लिए रवाना



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** झांसी। सोमवार को अखिल भारतीय भोजपुरी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष गहमरी झांसी पहुंचे। भोजपुरी महासभा के लोगों को सावन के इस पावन अवसर पर भोजपुरी समाज के लोगों को एकत्रित कर झांसी में भोले बाबा के दरबार में गंगाजल चढ़ाने के लिए रवाना किया गया। इस दौरान भारी संख्या में भोजपुरी महासभा के लोग थे गहमरी ने बताया कि जल्द ही भोजपुरी महासभा की नई कमेटी गठित होगी कमेटी गठन में पूरे प्रदेश के लोग आएंगे उसमें निर्णय होगा कांवर ले जाने वाले में प्रमुख रूप से संजय विशाल अजय त्रिलोकी अजीत श्रीवास्तव सनम ठाकुर आशु घनश्याम मुन्ना चौहान रंगबहादुर अमन सेगर शामिल रहे।

## कानपुर पुलिस ने नाबालिक बच्चों के वाहन चलाने पर किया जागरूक

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



शहर मे कई दिनों से लगातार एक्सीडेंट की घटनाएं सामने आ रहीं थी। जिसमे घटना के दौरान नाबालिक बच्चों की उपस्थिति पाई जाती थी। घटना के दौरान नाबालिक बच्चों द्वारा तेज रफ्तार वाहन चलाने के चलते कई लोगो को अपनी जान तक गवानी पड़ी है। अभी हाल ही मे साकेत नगर मे तेज रफ्तार कार मे सवार नाबालिक बच्चे ने स्कूटी सवार मां, बेटी को उड़ा दिया था। जिसमे एक महिला (मां) की मौत हो गई थी। हालांकि अब इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए कानपुर पुलिस ने पूरे जनपद मे जागरूकता अभियान चलाया है। साथ ही स्कूलों मे जाकर बच्चों को यातायात नियमो के बारे मे जानकारी दी है ताकि इस तरह की होने वाली घटनाओ पर अंकुश लग सके।

वहीं इस पूरे मामले पर एडीसीपी दक्षिण अंकिता शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि कमिश्नरेट कानपुर नगर मे बीते कुछ दिनों से नाबालिग बच्चों द्वारा रोड एक्सीडेन्ट की सूचना आ रही थी। जिसको लेकर आज से यातायात पुलिस द्वारा विद्यालयों मे जाकर लगातार व्यापक स्तर पर यातायात नियमों से पूरे जनपद मे जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई है। उन्होंने बताया कि आज सोमवार को इसी क्रम मे गोविंगनगर स्थित एक स्कूल मे आज मेरे द्वारा भी स्कूल के बच्चों को यातायात नियमो को लेकर जागरूक किया गया। इस दौरान उन्होंने सड़क सुरक्षा को ध्यान मे रखते हुए छात्रों से अपील की है कि छात्र अगर 18 वर्ष से कम हैं और उनका ड्राइविंग लाइसेंस नही बना है तो वह वाहन ना चलाएं। इसके साथ ही बिना लाइसेंस वाहन चलाने के दुष्परिणाम भी बताए हैं साथ ही शिक्षकों से भी इस बात के लिए अपील की है कि वो अपने अपने स्कूल मे छात्रों को सड़क सुरक्षा से जुड़े नियमों का पाठ पढ़ाएं और जागरूकता अभियान मे अपना योगदान दें। अगर कोई भी अभिभावक अपने बच्चों को कार, स्कूटी या बाइक लेकर स्कूल भेजता है तो उसको स्कूल मे प्रवेश न दिया जाए। इस अभियान को लेकर बच्चों के अभिभावकों से भी बात की गई है। उन्होंने यह भी बताया कि यातायात प्रवर्तन टीमों द्वारा भी यातायात नियमों के उल्लंघन पर मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है और यह अभियान इसी तरह लगातार जारी रहेगा।

## डीएलएड की परिक्षा होगी नकल विहीन

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

डीएलएड 2023 बैच प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा 8 से 10 अगस्त तक कराई जाएगी।

जिसके लिए जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार सिंह और बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत सिंह को अपने स्तर पर अन्य सदस्यों को नामित कर निर्धारित तिथियों में परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करना होगा।

जिससे परीक्षा नकल विहीन हो सके।

वही डीएलएड 2022 बैच तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा 12 से 14 अगस्त तक जिला विद्यालय निरीक्षक के द्वारा निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर कराई जाएगी।

## पेट्रोल पंप मालिक को मैनेजर ने लगाया लाखों का चूना

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

थाना कल्याणपुर क्षेत्र के पनकी रोड निवासी जितेन्द्र सिंह ने पुलिस को बताया कि उनके पेट्रोल पंप इन्दू फ्यूल सेंटर पर कार्यरत मैनेजर ने उन्हें लाखों रुपये का चूना लगाया है। जितेन्द्र सिंह ने बताया कि कार्यरत मैनेजर ने पेट्रोल पंप के पेटीएम स्कैनर को खराब होने का हवाला देते हुए ग्राहकों से पैसे लिए और बही खाते में हेर-फेर करके डबल रसीद बनाई है। जितेन्द्र सिंह ने बताया कि उन्हें इस बात का पता चला जब उनके खाते में पैसा कम और बही खाते में रसीद ज्यादा होती थी। उन्होंने कार्यरत मैनेजर से पूछताछ की, तो उसने अपनी गलती की माफी मांगते हुए छह लाख की चेक बनाकर दी। लेकिन जब जितेन्द्र सिंह ने चेक लगाने गये, तो बैंक मैनेजर ने बताया कि चेक पर बने हस्ताक्षर फर्जी हैं।

वही जितेन्द्र सिंह ने पुलिस से कार्यरत मैनेजर के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करने और विधिक कार्यवाही करने की मांग की है।

बीती 11 जून को लिखित प्रार्थना पत्र दिया था लेकिन पुलिस की जांच पूरी न होने के चलते उनका मुकदमा दर्ज नहीं हो पाया है।

वही थाना प्रभारी कल्याणपुर ने बताया कि तहरीर मिली थी मामला की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## दंगल : पहलवान बाबा लाडी और देवा थापा ने काटी गदर



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

शहर के नवाबगंज के जागेश्वर मंदिर का दंगल पूरे प्रदेश में ही नहीं बल्कि भारत वर्ष में बड़ा मशहूर है। यहां पर इस बार सोमवार 306वां दंगल अयोजित किया गया।

जहां पर पूरे भारतवर्ष के पहलवानो ने प्रतिभाग किया। दंगल में नामी पहलवान शामिल हुए और जनता को उन्होंने तालियां बजाने के लिए मजबूर कर दिया।

कार्यक्रम के संयोजक जितेंद्र पांडेय ने बताया कि इस दंगल में मशहूर पहलवानों ने भी अपना अपना जोर आजमाया था क्योंकि यह ऐतिहासिक दंगल माना जाता है जो कि प्रदेश ही नहीं पूरे देश के कई पहलवान यहां पर आ चुके हैं इसीलिए इस दंगल को हर वर्ष बड़ी ही धूमधाम से मनाया जाता है इस बार भी देवा थापा, बाबालाडी जैसे नामी गिरामी पहलवानों ने शिरकत की है।मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचीं विधायिका निलिमा कटियार ने कहा कि बाबा जागेश्वर के अनुकंपा से यह दंगल 300 वर्ष से भी अधिक पुराना है और सबसे बड़ी बात यह है कि यह लगातार आयोजित होता जा रहा है जो की एक ऐतिहासिक दंगलों में शामिल है और उत्तर प्रदेश की शान भी है।

## चोरी के आधा दर्जन ई-रिक्शा संग आरोपियों को दबोचा



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

शहर की थाना छावनी पुलिस ने त्रिनेत्र कैमरों की सहायता से छिपे हुए चोरी के ई-रिक्शा बरामद किए हैं। पुलिस को कई दिनों से चोरियों की शिकायतें मिल रही थीं। मुखबिर की सूचना पर छावनी पुलिस ने छापा मारा और इस दौरान तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार भी किया है।

पकड़े गए अभियुक्तों में सलीम, संजय जयसवाल, और संजय गुप्ता शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से 6 ई-रिक्शा, 2 मोबाइल फोन, और 1090 रुपये बरामद किए हैं।

एसीपी छावनी अंजली विश्वकर्मा के अनुसार, पकड़े गए तीनों शातिर चोरों पर कानपुर के विभिन्न थानों में दर्जनों मुकदमे दर्ज हैं और पुलिस को इनकी काफी दिनों से थी बताया कि त्रिनेत्र कैमरों की मदद से इन चोरियों का पता लगाना संभव हो सका और जल्द ही आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

इस सफल कार्रवाई से पुलिस ने चोरी की बढ़ती घटनाओं पर अंकुश लगाने का प्रयास किया है और स्थानीय नागरिकों में सुरक्षा की भावना को पुनः स्थापित किया है।

### सिपाही की सूझ बूझ ने युवक की बचाई जान

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** रविवार को रात्रि समय लगभग 1:00 बजे PRV 4755 की सूचना पर थाना छावनी की रात्रि गश्त पुलिस टीम नया गंगा पुल पर पहुंची तो देखा कि एक व्यक्ति जिसका नाम कुणाल कश्यप पुत्र कमल किशोर कश्यप उम्र लगभग 24 वर्ष निवासी छोटी बीवी का हाता थाना छावनी कमिश्नरेट कानपुर नगर पारिवारिक विवाद के चलते शराब पीकर नया गंगापुल की रेलिंग पर बैठकर गंगा नदी में कूदकर आत्म-हत्या करने का प्रयास कर रहा था मौके पर अपनी सूझ-बूझ से त्वरित कार्यवाही करते हुए आरक्षी शिव श्याम यादव थाना छावनी द्वारा आत्महत्या का प्रयास कर रहे व्यक्ति कुणाल कश्यप को गंगा नदी में कूदने से बचा लिया गया तथा थाना छावनी पर परिवारीजनों को बुलाकर कुणाल कश्यप को सकुशल सुपुर्द किया गया।

## फरार चल रहे वारंटी को किया गिरफ्तार




**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

कल्याणपुर थाने की पुलिस टीम ने दबिश देकर वारण्टी अभियुक्त प्रीतम शुक्ला को गिरफ्तार कर लिया है। प्रीतम शुक्ला निवासी एलआईजी 25 डब्लू ब्लाक केशव नगर नहरिया थाना हनुमंत विहार कानपुर नगर का निवासी है और उसकी उम्र 40 वर्ष है।

प्रीतम शुक्ला पर 2022 व 2021 में दो गंभीर धाराओं के दो मुकदमे दर्ज हुए थे। जिसमे दुष्कर्म का आरोपी वह फरार चल रहा था। न्यायालय की तरफ से वारंट जारी किया गया था। जिसके चलते पुलिस ने उसके घर पर दबिश देकर उसे गिरफ्तार किया है।

थाना प्रभारी कल्याणपुर ने बताया कि विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है।

## तहसील कर्मियों पर भ्रष्टाचार का आरोप, मंडलायुक्त से शिकायत

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



थाना घाटमपुर के मोहल्ला हाफिजपुर कस्बा घाटमपुर निवासी बदलू कुरैशी ने मंडलायुक्त से न्याय की गुहार लगाई है। बताया कि बदलू कुरैशी बनाम मोहम्मद उमर खान का मुकदमा घाटमपुर में चल रहा था, जिसमें राजस्व कर्मियों द्वारा पैमाइश सही ढंग से नहीं की गई थी।

बदलू कुरैशी ने इस संदर्भ में मंडलायुक्त से शिकायत की थी। मंडलायुक्त के निर्देश पर तहसीलदार घाटमपुर लक्ष्मी नारायण बाजपेई, राजस्व निरीक्षक नरपत सिंह और अन्य राजस्व निरीक्षक व लेखपालों ने पुलिस के साथ मिलकर मौके पर पहुंचकर पैमाइश शुरू कराई और एक पिलर गड़वा दिया।

आरोप लगाते हुए बताया कि तहसीलदार व राजस्व टीम ने विरोधी पार्टी को सहयोग करते हुए जबरन ट्रैक्टर रोककर पैमाइश रुकवा दी। इस बात का प्रमाण बदलू कुरैशी के पास वीडियो रिकॉर्डिंग के रूप में मौजूद है। बाद में बदलू कुरैशी को ही थाने में बंद कर दिया गया और पुलिस व राजस्व अधिकारियों ने विपक्षियों के साथ मिलकर गलत आख्या पेश कर दी।

विपक्षी पक्ष के सिराज खान, मिराज खान, बृहद खान, हसन बाबू, कल मंसूरी, रिंकू कबड्डी, आफताब, कासिम आदि ने अधूरी पैमाइश के दौरान दबंगई दिखाई और लगाए गए पिलर को उखाड़ कर फेंक दिया। बदलू कुरैशी ने इस बात की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई। कल फिर बदलू कुरैशी ने मंडलायुक्त के सामने पेश होकर शिकायत की, जिस पर मंडलायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे मौके पर जाकर कार्रवाई करें और उचित निर्णय लेकर जमीन का कब्जा दिलाया जाय।

## सड़क हादसे में युवक की मौत



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

शहर के थाना किदवई नगर के एच ब्लॉक शनि देव मंदिर के सामने एक दुखद हादसा हुआ जिसमें एक युवक की मौत हो गई। यह घटना तब हुई जब मृतक जसवंत सिंह, जो सीओडी में कार्यरत थे, सुबह अपने घर से रोज की तरह गुजैनी से सीओडी ड्यूटी के लिए जा रहे थे। तभी पीछे से एक वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आक्रोशित लोगों को शांत कराया। इस हादसे के विरोध में राहगीरों ने मृतक का शव सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। सीओडी के कर्मचारी और अधिकारी शव को उठाने नहीं दे रहे थे जिससे स्थिति और भी तनावपूर्ण हो गई थी। लेकिन अधिकारियों को समझाने पर सभी मान गए।

## बिल्हौर एसीपी नें पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**जनएक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो**

बिल्हौर कस्बे में पुलिस के उच्च अधिकारियों के निर्देश पर एसीपी ने कस्बा इंचार्ज व पुलिस बल के साथ कस्बे में पैदल गश्त कर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कहा साथ ही अपने घर व प्रतिष्ठानों के पास सीसीटीवी कैमरा लगाने के लिए जागरूक किया। सहायक पुलिस आयुक्त अजय त्रिवेदी ने सोमवार की देर शाम क़स्बा इंचार्ज मनोज कुमार सिंह व भारी पुलिस फोर्स के साथ कस्बे में पैदल मार्च किया गया । पैदल गश्त करते हुए एसीपी के द्वारा आम जनमानस में सुरक्षा भावना का संचार किया। थाने से गश्त शुरू हुआ बस्ती होते हुए नगर पालिका चौराहे के पास आकर खत्म हुआ। इस दौरान जगह जगह खड़े संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ भी की गई। एसीपी ने बिल्हौर के प्रमुख मार्गों पर भ्रमण करते हुए दुकान के बाहर सड़क तक सामान लगायें दुकानदारों से सामान अंदर लगाने के निर्देश देते हुए कहा कि अतिक्रमण न किया जाए नहीं तो विधिक कार्रवाई की जाएगी।

यातायात को सुगम बनाने को कहा जिसके लिए आप सभी का साथ होना जरूरी है। वाहनों पर संदिग्ध युव को रोककर उनके कागज आदि चेक किया।

### गंगा नहाने गया युवक डूबा

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** सावन के तीसरे सोमवार को कल्याणपुर निवासी एक युवक, जो दोस्तों के साथ गंगा नहाने गया था, शिवराजपुर के खेरेश्वर घाट पर डूब गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और गोताखोर तुरंत मौके पर पहुंच गए और युवक की तलाश में जुट गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि युवक अपने दोस्तों के साथ नहाने के दौरान गंगा की तेज धारा में बह गया। अभी तक युवक का कोई सुराग नहीं मिल पाया है, लेकिन पुलिस और गोताखोर लगातार प्रयास कर रहे हैं। इस दुखद घटना ने पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ा दी है। युवक के परिवार को इस घटना से गहरा सदमा लगा है और वे अपने बेटे की सुरक्षित वापसी की प्रार्थना कर रहे हैं।

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# धर्म परिवर्तन विधेयक से रुकेगा मतांतरण

**अध्ययन का निष्कर्ष है कि जनसंख्या में आनुपातिक परिवर्तन यदि इसी प्रकार चलता रहा तो 2060 तक हिंदू अपनी ही भूमि में अल्पमत में आ जाएगा।(हमारे सुदर्शन जी) पृष्ठ 256। हम सबको यह ज्ञान होना चाहिए कि जब कोई एक व्यक्ति मतांतरित होकर ईसाई या अन्य किसी पंथिक आस्था में जाता है तब वह केवल स्वयं नहीं जा रहा है, मतांतरित व्यक्ति की आस्था भारत से समाप्त होकर दूसरे राष्ट्र की हो जाती है। उस व्यक्ति की राष्ट्रीयता ही बदल जाती है। वह केवल मतान्तरित हो गया है यही नहीं है, उसके भीतर शत्रु भाव जन्मता है।**

*भारत प्राचीन राष्ट्र है। भारत प्राकृतिक दृष्टि से भी राष्ट्र है। भारत के विचार हमेशा से सम्पूर्ण विश्व को एक इकाई मानने वाले रहे हैं। भारत कभी सैन्य आक्रामक राष्ट्र नहीं रहा है।संपूर्ण विश्व को उच्चतम विचार दृष्टि देने का काम भारत हमेशा से करता आया है। भारत ने विभिन्न राष्ट्रों के विचारों को राष्ट्रानुकूल बनाकर आत्मसात भी किया है। भारत की सहिष्णुता का लाभ उठाकर ईसाई मिशनरियां लंबे समय से मतान्तरण करने में जुटी हैं। मतांतरण को ही धर्म परिवर्तन कहते हैं। मिशनरियों को काफी हद तक इस कुचक्र में सफलता भी मिली है। ईसाई मिशनरियों को मिली सफलता ने भारत को बड़ा मतांतरण केंद्र बनाया है। इससे उत्साहित होकर ही अनेक प्रकार के रंगो, ढंगों, तरीकों को अपनाते हुए मिशनरियों ने अपने मतांतरण कार्यक्रम तेजी से चलाए। भारत के अनेक गांवों में ईसाइयों की चंगाई सभाएं फैल गई। गली-गली में ईसाई मिशनरियों ने अपने सेंट के नाम वाले विद्यालय चलाए।अनेक साधारण भारतीयों ने मिशनरियों के कुचक्र को न समझकर उनका साथ दिया। लालच और लोभ देकर ही भारत में मतान्तरण की कार्रवाई के केंद्र खोले गए। धार्मिक, पंथिक, आस्था के जाल फेंके गए। गांव और दूरदराज के जंगलों, पहाड़ों के बीच रहने वाले सरल हृदय भारतीय गरीबों के लाखों परिवारों को मिशनरियों ने फंसाकर ईसाई बना दिया। पूर्व में वे मतांतरित व्यक्तियों को अंग्रेजी नाम देते रहे। जब हिंदू संगठनों और सामाजिक संस्थाओं ने जन जागरण बढ़ाया मिशनरियों पर दृष्टि डाली, तो वे छद्म नामो की पद्धति से हिन्दू नामो का प्रयोग करने लगे। मिशनरियां सेवा के नाम पर, अस्पतालों के नाम पर, छुआछूत के नाम पर मतांतरण करने में सफल रही हैं। महात्मा गांधी ने हरिजन में सात फरवरी 1939 में लिखा आप यदि यह मानते हैं कि अंधकार में भटक रहे लोगों को सच्ची धर्म कथा सुनाने वाले केवल आप ही प्रबोधक हैं तो जहां तक मेरी मान्यता है कि हिंदुस्थान में आपको कोई स्थान नहीं है। बैप्टिस्ट मिशन की प्रेरणा से ईसाई बने जनजातीय बंधुओं ने त्रिपुरा में स्वायत्तशासी जिले में अजनजातीय हिंदुओं को आतंकित कर बाहर खदेड़ना प्रारंभ कर दिया है। और जनजातीय हिंदुओं को डरा-धमकाकर उन्हें दुर्गा पूजा, सरस्वती पूजा आदि हिंदू त्यौहार मनाने, महिलाओं को माथे पर बिंदी लगाने, घर में हिंदू देवी-देवताओं के चित्र लगाने से मना किया जा रहा है। यही नहीं. त्रिपुरा के समस्त पर्वतीय अंचल को एक स्वतंत्र सार्वभौम राष्ट्र के रूप में अलग करने का उनका प्रयास है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघ चालक के सुदर्शन को समर्पित पुस्तक (हमारे सुदर्शन जी) पृष्ठ 203, 204। मतांतरण के क्या दुष्परिणाम हो सकते हैं इस संबंध में सेंटर आफ पॉलिसी स्टडीज चेन्नई ने 26-27 वर्षों के परिश्रम से एक तथ्य परक ग्रंथ का निर्माण किया है, जिसका शीर्षक है रिलिजियस डेमोग्राफी आफ इंडिया अर्थात भारत की धर्म मत जनसांख्यिकी उसमें सन 1881 से लेकर जब देश की जनगणना पहली बार हुई, 1991 तक के 110 वर्षों में धर्म मतों के अनुसार जनसंख्या में हुए आनुपातिक परिवर्तनों का अध्ययन किया गया है। इसमें दर्शाया गया है कि भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश का एक साथ विचार करने पर हिंदुओं की संख्या में 79.32 प्रतिशत से 68.03 प्रतिशत तक अर्थात 11 प्रतिशत की गिरावट आई है और मुसलमानों की संख्या में 20 से 30 प्रतिशत तक यानी 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। ईसाइयों की जनसंख्या में 0.7 प्रतिशत से दो प्रतिशत तक वृद्धि हुई है।*

### एक्सप्रेस आलेख

**यह क्रम मुग़ल और अंग्रेज़ी राज के दौर में चला। स्वतंत्र भारत में भी धर्मांतरण के माध्यम से जातिगत संरचना बदली। विभिन्न क्षेत्रों में स्थानीय स्तरों पर भी जातीय संरचना बनती बिगड़ती रही है। आज जाति और उपजाति सामाजिक स्तरीकरण और राजनैतिक दांव पेंच का प्रबल आधार बन गया है। जाति की नई-नई श्रेणियाँ बनाई गयीं और बनाई जा रही हैं। जातीयता और जातिवाद की भावना को जगा कर और एक-दूसरे को ऊँचा-नीचा दिखाकर सामूहिक जीवन पर अधिकार स्थापित करना राजनेताओं की नीति बनता गया है। आज की स्थिति में जाति का खंडन और मंडन दोनों साथ-साथ चल रहा है क्योंकि जातीयता की परिपुष्टि करना वोटबैंक का आधार है।**

# शब्द, सत्य और राजनीति के झमेले में जाति



गिरीश्वर मिश्र

**सामाजिक जीवन की शुचिता ही व्यवस्था का आधार हो सकती है क्योंकि मिश्रण के चलते वर्ण या जाति की परिशुद्धता संदिग्ध होती गई। महाभारत में स्पष्ट उल्लेख है कि जातीय मिलावट इतनी हुई है कि मूल जाति को असंदिग्ध रूप से पहचान पाना असंभव है। मनुष्य का कर्म ही पहचान का एकमात्र आधार है और होना भी चाहिए।**

यह सच है कि शब्द अपने प्रयोग से ही अर्थवान होते हैं पर यह भी सच है कि अर्थ शब्दों के प्रयोक्ता के मंतव्य के अधीन होते हैं। इसलिए शब्द के अर्थ की स्थिरता निरपेक्ष नहीं होती। 'जाति' शब्द अर्थ की अस्थिरता का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करता है। वैसे तो जाति शब्द किसी चीज़ की प्रकृति, समुदाय या श्रेणी के लिए प्रयुक्त होता है परंतु भारतीय समाज में यह शब्द समुदायों के नाम और पहचान का द्योतक बन चुका है। इसको लेकर समुदायों के बीच पारस्परिक सामाजिक सम्बंध बनते बिगड़ते हैं। जातियों से अस्मिताओं का निर्माण किया जाता है और उनसे बनी पहचान भारतीय सामाजिक जीवन का एक बड़ा सत्य है। जाति के साथ तादात्मीकरण व्यक्ति और समुदाय दोनों के लिए एक नियमबद्धता लाने वाला उपाय बन जाता है। एक जातिविशेष के लोग आपस में निकट आते हैं और दूसरी जाति से अपने को अलग करते हैं। सामाजिक-आर्थिक सीढ़ी पर जातियाँ अलग-अलग पायदान पर स्थित होती हैं और सबका अपना-अपना दायरा होता है। अभी भी भारत के बहुत बड़े अंश में शादी-ब्याह, खान-पान और रिश्ते-नाते अधिकांशतः जाति की परिधि में ही संचालित होते हैं। जाति की शक्ति और सामर्थ्य आजकल उठान पर है और जातिवादी संगठनों की धूम मची हुई है। आए दिन नए-नए जाति संगठन बनने का एलान हो रहा है। आज जाति की शक्ति की कोई उपेक्षा नहीं कर सकता, खासतौर पर राजनीति के क्षेत्र में तो ऐसा सोचना अपने पैर पर कुल्हाड़ी मारने जैसा है। हर कोई अपनी जाति से जुड़ कर या उसकी सदस्यता से अतिरिक्त ऊर्जा और बल का अनुभव करता है। जन्मसिद्ध होने के कारण जाति की सदस्यता व्यक्ति को स्वतः मिल जाती है और तब तक चलती रहती है जब तक उसे जाति से बहिष्कृत (कुजात!) नहीं कर दिया जाता। जन्मजात जाति व्यक्ति के साथ जीवनपर्यंत जुड़ी रहती है और अनेक औपचारिक तथा अनौपचारिक विषयों में हमारी गतिविधि को निर्धारित करती है। आज जाति व्यक्तिगत जीवन में एक सवेदनशील विषय बन चुका है। राजनीति के हल्के में यह एक बेहद उपजाऊ सरोकार बन चुका है जिसे मुख्य आधार बना कर विभिन्न क्षेत्रों में चुनाव लड़े लड़ाए जाते हैं और सरकारों का गठन और विघटन होता है। जाति को लेकर राजनीतिज्ञों की मुश्किल इसलिए बढ़ जाती है कि वे भेदभाव के अमानवीय आधार



**भारत के विभिन्न क्षेत्रों में भिन्न-भिन्न जातियों की जो श्रृंखला खड़ी हुई उसके कई आधार थे। कर्म की जगह जन्म जाति की पहचान का आधार बना। जाति को विभिन्न समुदायों के लिए अलग-अलग पहचान का आधार स्वीकार कर लिया गया। फिर भी जीवन संस्कार और आचरण पर बल ही सामाजिक वर्गों के लिए प्रमुख आधार बना रहा।**

के रूप में इसके विरोध और खंडन में खड़े होते हैं जबकि खुद उनका राजनीतिक अस्तित्व जाति पर ही टिका होता है। उसी के समर्थन से वे चुने जाते हैं। वे बड़ी दुविधा में रहते हैं और कभी जाति का समर्थन तो कभी खंडन करते हैं। इस संदर्भ में उच्चतम न्यायालय के न्यायमूर्ति माननीय श्री पंकज मित्तल की टिप्पणी गौरतलब है। उनके अनुसार भारतीय समाज में धीरे-धीरे वर्ण को ग़लत ढंग से जाति के अर्थ में ढाल दिया गया। लोग व्यवसाय, प्रतिभा और गुण के आधार पर विभाजित किए जाते थे। जाति निष्प्रयोजन है। ब्राह्मणों के बच्चे खुद को ब्राह्मण कहने लगे चाहे आचरण जैसा भी हो। दूसरे वर्णों के बच्चे भी अपने कार्य या गुण को देखे बिना अपने पिता के वर्ण को अपना लिए। न्यायमूर्ति के अनुसार जाति के रूप में वर्ण का उपयोग करना एक सामाजिक गलती या दोष (डिफ़ेक्ट) था। इसने समाज को बाँट दिया और भेदभाव को जन्म दिया। जहां तक अनुसूचित जाति (एससी) अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ी जातियों (ओबीसी) के वर्गीकरण का प्रश्न है वह संविधान से अनुमोदित श्रेणियाँ हैं। इस प्रकार की श्रेणियों के बारे में नीति पर गम्भीर विचार ज़रूरी है ताकि विभिन्न निचले गरीब तबकों को ऊपर उठाया जा सके। इसके लिए जाति से भिन्न आधार होना चाहिए आर्थिक स्थिति, जीवन स्तर, उपलब्ध सुविधाएँ आदि पर भी गौर करना होगा खासतौर पर स्थान विशेष की परिस्थिति पर ध्यान देना होगा। एक पीढ़ी को जीवन सुधारने के लिए जो लाभ मिले वह स्वतः आगे नहीं चलना चाहिए। यदि स्थिति में वांछित सुधार आता है तो अतिरिक्त सुविधा की कोई आवश्यकता नहीं रहेगी। उल्लेखनीय है कि कर्म को जीवन का आधार स्वीकार करते हुए व्यवसायों के विभिन्न प्रकारों के समानांतर वर्ण के नाम प्रचलित हुए। जन्म के कुल से वर्ण का सम्बन्ध सीमित था। इस बात के अंतः साक्ष्य बताते हैं कि व्यक्ति का निजी और सामाजिक आचरण ही वर्ण के प्रयोग का मुख्य आधार था। 'गुण' यानी स्वभाव (प्रकृति) और कर्म ही सामाजिक वर्गीकरण के मुख्य आधार थे। वर्ण-परिवर्तन संभव था। काल-क्रम में जन्म से जुड़ कर 'जाति' का प्रयोग शुरू हुआ। कर्मकांड भी जुड़े और प्रभावी बने। मनुष्य के जीवन में संस्कार का महत्व बना रहा और व्यवहार या आचरण की ही प्रधानता रही। भारत के विभिन्न क्षेत्रों में भिन्न-भिन्न जातियों की जो श्रृंखला खड़ी हुई उसके कई आधार थे। कर्म की जगह जन्म जाति की पहचान का आधार बना। जाति को विभिन्न समुदायों के लिए अलग-अलग पहचान का आधार स्वीकार कर लिया गया। फिर भी जीवन संस्कार और आचरण पर बल ही सामाजिक वर्गों के लिए प्रमुख आधार बना रहा। जातियों के सामाजिक समुदाय धन संपदा और अन्य भौतिक संसाधनों पर अधिकार जमाने में जुटते गए और जातियों की सीमाएँ सुदृढ़ होती गईं। विशेष रूप से विवाह और अन्य संस्कारों तथा विविध प्रथाओं को लेकर चार वर्ण से आगे बढ़ते-बढ़ाते सहस्त्र से अधिक स्थानीय जातियों और उपजातियों का गठन होता गया। सामाजिक पहचान की विशिष्टता स्थापित करना ही जातियों और उपजातियों के गठन का आधार बना। यहाँ पर यह भी उल्लेखनीय है कि विभिन्न जातियों में मिश्रण भी खूब हुआ। बाहर से शक, हूण, कुषाण आये। बाद में विदेशी मूल के सामाजिक समुदायों का प्रवेश हुआ जिनकी धार्मिक पहचान प्रबल थी।

### एक्सप्रेस कविता

*हिंदी भाषा हमारा मान और अभिमान है,*
*हिंदी राष्ट्र का वैभवशाली गौरव गान है।*
*हिंदी देश की गंगा -जमुनाई स्वाभिमान है,*
*हिंदी पर न्योछावर हर दिल और जान है।*
*हिंदी भारत के माथे की चमकती बिंदिया है।*
*हिंद देश में बहती पवित्र गंगा नदिया है।*

*हिंदी पर आओ शीश झुकाए,करें नमन,*
*हिंदी ही है लताएं, फूल, बगिया और चमन।*
*हिंदी से ही बना प्यारा हिंदुस्तान हमारा,*
*हिंदी ने ही किया शीश जग में ऊंचा हमारा।*
*हिंदी भाषा भोली और इतनी विशाल है,*
*हिंदी भाषा अर्वाचीन और बेमिसाल है।*
*हिंदी हमारे असंख्य हृदयों पर करती राज,*
*हिंदी से ही अत्यंत सफल है, देश का काम-काज।*

संजीव ठाकुर

### एक्सप्रेस ज्ञान

**सफलता अंतिम नहीं है, असफलता घातक नहीं है, आगे बढ़ते रहने का साहस ही मायने रखता है**




*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | द्वितिया 19:55 तक |
| नक्षत्रः | मघा 17:42 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | मंगलवार |
| योगः | वरीघा, 10:54 |
| सूर्योदयः | 05:49 |
| सूर्यास्तः | 19:04 |
| चंद्रमाः | सिंह राशि में |
| राहुकालः | 15:45-17:24 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1945 |
| मासः | सावन |
| शुभ मुहूर्तः | 12:00-12:53 |

## जन एक्सप्रेस

### करने को कमाल !

*बैठकों का दौर है ।*
*करने को कमाल ।।*
*बढ़ गई है हलचल ।*
*पैदा भी सवाल ।।*
*प्रतियोगिता चल रही ।*
*ना निकला है नाम ।।*
*बन रही ना सहमति ।*
*किसका अच्छा काम ।।*
*पल पल है बयान पर ।*
*हम ही हैं स्वीकार ।।*
*जाएगी सरकार ये ।*
*चल रहा विचार ।।*
*पर भविष्य के गर्भ में है ।*
*किसका पलड़ा भारी ।।*
*लेकिन खूब ठाट से ।*
*चल रही तैयारी ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# खूबकला के बीज से दूर होती हैं कई समस्याएं

**आयुर्वेद** में रोगों को दूर करने के लिए कई तरह की जड़ी-बूटियों का इस्तेमाल किया जाता है। इन्हीं में से एक है खूबकला आयुर्वेद में खूबकला के बीजों का उपयोग खांसी, दमा, टाइफाइड आदि रोगों को दूर करने के लिए किया जाता है। खूबकला के बीज सरसों के बीज जैसे दिखाई देते हैं। इसकी तासीर बेहद गर्म होती है। खूबकला के बीज स्वाद में तीखा होते हैं। खूबकला को खाकसी, खाकसीर, जंगली सरसों और बनारसी राई के नाम से भी जाना जाता है। अधिकतर लोग खूबकला का इस्तेमाल घरेलू उपायों के तौर पर भी करते हैं।

**खूबकला में पोषक तत्वः** खूबकला के बीज पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। यह विटामिंस और मिनरल्स का अच्छा सोर्स है। खूबकला में प्रोटीन, कैल्शियम, फॉस्फोरस, फाइबर और कार्बोहाइड्रेट होता है। खूबकला के पत्ते भी स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होते हैं। इनका प्रयोग सलाद के रूप में किया जा सकता है।

**भूख बढ़ाने में लाभकारीः** कई लोग भूख न लगने की समस्या से परेशान रहते हैं। इसके लिए वे अलग-अलग तरह के टॉनिक का सेवन करते हैं। आप चाहें तो खूबकला से भी अपनी भूख बढ़ा सकते हैं। खूबकला में भूख बढ़ाने वाले गुण पाए जाते हैं।

**टाइफाइड में मददगारः** आयुर्वेद में



टाइफाइड का इलाज करने के लिए खूबकला का उपयोग किया जाता है। टाइफाइड की स्थिति में आप खूबकला का सेवन दो तरह से कर सकते हैं। पहला आप इसे पानी और दूध में पकाकर ले सकते हैं। दूसरा खूबकला और मुनक्का को साथ में लेने से भी टाइफाइड में आराम मिलता है। इसके लिए मुनक्का पर खूबकला के बीज लगाएं, तवे पर सेंक दें। इसके सेवन से आपको काफी लाभ मिलेगा।

**आमाशय को शक्ति देता हैः** खूबकला के बीज आमाशय को भी शक्ति देता है। दूध के साथ खूबकला के बी लेने से शरीर को शक्ति मिलती है। साथ ही इससे शारीरिक कमजोरी भी दूर होती है।

**कमजोरी दूर करे खूबकलाः** खूबकला पोषक तत्वों से भरपूर होता है। इसके नियमित सेवन से आप अपनी शारीरिक कमजोरी दूर कर सकते हैं। अगर आपका वजन सामान्य से कम है, तो खूबकला का सेवन मुनक्का या दूध के साथ कर सकते हैं।

**खांसी और दमाः** खांसी और दमा की स्थिति में भी खूबकला का सेवन किया जा सकता है। सामान्य बुखार में भी खूबकला लाभकारी है। खूबकला गले, फेफड़ों में जमा कफ या बलगम निकालने में मदद करता है। गर्म पानी में मुनक्का और खूबकला को पकाकर लेने से सर्दी-जुकाम, खांसी और दमा में आराम मिलता है। खूबकला कफ के कारण पैदा होने वाली समस्याओं को भी दूर करता है।

**बच्चों के शारीरिक विकास में फायदेमंदः** खूबकला का उपयोग कुपोषण जैसे रोगों को दूर करने के लिए भी किया जाता है। अगर आपका बच्चा कमजोर है, उसका शारीरिक विकास नहीं हो रहा है तो आप उसे डॉक्टर की सलाह पर खूबकला दे सकते हैं। खूबकला के पाउडर को दूध के साथ बच्चों को देने से उनका शारीरिक विकास तेज होता है।

**बवासीर में लाभकारीः** गलत खान-पान और शारीरिक सक्रियता की कमी बवासीर के मुख्य कारण है। यह समस्या काफी पीड़ादायक होती है। आप चाहें तो बवासीर में भी खूबकला का उपयोग कर सकते हैं। खूबकला के बीज का पाउडर बनाएं, इसे पानी या दूध के साथ लें। कुछ दिनों तक इसे रोज लेने से बवासीर की समस्या में आराम मिलेगा।

### एक्सप्रेस विशेष

# ब्रेस्टफीडिंग की कमी से कुपोषित होते नवजात



डॉ. रमेश ठाकुर

**रिपोर्ट के मुताबिक भारत में लगभग 194.4 मिलियन बच्चे इस वक्त कुपोषित हैं चिकित्सा रिपोर्ट इसके पीछे का कारण जरूरत पर स्तनपान न होना बताती हैं। बच्चों के जन्म के वक्त डॉक्टर्स राय देते हैं कि बच्चों को कम से कम 2 साल तक मां का दूध जरूर पिलाना चाहिए।**

**शिशुओं को डिब्बे का दूध पिलाने का प्रचलन इस वक्त बहुत तेजी से फैला हुआ है, जो बहुत घातक है। ये दूध बच्चे को सबसे पहले कुपोषित बनाता है और अन्य बीमारियों से घेरता है। क्योंकि डिब्बे के दूर में एंटीबॉडीज और प्रतिरोधक क्षमता शुन्य होती है। मां के दूध में मिक्स एंटीबॉडीज वायरस, बैक्टीरिया होता है जो विभिन्न किस्म के संक्रमणों से लड़ने में मदद करता हैं।**

**विश्वभर** में तेजी से बढ़ते कुपोषण के आंकड़े भयभीत करने गले हैं, भारत इन आकंड़ों से अछूता नहीं है। डब्ल्यूएचओ की मानें तो विश्व का प्रत्येक 8वां बच्चा कुछ महीनों बाद कुपोषित हो जाता है जिसका मुख्य कारण बच्चे को उचित ब्रेस्टफीडिंग का न मिलना। नवजात शिशुओं के शुरुआती स्वास्थ्य से लेकर संपूर्ण स्वस्थ्य यानी जीवनकाल की रक्षा करने में स्तनपान सबसे प्रभावी तरीकों में से एक माना गया है, तथापि वर्तमान में 6 महीने से कम उम्र के आधे से भी कम शिशुओं को स्तनपान कराया जाता है। आधुनिक युग में निश्चित रूप आधी आबादी विकास के नए क्षितिज छू रही है, लेकिन कुछ चीजें पीछे छूटती जा रही हैं। उच्च शिक्षित महिलाओं का समय पर नवजात शिशुओं को स्तनपान न करवाना भी कुपोषण के आंकड़ों में उछाल दिलवाता है। भारत में कुपोषण का दर लगभग 55 प्रतिशत है। जबकि, अफ्रीका में ये 27 प्रतिशत के करीब है। भारत की स्थिति अन्य देशों के मुकाबले ज्यादा अच्छी नहीं है। गौरतलब है कि जागरूकता के लिहाज से इस वक्त मातृ स्वास्थ्य पहले के मुकाबले अब बहुत बेहतर है। पर, शिशुओं के प्रति महिलाएं के जागरूक होने के बावजूद बच्चे स्वास्थ्य के मामले में पिछड़ रहे हैं। स्तनपान के प्रति मार्डन महिलआओं में जागरूकता बढ़े, जिसको ध्यान में रखकर ही 'विश्व स्वास्थ्य संगठन', यूनिसेफ व अन्य कई स्वास्थ्य समितियों, मंत्रालयों और नागरिक समाज सहयोगियों के बूते समूचे विश्व में अगस्त के पहले सप्ताह में 'विश्व स्तनपान सप्ताह' मनाया जाता है। इसे लेकर वर्ष 2018 में विश्व स्वास्थ्य सभा के एक प्रस्ताव ने विश्व स्तनपान सप्ताह को एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य संवर्धन रणनीति के रूप में समर्थन किया था। तभी से सालाना एक थीम के साथ ये दिवस मनाया जाने लगा। 'वर्ल्ड ब्रेस्टफीडिंग वीक' का उद्देश्य महिलाओं को स्तनपान कराने के प्रति जागरूक करना और शिशु स्वास्थ्य और उसके लिए सक्षम वातावरण को बढ़ावा देना है। स्तनपान के लिए महिला समुदाय और वर्किंग कार्यस्थल, सरकारी नीतियों में सहूलियतों के साथ स्तनपान के लाभों और रणनीतियों के बारे में जानकारियों को साझा करना भी मुख्य वजहों में शामिल होता है। 'विश्व स्तनपान सप्ताह' के प्रोग्रामों और समितियों में बुजुर्ग ग्रामीण महिलाओं और स्वास्थ्य महिला कर्मियों को विशेष रूप से शामिल किया जाता है। ग्रामीण महिलाएं स्तनपान के लाभों के प्रति बेहतरीन तरीकों से नई उम्र की महिलाओं को समझाती हैं। दरअसल, कामकाजी महिलाओं को स्तनपान के संबंध में जागरूकता करना अब अति आवश्यक हो गया है। डब्ल्यूएचओ की मानें तो मां का दूध बच्चे के लिए सबसे पूर्ण आहार होता है जिसमें प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, वसा, विटामिन और खनिज जैसे तमाम सभी पोषक तत्व उचित मात्रा में पाए जाते हैं। ये पोषक तत्व बच्चे के शरीर के प्रत्येक अंग, जैसे मांसपेशियों, हड्डियों और अन्य हिस्सों को सही विकास में मदद करते हैं। मां का दूध ही बच्चे की कोशिकाओं का निर्माण करता है। अगस्त का पहला सप्ताह भारत में 'राष्ट्रीय स्तनपान' के लिए समर्पित है। ये वीक स्तनपान की वकालत, संरक्षण और संवर्धन को आगे बढ़ाता है ताकि यह सुनिश्चित हो कि सभी परिवार स्तनपान के लिए जागरूक हों, चाहे निजी हों या सरकारी सभी वर्किंग स्थलों पर स्तनपान कराने की उचित व्यवस्थाएं होती हैं और अधिकार महिलाओं को बिना शर्त दिए गए हैं। इसके लिए उन्हें कोई बाध्य नहीं कर सकता। खाद्य व कृषि संगठन की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक भारत में लगभग 194.4 मिलियन बच्चे इस वक्त कुपोषित हैं चिकित्सा रिपोर्ट इसके पीछे का कारण जरूरत पर स्तनपान न होना बताती हैं। बच्चों के जन्म के वक्त डॉक्टर्स राय देते हैं कि बच्चों को कम से कम 2 साल तक मां का दूध जरूर पिलाना चाहिए। क्योंकि इस अवधि में बच्चों की पाचन शक्ति मजबूत हो जाती है उसके बाद वह ठोस आहार लेने को सक्षम होता है। गौरतलब है कि ब्रेस्टफीडिंग में कई प्रकार की एंटीबॉडीज पाई जाती हैं जो बच्चे की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करती हैं। शिशुओं को डिब्बे का दूध पिलाने का प्रचलन इस वक्त बहुत तेजी से फैला हुआ है, जो बहुत घातक है। ये दूध बच्चे को सबसे पहले कुपोषित बनाता है और अन्य बीमारियों से घेरता है। क्योंकि डिब्बे के दूर में एंटीबॉडीज और प्रतिरोधक क्षमता शुन्य होती है। मां के दूध में मिक्स एंटीबॉडीज वायरस, बैक्टीरिया होता है जो विभिन्न किस्म के संक्रमणों से लड़ने में मदद करता हैं। शिशुओं में इम्यून सिस्टम जन्म से 24 महीनों तक कमजोर रहता है।

# शारदा नगर थानाध्यक्ष व उनके दो सिपाहियों का खेल, पीड़ित रहा झेल

* मामला रहस्यमयी प्लेटिना मोटरसाइकिल का जो हुई चोरी और उस चोरी पर सियासत
* चोरी मोटरसाइकिल में रूपए 30 हजार लौटाने का खेल पीड़ित ने नहीं लिया नेता पत्रकारिता पुलिस की सियासत का शिकार हुई मोटरसाइकिल का मामला




जन एक्सप्रेस । सुनहरा

**लखीमपुर खीरी।** थाना शारदानगर लखीमपुर-खीरी के रहने वाले शकील जिसकी 20.जुलाई.2024 को प्लेटिना मोटरसाइकिल 318/7317 चोरी हो गई, कालिया पुत्र महाल, प्रदीप पुत्र महाल, कमलेश पुत्र अजात निधानबागाई थाना शारदा नगर लखीमपुर खीरी तथा मुश्ताक पुत्र छोटान खाँ व मंदीप हमी पुर सुरेश वर्मा लिग्राम बहानाय बाला शारदा नगर खीरी तथा रजीत पुत्र अज्ञात निवासी ग्राम बढ़ईडीहा थाना शारदा नगर लखीमपुर को नामजद कर पुलिस अधीक्षक जिला अधिकारी को शिकायती पत्र दिया और पुलिस ने मामला में शकील को 30 हजार देने को कहा गाड़ी की कीमत ज्यादा थी इस लिए शकील ने कहा की 50 हजार रुपए की गाड़ी है कारवाई करेंगे गाड़ी लेंगे इतना सुनते ही सिपाही अरुण कुमार गौतम व संदीप ने कहा की न गाड़ी मिलेगी न रूपए जो करना हो करो सात दिन बाद शकील ने एक पत्रकार के साथ जाकर जिला अधिकारी पुलिस अधीक्षक से मिल आन लाइन शिकायत की मामला मोड़ पर मोड लेता हुआ रहस्यमय होता जा रहा जब आनलाइन शिकायत में सिपाही अरुण कुमार गौतम व संदीप की शिकायत शकील ने की पुलिस का मामला पुलिस जो चाहे करे उसके विरुद्ध शिकायत करो खैर नहीं यही हुआ दो पुलिस वालों ने पत्रकार को काफी डराया धमकाया फंसाने की धमकी दी पत्रकार ने सोचा मामला शकील का है मैं क्यों पचड़े में फंसू फिर आया नया मोड़ जो सभी जानते थे गवाह भी है उक्त गाड़ी रिजवान से शकील ने ली थी उक्त गाडी रिजवान की बीबी के नाम है।

अब नामजद आरोपी ने खेल खेला और रिजवान से शिकायती पत्र दिलाया उसकी गाड़ी चोरी हो गई फिर मामले में मोड आया एक खबर चलिए पत्रकार ने की मोटरसाइकिल के दो दो मालिक फिर तहरीर बदलने के लिए कहा गया पूरे मामले में प्राप्त जानकारी के अनुसार यह सामने आया सत्ता पक्ष के छुटभैया के इसारे पर सब हो रहा एक मोटरसाइकिल के लिए इतना बड़ा खेल पत्रकार पुलिस दलाल पुराना गाडी बेचने वाला नेता जी सबके सब इस मामले को वर्चस्व की लड़ाई बनाए हुए नेता जी गाड़ी मिल गई या रूपए मिल गये गाव में बेइज्जती होगी मामला बडा नहीं था बडा होता पुलिस 30 हजार रूपए क्यों देती पुलिस मामला बडा कर दिया गया तहरीर बदलने को क्यो कहा गया और पांचों नामजदों को पकड़ने के बाद क्यो छोड गया दो सिपाहियों का नाम आने पर पत्रकार को धमकाया गया गाड़ी मिली नहीं नामजदों को पकड़ 30 हजार रुपए देने की बात क्या नेता जी के इशारे पर सब खेल हो रहा इस तरह के मामले में पुलिस की किरकिरी बहुत होती है बात गाड़ी चोरी मिली नही गरीब शकील जो उस गाड़ी से कमा कर दो जून की रोटी का जुगाड कैसे करें भाई रिजवान गाडी बेच चुके दुबारा रूपए मिल जाए क्या बुराई लाइन में सब लगे हैं।

# सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला तरक्की का एहसास दिलाने वाला: चंदन लाल वाल्मीकि

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



सुप्रीम कोर्ट के 7 सदस्यीय बैंच के कोटे में कोटा देने का फैसला वंचित जातियों को वास्तविक सामाजिक न्याय दिलाने की है। चंदन लाल वाल्मीकि राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष वंचित शोषित सामाजिक संगठनों का अखिल भारतीय परिसंघ महादलित परिसंघ ने सीतापुर के वाल्मीकि समाज को संबोधित करते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने मैला ढोने वाली से को शहरों को स्वच्छ रखने वाली वाल्मीकि बिरादरियों के अलावा हेला, धानुक, सुदर्शन, मखियार, डोम, बांसफोर, ओलंगना, भंगी, बसोर, बसार, बैस्फोर, बरहर, बराहर, बांसोर, बुरुद, बसोडी, वंसोर, वंसोडी, भुइयां, भूईमाली, चुहड़ा, चूड़ा, चोहड़ा, चांडाल, हेला, धानुक, डोम, डूमार, डुमना, डोरिस, डूमना, डूमने, डोमबारा, डुंबो, धनगढ़, धराई, धराही, धरही, धारक, धानुक, धनक, धनुक, धरकार, धरही, धारी, धेगुमेगु, धुरिया, दखनीमांग, गरुड़ी, गरौडी, धुरिया, घसिया, हलालखोर, हड्डी, हाड़ी, हरी, हाड़ी, हेला, हबूरा, झालमालो, जादमल्ली, झाड़माली, जदमल्ली, जादमाली, जाला, कोरार, लालबेगी, मांगमहाशी, महाशा, मांग, मलकाना, मैला, मिनी मादंगी, महार, महेतर, मेहरा, महरा, माली, मांगना, मांग गरोड़ी, मादिगी, मादिका, माला, मालामस्ती, मालखाना, महतोर, मजहबी, नामषुद्र, नायक, पैडी, पेडी, पान, पौड़ी, पानो, रावत, राधेमांग, रूखी, सरभंगी, तूरी, तुरी, तराल, थोंटी, बांसफर, हरि, मखियार, ओलंगाना, ओलगाना जातियों को अब वास्तविक न्याय की आशा बड़ी है। श्री वाल्मीकि ने कहा कि जो दल, संविधान और बाबा साहब डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर सच्चे हितैषी हैं। तो वह दल अपनी अपनी सरकारों से माननीय सर्वोच्च न्यायालय के पारित आदेश को राज्यों में लागू कराए। चन्दन वाल्मीकि ने कहा अब वाल्मीक समाज के सभी विधायक सांसद अन्य जनप्रतिनिधि, और सामाजिक, धार्मिक, ट्रेड यूनियन के जिम्मेदारों की रणनीति/लड़ाई राज्यों से इसे लागू कराने की भी पहल करें।चिंता करते हुए चंदन लाल वाल्मीकि ने कहा कि सरकारों में अपने लोग नहीं हैं। अधिकांश वहीं हैं जो कार्ट के निर्णय का अन्दर खाना विरोधी है। इस लिए विना थके हर वंचित व्यक्ति की जिम्मेदारी है वह कोर्ट के फ़ैसले का स्वागत करे।

विनय लाला ने वाल्मीकि आश्रम कनवाखेड़ा की भूमि पर दबंगों का कब्जा करने के लिए एक जुट होकर संघर्ष का आह्वान किया।

बैठक में छोटे बाबा घनश्याम दास, महन्त सरदार सुधा, अध्यक्ष विनय कुमार, पंकज धर्मानी, श्रीराम, अर्जुन लाल, राज्ञज कुमार लाला, राजेश तिशोर, नागेंद्र बोधितवान, राकेश वाल्मीकि, राज कुमार बबलू, केसू, सहित भारी संख्या में वाल्मीकी समाज के लोगों ने भाग लिया।

# फोन पर बैंक कर्मी मस्त, खाता धारक हो रहे त्रस्त

* इंडियन बैंक ममरी में है अव्यवस्थाओं का बोलबाला
* ग्राहकों की शिकायत भी नहीं सुनते शाखा प्रबंधक

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी

नगर से लगभग चार से पांच किमी दूर स्थित कस्बा ममरी की इंडियन बैंक में ग्राहकों को परेशान किया जा रहा है। ग्राहकों की शिकायत है की बैंक कर्मी तमाम देर फोन पर लगे रहते हैं जिससे ग्राहकों का काम प्रभावित होता है। शिकायत करने के बाद भी शाखा प्रबंधक कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। ममरी में इंडियन बैंक के शाखा प्रबंधक, शाखा से महज सात- आठ किलोमीटर दूरी ग्राम जड़ौरा के निवासी हैं। स्थानीय होने के कारण वह ग्राहकों से भी पक्षपात रवैया बनाते हैं। जिससे ग्राहक परेशान है। ग्राहकों को पासबुक एंट्री करने और भुगतान निकालने के लिए काफी देर इंतजार करना पड़ता है। सोमवार को कई खाताधारक बैंक शाखा में अपनी पासबुक एंट्री करने गए तो उन्हें काफी देर इंतजार करना पड़ा कर्मचारी मोबाइल में व्यस्त था। बाद में बताया गया कि प्रिंटिंग मशीन खराब है। एंट्री नहीं हो सकती। जब ग्राहकों ने पासबुक पर बारकोड लगाने की मांग की तो बताया गया कि जो कर्मचारी बारकोड लगाती है वह महिला गोला गई है। ग्राहक परेशान होते रहे किसी ने नहीं सुनी। जब कुछ लोगों ने शाखा प्रबंधक से शिकायत की तो शाखा प्रबंधक ने उनसे कहा कि वह उन्हें नियम कानून बता रहे हैं। शाखा प्रबंधक राजीव कुमार का कहना है कि उनकी शाखा में नियमों के तहत ही काम कराए जाते हैं। जब उन्हें बताया गया कि कर्मचारियों के रवैया से ग्राहक परेशान हो रहा है। तब भी उन्होंने ध्यान नहीं दिया।

# सावन के तीसरे सोमवार को जलाभिषेक करने जा रहे कांवड़ियों को भाजपा नेता की गाड़ी ने रौंदा



जन एक्सप्रेस । सीतापुर

सावन के तीसरे सोमवार को भगवान शिव का जलाभिषेक करने युवा कांवरिया नाचते गाते अपने घर से निकले थे लेकिन घर से निकल कर कुछ ही किलोमीटर चलने के बाद कांवरियों के जत्थे में शामिल चार कांवरियों को एक तेज रफ्तार कार ने पीछे से आकर रौंद दिया। घटना इतनी दर्दनाक थी कि कांवड़ लेकर जा रही किशोरी की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना में तीन कांवड़िए गंभीररूप से घायल हो गए, जिन्हें एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी महमूदाबाद पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने तीनों घायलों को लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। घटना में घायल दो कांवरियों की स्थित गम्भीर बनी हुई है। वहीं देर रात हुए हादसे के बाद पुलिस के सामने कांवरियों ने जमकर हंगामा किया तो आसपास के थानों के फोर्स को एहतियात के तौर पर तैनात कर दिया गया। मृतका के परिजनों के आने के बाद पुलिस ने कार्रवाई शुरू की। वहीं घटना को अंजाम देकर भागे चार पहिया वाहन को पुलिस ने पीछा करके दस किलोमीटर दूर से पकड़ा, जिसे महमूदाबाद कोतवाली लाया गया। महमूदाबाद के समनापुर गांव से कांवरिया पड़ोसी जनपद बाराबंकी के प्रसिद्ध प्रसन्नाथ महादेव भगौली तीर्थ जलाभिषेक के लिए जा रहे थे। रविवार की रात करीब 11 बजे अचानक जयरामपुर गांव के सामने महमूदाबाद की ओर से तेजगति से आ रही एस्कार्पियो ने कांवड़ियों के जत्थे को रौंद दिया। हादसे में जल लेकर जा रही नेहा (17) की मौके पर मौत हो गई। दुर्घटना में अरुण (14) पुत्र पप्पू, रजनी (22) पुत्री मोनू और सजनी (16) पुत्री राजेश गंभीररूप स्व घायल हो गईं। घायलों को एम्बुलेंस की मदद से आनन फानन में सीएचसी महमूदाबाद पहुंचाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने गम्भीर हालत में तीनों को लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। दुर्घटना को अंजाम देने के बाद स्कार्पियो लेकर चालक भाग निकला जिसे पुलिस ने पीछा करके करीब 10 किमी दूर पैंतेपुर के पास पकड़ लिया और कब्जे में लेकर कोतवाली ले आई। कोतवाल अनिल सिंह ने बताया कि दुर्घटना करने वाले वाहन चालक को हिरासत में लेकर पूछतांछ कर रही है। कांवड़ लेकर जा रही एक किशोरी की मौत हुई है तथा तीन का इलाज ट्रामा सेंटर में चल रहा है। दुर्घटना को अंजाम देने वाली स्कार्पियो को कब्जे में ले लिया गया है। तहरीर मिलने के बाद केस दर्जकर कार्रवाई की जाएगी।

# ग्रामीणों की समस्या का नहीं हुआ समाधान तो राष्ट्रवादी युवा अधिकार मंच ने सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



**खैराबाद।** विकास खण्ड खैराबाद क्षेत्र की ग्राम पंचायत जैतीखेड़ा मजरा तेजासिंह पुरवा के ग्रामीणों को परिवार रजिस्टर नकल, जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र सहित अन्य सरकारी मूल भूत सुविधाओं में हो रही समस्याओं के निस्तारण को लेकर राष्ट्रवादी युवा अधिकार मंच द्वारा मुख्यमंत्री को संबोधित जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। जिलाध्यक्ष एस के तूफानी ने बताया कि वर्ष 2021 के चुनाव में किए गए परसीमन में विकास खण्ड खैराबाद की ग्राम पंचायत जैतीखेड़ा के मजरा तेजासिंह पुरवा को ग्राम पंचायत सिकटिहा में जोड़ दिया गया है। जिससे ग्रामीणों को काफी समस्याएं हो रही है। और उन समस्याओं को लेकर ग्रामीणों ने खण्ड विकास अधिकारी सहित जिले पर सम्बन्धित को प्रार्थना पत्र भी दिया। लेकिन कोई निस्तारण नहीं हुआ जिसको लेकर आज राष्ट्रवादी युवा अधिकार मंच द्वारा मुख्यमंत्री को संबोधित जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया है। ग्रामीण बताते हैं कि ग्राम पंचायत जैतीखेड़ा के मजरा तेजासिंह पुरवा को ग्राम पंचायत सिकटिहा में जोड़ दिया गया। जिससे हम ग्रामीणों को आय जाति निवास जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र परिवार रजिस्टर नकल सहित अन्य दस्तावेज व सरकारी मूल भूत सुविधाओं में काफी दिक्कतें हो रही है। बताया जा रहा है कि ग्रामीणों द्वारा कई बार जरुरी दस्तावेज लेने का प्रयास किया है लेकिन। दस्तावेज मिलना नहीं बताया गया खास बात तो यह है कि ग्रामीण जब कोई जरुरी दस्तावेज लेने की मांग संबंधित से करते हैं तो यह स्पष्ट होना सिद्ध ही नहीं किया जाता कि आखिर निवासी कहां के हैं। और न ही उन्हें कोई जरुरी दस्तावेज दिया जाता है।जो एक बड़ी समस्या है। ग्रामीणों की समस्या को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपकर मांग की गई कि सीघ्र ही समस्या का समाधान कराया जाए।

इस मौके देवेन्द्र सिंह जिला उपाध्यक्ष, अखिलेश कुमार गौतम महासचिव व अन्य पदाधिकारी सहित ग्रामीण रमेश अवस्थी, किशोर, उर्मिला, फूल मती, राजकुमारी, रामदुलारी, वीरु गौतम सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### डीएम की अध्यक्षता में हुई सीएम डैशबोर्ड की प्रगति की समीक्षा बैठक



जन एक्सप्रेस । हरदोई। विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड के सम्बन्ध में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि विभागीय परियोजनाओं की प्रगति बढ़ाई जाये। आँकड़ों की विभागीय पोर्टल पर ससमय फीडिंग सुनिश्चित की जाये। समय से फीडिंग न करने वाले सम्बंधित अधिकारियों व कर्मचारियों की जवाबदेही तय की जाये। निर्माण एजेंसियों को उन्होंने निर्देश दिए कि निर्माण कार्य तय समय सीमा के अंदर पूर्ण किया जाये। उन्होंने सम्बंधित विभागों को निर्माण एजेंसियों के साथ समय समय पर बैठक करने के निर्देश दिए। आयुर्वेद अधिकारी की बैठक में अनुपस्थिति पर कड़ी नाराजगी जताते हुए उन्होंने एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। उन्होंने कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय के धीमे निर्माण पर नाराजगी जताई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### सघन मत्स्य पालन हेतु एयरेशन सिस्टम की स्थापना प्रारम्भ की गई हैं: सहायक निदेशक

जन एक्सप्रेस । हरदोई। सहायक निदेशक मत्स्य ने बताया है कि मत्स्य पालकों के लिए एक नवीन योजना सघन मत्स्य पालन हेतु एयरेशन सिस्टम की स्थापना प्रारम्भ की गई हैं। योजनान्तर्गत मत्स्य बीज हैचरी करने वाले हैचरी स्वामी, निजी क्षेत्र एवं पट्टे पर आवंटित तालाब की महिला मत्स्य पालक जिनके तालाब की पट्टा अवधि कम से कम 5 वर्ष अवशेष हो, पात्र होंगे। परियोजनान्तर्गत 0.50 हे0 के तालाब में 2 हार्सपावर के एक क्वाड पैडिल व्हीलर एरियेटर एवं 1.00 हे0 या उससे बड़े तालाब हेतु अधिकतम दो एरियेटर पर महिला मत्स्य पालक जिनके तालाब की वर्तमान उत्पादकता कम से कम 4-5 टन प्रति हे0 है, की उत्पादकता में वृद्धि हेतु अनुदान दिया जायेगा। योजना पूर्णत: महिला मत्स्य पालकों के लिए संचालित की गयी है। इसके लिए विभागीय ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन किया जा सकता है। उक्त पोर्टल पर आवेदन 05 अगस्त से 19 अगस्त 2024 तक किया जा सकता है। योजनान्तर्गत आवेदक को इकाई लागत रू0 0.75 लाख प्रति यूनिट सामान्य, अन्य पिछड़ा वर्ग की महिलाओं हेतु 50 प्रतिशत अनुदान तथा अनूसूचित जाति की महिलाओं हेतु 60 प्रतिशत अनुदान उपलब्ध कराया जायेगा। योजनान्तर्गत परियोजनाओं का विवरण, इकाई लागत, आवेदन करने की प्रक्रिया, आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले अभिलेख व विस्तृत विवरण विभागीय पोर्टल पर देखा जा सकता है।

### अज्ञात कारणों के चलते युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

जन एक्सप्रेस । हरदोई। सवायजपुर। तहसील क्षेत्र के मुंडेर गाँव में युवक नें घर में फांसी के फंदे पर लटकर आत्महत्या कर ली। पाली पुलिस नें शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। पाली थाना क्षेत्र के मुंडेर गाँव में निवासी मृतक अंकित कुशवाहा



रोजाना की तरह मजदूरी पर जाता था लेकिन सोमवार क़ो ज़ब वह देर तक काम पर नहीं गया तो उसके साथी घर पहुंचे घर का दरवाजा बंद था मुकेश चार भाई है सब अलग अलग मकान में रहते हैं आवाज देने पर मुकेश नें ज़ब दरवाजा नहीं खोला तो लोगों नें दरवाजा तोड़ा मुकेश कमरे में फांसी के फंदे पर झूल रहा था। यह देखकर परिजन रोने चिल्लाने लगे परिजनों नें बताया मुकेश घर में अपनी पत्नी ज्ञानदेवी के साथ अकेला रहता था पत्नी इस समय मायके में थी किसी से कोई विवाद भी नहीं था पिछले बर्ष ही मुकेश की शादी पाली थाना क्षेत्र के निजमाखेड़ा से हुई थी लोग कयास लगा रहे है फोन पर पति पत्नी का विवाद होने के बाद ऐसा हुआ हो बांकी पाली पुलिस नें शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है प्रार्थनापत्र के आधार पर विधिक कार्यवाही की जायेगी।

### डीएम ने की कर करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की बैठक

जन एक्सप्रेस । हरदोई। विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में कर करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली सुनिश्चित की जाये। वसूली के लिए कार्ययोजना बनाकर कार्य किया जाये। राजस्व कार्यों की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि राजस्व वादों का जल्द से जल्द निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। पुराने वादों को प्राथमिकता दी जाये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# श्रावण मास में चारों तरफ हर हर महादेव के नारे जय भोले की गूंज सुनाई दे रही है



जन एक्सप्रेस । सीतापुर

**लहरपुर।** श्रावण मास में सब कहानी हर हर महादेव के नारे जय भोले की गूंज सुनाई दे रही है सभी मंदिरों पर भक्तगण विशेष रूप से पूजा अर्चना करते हैं तथा कांवरिया जलाभिषेक करते हैं सभी लोग भगवान शिव की कृपा पाने के लिए तत्पर है जनपद के लहरपुर क्षेत्र में सर्वाधिक महत्वपूर्ण मंदिर जंगली नाथ बाबा माने जाते हैं लहरपुर नगर के उत्तर और पश्चिम 3 किलोमीटर की दूरी पर जंगली नाथ गांव में विराजमान जंगली नाथ बाबा का अपना अलग महत्व है लोगों में बड़ी श्रद्धा है इसका इतिहास भी कम रोचक नहीं है

कथा प्रसिद्ध है नबीनगर स्टेट का मैनेजर पीसी डन स्टेट की देखरेख करता था अंग्रेजों ने ऐसा नियम बनाया था जिनके संतान नहीं होती थी उन राज्यों को अपने अधीन कर लेते थे यहां पर भी ऐसा ही था एक दिन ब्रिटिश से फरमान आया की वापस आ जाओ तुम्हें युद्ध में जाना है पीसी डन यहां आइसो आराम की जिंदगी व्यतीत कर रहा था वह युद्ध में भाग लेना नहीं चाहता था तभी स्थानीय लोगों ने उसे सलाह दी उसे जंगली नाथ मंदिर पर जाकर शिवजी का दर्शन करो और प्रार्थना करो यह सुनकर अंग्रेज अधिकारी जंगली नाथ मंदिर पर जाकर प्रार्थना की कि मेरा ट्रांसफर रुक जाए मैं यहां मंदिर और तीर्थ बनाऊंगा चमत्कार हुआ दूसरे दिन ही फरमान आ गया कि आप वहीं रुके रहे तत्कालीन रानी नबीनगर स्टेट पृथ्वीपाल कुंवरि धार्मिक और लोकप्रिय रानी थी उन्होंने पूरा सहयोग किया 1918 से 1921 तक काम होता रहा भव्य मंदिर का निर्माण उत्तर में तीर्थ तथा यात्रियों के रहने के लिए सराय बनाई गई जिससे इस स्थान की ख्याति दूर-दूर तक फैल गई सावन के हर सोमवार को मेला लगता है तथा रक्षाबंधन वाले दिन विशाल मेला होता है जिसमें दूर दराज के भक्त लोग आकर मनौती मांगते हैं और भगवान शिव पर जल चढ़ाते हैं इस मंदिर की ख्याति दूर-दूर तक प्रसिद्ध है।

# मार्ग दुर्घटना में बाइक सवार एक कांवड़िए की मौत, तीन घायल




* सकाहा शिव मंदिर में जल चढ़ाकर घर जा रहे थे कांवड़िये

जन एक्सप्रेस । हरदोई

कोतवाली देहात क्षेत्र में शिव मंदिर कांवर चढ़कर वापस लौट रहे कांवड़ियों की बाइक अचानक अनियंत्रित होकर पुलिया से टकरा गई।घटना में चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। युवकों को बेहतर उपचार के लिए हरदोई मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की आवश्यक विधिक कार्यवाही में जुटी है।सावन के तृतीय सोमवार को सकाहा स्थित शिव संकट हरण मंदिर पर जल चढ़ा कर वापस आते समय दुर्घटना हो गयी।

जानकारी के अनुसार अंकित गुप्ता पुत्र संजय गुप्ता निवासी इंदिरा नगर गंभीर रूप से घायल है वही शोभित पुत्र रामदुलारे गुप्ता व प्रदीप गुप्ता घायल है। हादसे में विकास गुप्ता पुत्र छोटे लाल गुप्ता निवासी इंदिरा नगर की हादसे में मौत हो गई है। यह कांवड़िये एक जत्थे में अपनी दो बाइकों पर सवार होकर सकाहा स्थित शिव मंदिर पर कांवर चढ़ाने गए थे।वापस लौटते समय गुलामऊ के पास रास्ते में जानवर को बचाने के चलते बाइक अनियंत्रित होकर पुलिया में जा टकराई।

हादसे में चारों कांवड़िये गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस की सहायता से हरदोई मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने विकास गुप्ता को मृत घोषित कर दिया।

जबकि तीन युवकों का इलाज जारी है। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

और मामले में आवश्यक विधिक कार्यवाही में जुटी है। घटना को लेकर परिवार में कोहराम मचा हआ है। सीओ सिटी ने बताया कि तीन बाइक सवार जल चढ़ाकर घर जा रहे थे। तभी अचानक अनियंत्रित बाइक पुलिया से टकरा गई।

जिसमें इलाज के दौरान एक कांवड़िया की मौत हो गई जबकि दो लोग घायल है। मामले में तहरीर लेकर विधिक कार्वाई की जा रही हैं।

# साक्ष्य और प्रमाणों सहित की गई शिकायतों की अनदेखी कर रहा जिला प्रशासन: किसान मंच

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



किसान मंच की मासिक बैठक में उपस्थित संगठन पदाधिकारियों द्वारा जनहित के मुद्दों हेतु पूर्व में की गई शिकायतों पर चर्चा व जिलाधिकारी महोदय को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया। राष्ट्रीय सचिव/प्रदेश प्रभारी शिव प्रकाश सिंह ने कहा कि यह कैसी विडम्बना है। संगठन द्वारा उठाए गई सामाजिक समस्याओं व समूचे जनपद में अलग अलग जगहों पर भू माफियाओं द्वारा किए गए अवैध कब्जों की शिकायत साक्ष्य व प्रमाणों के साथ की गई थी। परंतु जिला प्रशासन मौन धारण कर भू माफियाओं को संरक्षण दे रहा है। खानापूर्ति के लिए कार्रवाई में उन असहायों और गरीबों को प्रताड़ित किया जाता है जो बेचारे किसी तरह झोपड़ियों में जीवन यापन करते हैं। महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष अल्पना सिंह ने कहा कि विकास खंड खैराबाद की ग्राम पंचायत भगवानपुर में पूर्व लेखपाल वीरेंद्र बलिया द्वारा अवैध कब्जों से मुक्त की गई जमीन पर वर्तमान में तैनात लेखपाल राहुल तिवारी अवैध सुविधा शुल्क लेकर दोबारा कब्जे कराऐ जा रहें हैं। जिस पर जिला प्रशासन को अविलंब जांच व कार्यवाही सुनिश्चित करनी चाहिए। जिलाध्यक्ष राकेश बाजपेई ने ग्राम पंचायत भवानीपुर कालिकाबक्श के मजरा सन्ना में बंदरों के प्रकोप का मुद्दा उठाते हुए कहा कि समूचे गांव सहित पास पड़ोस में जीवन यापन करने वाले लोगों को इस समस्या के कारण भारी कष्ट उठाने पड़ रहे हैं। महिला प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष मुन्नी चौधरी ने कहा कि ग्राम नरसोही विकास खंड परसेंडी में विद्युत विभाग द्वारा संचालित ग्यारह हजार की लाइन आबादी से सटकर निकाली गई है, और और जर्जर तारों के चलते अभी तक दो लोगों की अकाल मौतें हो चुकी है। विद्युत विभाग को इस समस्या का निराकरण करना चाहिए ज्ञापन देने वाले पदाधिकारियों में विजय कुमार सिंह, उत्तम मौर्य, मो0नफीस, लीलावती सन्तोष भारती, पुष्पा देवी, दीपेंद्र कुमार हाशमी, उदय राज सिंह आदि उपस्थित थे।

# पाली पुलिस ने लैब संचालक सहित दो लोगों को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । हरदोई

**पाली।** स्वास्थ्य विभाग के द्वारा पाली कस्बे में अवैध रूप से चल रहे एक डायग्नोस्टिक सेंटर (लैब) के खिलाफ दर्ज कराए गए मुकदमे में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए डायग्नोस्टिक लैब संचालक सहित दो लोगों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। इसके अलावा आशा बहू नर्स के खिलाफ भी कार्रवाई जारी है।

आपको बता दें कि भरखनी गांव की एक महिला को एचआईवी पॉजिटिव बता कर 55 हजार रुपये ठगने वाले पाली के एक निजी क्लीनिक हिंद हॉस्पिटल को स्वास्थ्य विभाग ने सीज कर दिया था। इसके अलावा फर्जी रिपोर्ट देने वाली डायग्नोस्टिक लैब को सीज कर उसके संचालक और कर्मचारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। थानाध्यक्ष आलोक मणि त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी के निर्देशन व सीओ शाहाबाद के निकट पर्यवेक्षण में पाली थाने पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 330/24 धारा 272 आईपीसी व 15(2), 15(3) इंडियन मेडिकल काउंसिल एक्ट 1956 व बढ़ोत्तरी धारा 318(4) /61(2) /388/ 336(3)/ 340(2) BNS के तहत लैब संचालक सवायजपुर कोतवाली क्षेत्र के सिमरिया गांव के सचिन दीक्षित पुत्र विनोद दीक्षित व जांच के दौरान प्रकाश में आये श्रावस्ती जिले के सिरसिया थाना क्षेत्र के अहलादपुर गांव के डॉक्टर हिमांशु पाठक पुत्र स्व0 सूर्यकुमार पाठक को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के बाद दोनों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। एक्ट की कार्रवाई की जाएगी।

# वृक्षारोपण की जगह झाड़ियों की फोटो विभागीय साइट पर कर रहे अपलोड

**मनरेगा योजना में लूट की छूट, फर्जी हाजिरी व फोटो अपलोड कर रहे रोजगार सेवक**

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**

फरेंदा विकास खण्ड क्षेत्र के ग्राम पंचायत खजुरिया में मनरेगा योजना में लूट खसोट का ताजा मामला प्रकाश में आया है जहाँ ग्राम पंचायत में एक आईडी चल रही है जिसमें दर्जनों श्रमिकों का फर्जी मस्टरोल भरा जा रहा है आई डी संख्या - 3152013030/ एलडी/95848625582416825 9 द्वारा विभागीय साइट पर वृक्षारोपण कार्य चल रहा है। कार्य में श्रमिकों का मस्टरोल जारी किया गया है परन्तु जमीनी पड़ताल में दूर- दूर तक कहीं एक भी श्रमिक नहीं पाये गये , जहां केवल कार्य



मनरेगा योजना के अन्तर्गत सिर्फ कागजों में चल रहा है। धरातल पर हवा -हवाई साबित हो रहा है।

### भाजपा सरकार का भ्रष्टाचार मुक्त शासन हुआ हवा हवाई

भाजपा की केन्द्र एवं प्रदेश सरकार जहां भ्रष्टाचार मुक्त शासन करने की दावा करती है वहीं विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत खजुरिया ग्राम पंचायत में जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। अगर जमीनी स्तर पर इसकी पड़ताल कर ली जाए तो भ्रष्टाचार की कलाई परत-दर-परत खुलकर सामने आने लगेंगी। जो लोग गांव में कभी कार्यस्थल पर नहीं जाते उनके नाम पर ग्राम पंचायत में नियुक्त रोजगार सेवक द्वारा फर्जी हाजिरी लगा दिया जाता हैं। तकनीकी सहायक द्वारा फर्जी एम.बी. कर दिया जाता है और मजदूरों के खाते में पैसा भेज निकलवा लिया जाता है और उनको हजार रुपए की रकम पकड़ा दिया जाता हैं ।सबसे बड़ी बात यह है कि फर्जी मनरेगा योजना में हो रहे कार्य स्थल पर शुरू होने और समाप्त होने व परियोजना पर व्यय किये गए धन की कहीं कोई साइन बोर्ड नहीं लगा है जिससे यहां नहीं पता हो पता कि इस परियोजना पर कितने दिन, कितने श्रमिकों को कितना रुपये का भुगतान हुआ। इस योजना में सरकारी धन का खूब बंदर बांट हो रहा है। मनरेगा योजना में हो रहे भ्रष्टाचार की जिम्मेदारी रोजगार सेवक की होती है। वह एन.एम.एम एस. द्वारा फर्जी हाजिरी लगाते हैं उसके बाद तकनीकी सहायक की जिम्मेदारी होती है कि वह फर्जी एम. बी .कर देते हैं और प्रधान व सचिव की जिम्मेदारी भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका होती हैं पैसा स्वीकृत होकर श्रमिकों के खाते अच्छी खासी रकमें भेज दी जाती हैं। मनरेगा योजना में घोटाले बाजों की जड़े इतनी मजबूत हैं कि किसी भी ग्रामीण में इतनी हिम्मत नहीं होती की खुलकर इसका विरोध कर सके अगर किसी ने भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाई तो उसकी हर तरह से इतना प्रताड़ित व पीड़ित कर दिया जाता है कि वह थक हार कर घर पर बैठ जाता है। जिससे भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस समय मनरेगा द्वारा कहीं कोई भी कार्य नहीं चल रहा है।

### विभागीय साइट पर अपलोड फोटो गलत है तो जांच कर की जाएगी कार्रवाई: सीडीओ

इस संबंध में पूछे जाने पर फरेंदा बीडीओ कृष्णकांत शुक्ला ने कहा कि मामला प्रकाश में आया है जांच कर संबंधित पर कार्यवाही किया जाएगा। महराजगंज के सीडीओ अनुराग जैन ने कहा कि अगर गलत फोटो अपलोड हुआ है तो जांच कर कार्यवाही की जाएगा

## रेवेन्यू बार एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन, एसडीएम को सौंपा

जन एक्सप्रेस/आनन्दनगर महराजगंज। रेवेन्यू बार एसोसिएशन फरेंन्दा अध्यक्ष अष्टभुजा वर्मा एवं महामंत्री परमात्मा सिंह के नेतृत्व में अधिवक्ता सुरक्षा प्रोटेक्शन बिल लागू करने की मांग को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। सोमवार को अधिवक्ताओं ने फरेंदा उपजिलाधिकारी नवीन कुमार के जरिए सीएम योगी को पत्र भेजा ।अधिवक्ताओं ने ज्ञापन में मांग किया है कि न्यायालय परिसर में सुरक्षा व्यवस्था कायम किया जाए एवं अधिवक्ता सुरक्षा प्रोटक्शन बिल लागू किया जाए। इस दौरान पदाधिकारीयों ने कहा कि अधिवक्ताओं के साथ कातिलाना हमला व हत्या जैसी बड़ी घटनाओं से अधिवक्ता समाज आहत हैं और अपने आप को असुरक्षित महसूस नहीं कर पा रहा है। इसके बाद सभी अधिवक्ताओं ने कहा कि दोनों मांग पूर्ण होने से अधिवक्ताओं को सुरक्षा मिलेगा। इस दौरान चिंतामणि दुबे, वीरेंद्र त्रिपाठी, आनंद कुमार गुप्ता, अशफाक अहमद, सतीश चंद्र दुबे, राम विजय यादव ,संजय कुमार मिश्रा, अनूप कुमार श्रीवास्तव, विपिन बिहारी श्रीवास्तव, जयप्रकाश सिंह,विनोद शंकर द्विवेदी, लाल बहादुर पटेल, आशीष कुमार श्रीवास्तव, अश्वनी श्रीवास्तव, पन्ने लाल, रामप्रताप यादव, अखिलेश यादव आदि उपस्थित रहे।

# जन एक्सप्रेस की खबर रंग लाई, डीसी मनरेगा ने की बड़ी कार्रवाई

**✻ ग्राम सचिव, रोजगार सेवक और ग्राम प्रधानों के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी**

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक जन एक्सप्रेस द्वारा विभागीय भ्रष्टाचार, सामाजिक अत्याचार की खबरों को निरंतर प्रमुखता से प्रकाशित किया जाता रहा है, योगी आदित्यनाथ के गृह मंडल गोरखपुर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने खबरों का संज्ञान लेते हुए भ्रष्टाचारियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई भी किया है। जन एक्सप्रेस के 29 जुलाई 2024 के अंक में प्रकाशित **सीएम के जिले में मनरेगा योजना में मची लूट, जिम्मेदार मेहरबान** नामक शीर्षक से प्रकाशित खबर का डीसी मनरेगा सौरभ श्रीवास्तव ने संज्ञान लेते हुए बड़ी कार्रवाई की है। जिले के जंगल कौड़िया ब्लॉक में बीते दिनों ब्लॉक के बेला, मीरपुर, फुलवरिया और उसका ग्राम में हो रहे मनरेगा के अंतर्गत भ्रष्टाचार की खबर प्रकाशित हुई इसके बाद हुए जांच के बाद संबंधित जिम्मेदारों के खिलाफ कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा रूपम सिंह ने कारण बताओ नोटिस जारी किया और इन गांवो का मस्टररोल भी जीरो कर दिया। बड़ी कार्रवाई की सूचना मिलते ही ब्लॉक के अधिकारियों कर्मचारियों सहित ग्राम प्रधानों में हड़कंप मच गया है। जानकारी अनुसार, गांव के जिम्मेदार मनमानी तरीके से फिर पुरानी फोटो अपलोड कर मजदूरों की हाजिरी एमएमएस ऐप पर भरी जा रही थी। इस मामले में ग्रामीणों ने बताया मौके पर हुए कार्यों के भौतिक सत्यापन की मांग अधिकारियों से की थी। ग्रामीणों का कहना है कि इन गांवों में मनरेगा के अलावा अन्य मद से हुए कार्य में भी भ्रष्टाचार हुआ है जिसकी जांच संबंधित अधिकारियों को करना चाहिए।

### सभी ग्राम पंचायतों का मस्टरोल जीरो कर दिया गया है, भविष्य में ऐसा करने पर होगी सख्त कार्रवाई

डीसी मनरेगा सौरव श्रीवास्तव ने बताया हिंदी दैनिक जन एक्सप्रेस में छपी


सीएम के जिले में मनरेगा योजना में मची लूट, जिम्मेदार मेहरबान
मनरेगा पोर्टल पर अपलोड फोटो

खबर का संज्ञान लिया गया है तथा संबंधित मनरेगा मेट सचिव और ब्लॉक स्तरीय मनरेगा सेल से कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। पोर्टल पर फर्जी फोटो अपलोड करने वाले समस्त ग्राम पंचायतों के मस्टरोल को जीरो कर दिया गया है और यदि भविष्य में इसकी या इस तरह के कारनामे की पुनरावृत्ति होती है तो संबंधित के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## पूर्व राज्यमंत्री ने विभिन्न विकास कार्यो संबंधित पत्रक सीएम योगी को सौंपा

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**



हिंदू युवा वाहिनी के पूर्व जिला संयोजक व पूर्व उपाध्यक्ष लाल बहादुर शास्त्री गन्ना संस्थान लखनऊ (दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री) नीरज शाही ने गोरखनाथ मंदिर स्थित मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय पर सीएम योगी आदित्यनाथ को स्मृति चिन्ह भेंट किया।

श्री शाही ने मुख्यमंत्री मुलाकात के दौरान देवरिया में नई चीनी मिल की स्थापना, शहर के कुर्ना नाला पर किए गए अतिक्रमण को हटवाएं जाने के साथ सोनूघाट में एक नया विद्युत सब स्टेशन स्थापित करने सहित सिद्ध पीठ बारीपुर हनुमान मंदिर के सुंदरीकरण हेतु पत्रक सौपा।

हियुवा संयोजक श्री शाही ने गौरीबाजार थाना अंतर्गत ग्राम असनहर के तीन घरों में हुए भीषण चोरी का भी मुख्यमंत्री के संज्ञान में दिया जहां उन्होंने सभी का तत्काल देखने हेतु अपने अधीनस्थों को निर्देशित किया।

# सीएम सिटी में इलाज के नाम पर चल रहा था झाड़ फूंक

**✻ पुलिस के पहुंचते ही भाग गया तांत्रिक, सभी बीमारियों को ठीक करने का करता था दावा**

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

जनपद के कैंपियरगंज क्षेत्र के एक मंदिर परिसर में झाड़ फूंक का अस्पताल चलाने का मामला सामने आया है। सोमवार को सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस के पहुंचने से पहले ही तंत्र मंत्र करा रहे लोग वहां से भाग गए पता चला कि वहां हर बीमारी का इलाज तंत्र-मंत्र और अंगारों पर चलकर करने का दावा किया जा रहा था। पुलिस ने पुजारी से कहा कि ऐसी गतिविधियों की जानकारी तुरंत दें।



### तांत्रिक गतिविधियों पर होगी सख्ती

दरअसल मंदिर में लोगों की आस्था के साथ-साथ कुछ तांत्रिक भी अपनी गतिविधियां चला रहे हैं तांत्रिकों की सक्रियता की सूचना मिलने पर पुलिस ने पुराने तांत्रिक रजिस्टर को फिर से अपडेट करना शुरू कर दिया है। सोशल मीडिया पर मिली जानकारी के अनुसार भूत प्रेत का साया बता कर गरीब व अनपढ़ लोगों को ठगा जा रहा है जहां कई लोगों को अंगारों पर चलाया जा रहा है जिससे बड़े हादसे होने की आशंका है पुलिस के पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने इस बात की पुष्टि की।

### पुलिस के आते ही फरार हो गए तांत्रिक

पुलिस के आते ही तांत्रिक फरार हो गए पुलिस ने पुजारी के सहयोग से आमजन से अपील करते हुए कहा है कि पहले भी यहां तांत्रिकों पर सख्त कार्रवाई हुई थी लेकिन अब फिर से तांत्रिकों का जमावड़ा लगना शुरू हो गया है। तांत्रिकों के जमावड़े की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

### सभी रोगों में बताते हैं भूत प्रेत की साया, अन्य प्रांतों से भी इलाज कराने आते हैं लोग

स्थानीय लोगों ने बताया कि हर बीमारी का कारण भूत प्रेत बताया जाता है और तांत्रिक मंदिर परिसर में ही डेरा जमाए रहते हैं इस तरीके से लोगों का इलाज किया जाता है और समय पर सही इलाज न होने के कारण कई बार लोगों की जान भी चली जाती है। गोरखपुर के अलावा बिहार और नेपाल से भी लोग तंत्र मंत्र से इलाज कराने यहां आते हैं।

### तंत्र मंत्र से इलाज का दावा करने वाले तांत्रिकों पर होगी सख्त कार्रवाई: एसपी नार्थ

पुलिस अधीक्षक उत्तरी जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर मिली शिकायत के बाद पुलिस वहां गई थी लेकिन कुछ खास नहीं मिला तंत्र-मंत्र करने वालों की जांच की जाएगी पुजारी से भी बातचीत की गई और ऐसी गतिविधियों की सूचना देने को कहा गया है स्थानीय थाने की पुलिस भी निगरानी कर रही है। तंत्र मंत्र से इलाज का दावा करने वाले तांत्रिकों पर की जाएगी सख्त कार्रवाई।

# मुख्यमंत्री योगी ने किया रुद्राभिषेक, किया लोक-मंगल की कामना

**सावन के तीसरे सोमवार को उमड़ी भीड़, हर-हर महादेव के जयघोष से शिवमय हुआ शहर**

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

सावन महीने के तीसरे सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरक्षपीठाधीश्वर के रूप में अंधियारी बाग स्थित प्राचीन मानसरोवर मंदिर में रुद्राभिषेक किया इस धार्मिक अनुष्ठान के दौरान उन्होंने भगवान भोलेनाथ से लोगों की सुख समृद्धि की प्रार्थना की मुख्यमंत्री ने मंदिर में महादेव को बेल पत्र, कमल पुष्प, दूर्वा और अन्य पूजा सामग्री अर्पित की और फिर दूध और फलों के रस से रुद्राभिषेक किया। गोरखनाथ मंदिर में विद्वान पुरोहितों ने शुक्ल यजुर्वेद संहिता के रुद्राष्टक मंत्रों से रुद्राभिषेक करवाया। मुख्यमंत्री ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन और आरती की और लोगों के स्वास्थ्य सुख समृद्धि और शांतिपूर्ण जीवन की कामना की।



### शिवालियों में भक्तों की लगी भारी भीड़

सावन के तीसरे सोमवार को भी शिव भक्तों की शिवालियों में भीड़ उमड़ पड़ी इस दौरान सुबह से शिव भक्त प्रभु की आराधना करते हुए नजर आ रहे हैं । बम बम भोले के नारो के साथ लोग जलाभिषेक और पूजन अर्चन कर रहे हैं मंदिरों में भक्तों की लंबी लाइन लगी है श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रशासन के साथ ही जिला और पुलिस प्रशासन ने भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं।

### इन मंदिरों पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

शहर में महादेव झारखंडी मुक्तेश्वर नाथ राजघाट मानसरोवर गोरखनाथ बेतियाहाता मंदिर शिवपुरी कॉलोनी स्थित प्राचीन शिव मंदिर सहित अन्य शिवालियों पर श्रद्धा का सैलाब उमड़ा है।

## अंबेडकर पुस्तकालय के लिए संजय रावत ने हर घर से सहयोग के लिए किया अपिल

**जन एक्सप्रेस/आनन्दनगर महराजगंज।** अंबेडकर पुस्तकालय के लिए घर-घर जाकर युवा सहयोग राशि के लिए अपील कर रहे हैं। सोमवार को भाई संजय राव के नेतृत्व में फरेंदा के ग्राम सभा परसा महंत में पहुंचे जहां ग्रामीणों ने सहयोग राशि देने का समर्थन दिया और एक दूसरे से सहयोग राशि भी दिलवाने का आश्वासन दिया ।इसके साथ ही साथ अंबेडकर पुस्तकालय के बारे में भाई संजय राव विस्तारित रूप से बताया कि इस पुस्तकालय में गरीब, असहाय, लाचार बच्चों को एवं हर वर्ग के समाज के छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा का तैयारी की बुक रखी जाएगी एवं महापुरुषों के किताबें रखी जाएगी खासतौर से भारतीय संविधान की बुके एवं बहुजन महापुरुषों का भी इस लाइब्रेरी में बुके राखी जाएंगी जिससे सर्व समाज के हर एक व्यक्ति को पढ़ने में बहुत सरल होगा और लाइब्रेरी में पढ़ने वाले छात्राएं एवं व्यक्ति को निःशुल्क सुविधा का व्यवस्था भी किया जाएगा।

# सीएम से ग्रीन सिटी से गुजरने वाली सड़क की चौड़ाई कम करने की लोगों ने किया मांग

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

ग्रीन सिटी से माधोपुर बंधे तक पीडब्ल्यूडी की ओर से बनने वाली टू लेन सड़क की चौड़ाई कम करने के लिए डॉक्टर सहित अन्य लोगों ने सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। गोरखनाथ मंदिर में पहुंचकर लोगों ने सीएम को पत्र देते हुए सड़क की चौड़ाई 12 मी करने की मांग की है।



डॉक्टरों का कहना है कि सीएम ने उनकी बात सुनकर पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को उचित कार्रवाई का निर्देश दिया है। गोरखपुर सोनौली हाईवे से निकलकर ग्रीन सिटी होते हुए पटनिया से माधोपुर बंधा तक टू लने सड़क के लिए शासन ने 11.47 करोड रुपए की बजट को मंजूरी दी है । शासन ने परियोजना को वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति देते हुए पहली किस्त के रूप में 22.39 करोड़ रुपए भी जारी भी कर दिए हैं। बारिश के बाद इस रोड पर काम शुरू कराया जाने की तैयारी है। लेकिन नथमलपूर लच्छीपुर के लोगों का कहना है की विस्तारित सड़क की चौड़ाई 15.5 मीटर तय की गई है। यदि इसे 12 मीटर कर दिया जाए तो बहुत से आवास धवस्थिकरण से बच जाएंगे।

अंधे मोड़ और घुमाव वाली जगह को सीधा करने राजस्व विभाग की ओर से मल सड़क की पैमाइश करते चिन्हित करते हुए मध्य बिंदु के विस्तारीकरण का आधार निर्धारित करने, प्रस्तावित सड़क विस्तारीकरण में सड़क और सड़क के दोनों तरफ तीन-तीन मीटर डरक्त ड्रेन तथा एक-एक मीटर फुटपाथ की जगह सड़क को 7 मीटर बनाने और डक्ट और ड्रेन को 2.5 मीटर रखने की मांग लोगों ने सीएम से की है। इससे 400 घर टूटने से बच जाएंगे। ग्रीन सिटी निवासी बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. एनके जयसवाल ने बताया कि सीएम ने 12 मीटर चौड़ी सड़क बनाने का निर्देश पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को दिया है इस दौरान डॉक्टर डीके भवानी संतोष कुमार जायसवाल सचिन श्रीवास्तव श्रवण अजय कुमार राहुल श्रीवास्तव कृष्ण कुमार जायसवाल आदि अन्य लोग मौजूद रहे।

## केंद्रीय राज्यमंत्री ने शिक्षाविद् स्वर्गीय कुंवर बहादुर चंद की पुण्यतिथि पर किया नमन

जन एक्सप्रेस/गगहा,गोरखपुर। महान व्यक्तित्व संघ के सहयोगी संगठन **इतिहास संकलन समिति** के पदाधिकारी रहे। भटवली महाविद्यालय के पूर्व प्रचार्य, गोरखपुर विश्वविद्यालय के आचार्य, सिविल सेवा से त्यागपत्र दे कर शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देने वाले स्व0 कुवर बहादुरचंद कौशिक की नौवीं पुण्यतिथि रविवार को आदर्श इंटर कालेज हाटा बाजार के प्रांगण में मनायी गयी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री व बासगांव सांसद कमलेश पासवान ने स्व कुंवर बहादुर चंद कौशिक के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके कृतियों को याद किया ।इस अवसर पर गोरखपुर विश्व विद्यालय के द्विगविजय नाथ मौर्य, संघ विचारक कौस्तुभ मिश्रा, प्रोफेसर निरंकार राम त्रिपाठी ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पुर्व मंत्री व विधायक खजनी श्रीराम चौहान तथा संचालन सोमनाथ सिंह ने किया। कार्यक्रम में बासगांव विधायक विमलेश पासवान, बड़हलगंज ब्लाक प्रमुख राम अशीष राय, अंबरीश चंद, संदीप चंद, डाक्टर प्रमोद श्रीवास्तव, शिवांक चंद, संतोष गौतम, परिभ्राट चंद, डाक्टर विभ्राट चंद कौशिक, संतोष चंद, अरविंद शाही मौजूद थे।

## पौधरोपण से होगी हरियाली, छाएगी खुशहाली: पूर्व विधायक

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**

एकल विद्यालय संच झुनुवा में सोमवार को विद्यालय परिसर में 11 पौधे रोपित कर पर्यावरण को संरक्षित करने और पौधों की सुरक्षा का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक चौधरी शिवेंद्र सिंह रहें। उन्होंने कहा कि वृक्ष हमें प्राणवायु ऑक्सीजन देते हैं जिससे पर्यावरण शुद्ध रहता है। अपनी संस्कृति और धर्म के संरक्षण के साथ-साथ प्रकृति को सुरक्षित रखने के लिए पौधा रोपण करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस 2024 का थीम हमारी भूमि हमारा भविष्य है। जल पेड़ पौधों के बिना धरती पर जीवन कल्पना नहीं की जा सकती है।इसी कड़ी में शिवम जायसवाल ने कहा की पर्यावरण सुरक्षित नहीं होगा तो हमारी सुरक्षा भी खतरे में आ जाएगी। हवा, पानी, खाद्य पदार्थ आदि सभी पर्यावरण कें अंग हैं। इसके कारण पर्यावरण संरक्षण का महत्व बढ़ जाता है पर्यावरण के इसी महत्व को जन-जन तक पहुंचाने, पर्यावरण सरक्षण के लिए जरूरी कदम उठाने और लोगों को इसके प्रति जागरूक करने के लिए ही इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता हैं।इस मौके पर अभियान प्रमुख अंचल परीक्षण प्रमुख योगेन्द्र गुप्ता, राधेश्याम, उपेंद्र यादव, दुर्गेश चौधरी, मेराज, करुणेश उपाध्याय अवधेश राजभर, अरविंद राजभर, नरेश राजभर, विकास यादव, उमेश पासवान, सोनू कन्नौजिया, परविंद विश्वकर्मा, चंद्रभान चौहान, अभिषेक पासवान, आचार्या दीदी चंदा वर्मा, शीला सहित विद्यालय ग्राम के सभी बच्चे मौजूद रहे।

# एसपी सोमेंद्र मीणा ने थानों का किया औचक निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । आनन्दनगर महराजगंज**

पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने सोमवार को तीन थानों का औचक निरीक्षण किया। जिसमें वह सबसे पहले पुरन्दरपुर पहुंचे।श्रावण माह व आगामी स्वतंत्रता दिवस के दृष्टिगत थाना क्षेत्र के धार्मिक स्थलों के साथ-साथ क्षेत्र के गुंडा, बदमाशों, एचएस की चैकिंग कर शांति व कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने हेतु दिए आवश्यक निर्देश दिए। अपराध रोकथाम एवं श्रावण माह तथा आगामी स्वतंत्रा दिवस के दृष्टिगत शांति व कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने हेतु पुलिस अधीक्षक ने पुरन्दरपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, जीडी कार्यालय, आवासीय बैरक, सीसीटीएनएस, सीसीटीवी कैमरे, आइजीआरएस कार्यालय,



बंदीगृह, भोजनालय आदि का बारीकी से अवलोकन किया गया।थाने पर अपराध रजिस्टर, निरोधात्मक कार्यवाही रजिस्टर, हिस्ट्रीशीट रजिस्टर, सक्रिय अपराधी रजिस्टर व अन्य अभिलेखों को चेक किया गया तथा थानो पर हो रहे निर्माण कार्यों की प्रगति देखी गई एवं संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। थाने का हवालात चेक करते हुए साफ-सफाई की स्थिति आदि का अवलोकन किया गया एवं आवश्यक निर्देश निर्गत किए गए।

थानों पर उपस्थित सभी पुलिस अधिकारी / कर्मचारीगण को सख्त हिदायत दिया। उन्होंने कहा कि अपेक्षित समस्त कार्यवाहियों का निर्वहन पूर्ण व सही तरीके से करें। बीट आरक्षी/मुख्य आरक्षिगण को अपने -अपने क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा भ्रमणशील रहकर वहां के संभ्रांत लोगों से नियमित संपर्क में रहने व क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधियों तथा आम जन के शिकायतों का विधिपूर्वक समय से निस्तारण करने हेतु हिदायत दी। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने कोल्हुई व नौतनवा थाने पर पहुंचे।इस दौरान प्रभारी पुरुषोत्तम राव, उपनिरीक्षक संदीप यादव, कांस्टेबल विवेक यादव सहित अन्य पुलिसकर्मी रहे।

## राजकीय आश्रम पद्धति इंटर कॉलेज, मेहरौना से लिए गए खाद्य पदार्थ के नमूने

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा बिनय कुमार सहाय ने बताया कि सोमवार को देवरिया स्थित राजकीय आश्रम पद्धति इंटर कॉलेज, मेहरौना में फूड प्वाइजनिंग की सूचना पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने कॉलेज स्थित किचन एवं स्टोर का निरीक्षण किया



एवं कुल सात नमूने संग्रहित किया गया, जिसमें तैयार रोटी, तैयार दाल, तैयार सब्जी, मिर्च पाउडर, काबुली चना, सरसों तेल एवं मिक्स अचार शामिल थे।

मौके पर संचालक राजकुमार गुप्ता की उपस्थिति में नमूना संग्रहण की कार्रवाई संपन्न की गई। भंडारण एवं किचन के संचालन में पाई गई कमियों के संबंध में संचालक को अवगत कराते हुए विभाग की तरफ से एक नोटिस जारी की जा रही है। सभी नमूने जांच हेतु खाद्य प्रयोगशाला भेजे जा रहे हैं, जहां से रिपोर्ट प्राप्त होने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# यूपी को सौर ऊर्जा से जगमग करेंगे 30 हजार 'सूर्य मित्र'

## सौर ऊर्जा सेक्टर में बड़े स्तर पर स्किल्ड मैनपॉवर की जरूरत को देखते हुए युवाओं को किया जा रहा प्रशिक्षित

- अबतक तीन हजार से अधिक सूर्य मित्रों का प्रशिक्षण हो चुका है पूरा
- प्रदेश में 25 लाख सोलर रूफ टॉप लगाने का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लिया है संकल्प
- 600 घंटे की ट्रेनिंग के बाद सौर ऊर्जा से संबंधित टेक्निकल स्किल से लैस होंगे युवा
- बड़े लक्ष्य के साथ प्रदेश को सौर आधारित विद्युत से जोड़ने के लिए जुटी है योगी सरकार



जन एक्सप्रेस। लखनऊ

हर घर सोलर पैनल लगाने के पीएम मोदी के विजन को उत्तर प्रदेश में तेजी के साथ पूरा करने में योगी सरकार मिशन मोड में जुटी हुई है। पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत युवाओं को सूर्य मित्र के रूप में प्रशिक्षित करने का कार्य हो रहा है। उत्तर प्रदेश में भी 30 हजार युवाओं को सूर्य मित्र के रूप में प्रशिक्षित किया जाना है। अबतक 3 हजार युवाओं को सूर्य मित्र के रूप में प्रशिक्षित किया जा चुका है। बता दें कि सौर ऊर्जा के क्षेत्र में स्किल्ड मैन पॉवर तैयार करने के लिए राष्ट्रीय सौर ऊर्जा मिशन के तहत सूर्य मित्रों को तैयार करने की योजना है, जिससे सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लिए कुशल कारीगरों का सृजन हो सके।

### 25 लाख सोलर रूफ टॉप लगाने का संकल्प

दरअसल, फरवरी 2023 में पीएम सूर्य घर योजना की शुरुआत के बाद पूरे देश में 1 करोड़ सोलर रूफ टॉप लगाने का लक्ष्य है। वहीं पीएम मोदी द्वारा संकल्पित इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने अपनी ओर से प्रदेश में 25 लाख सोलर रूफ टॉप लगाने का संकल्प लिया है। मौजूद आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में 18 लाख से अधिक घरों पर सोलर रूफ टॉप लगाने के लिए रजिस्ट्रेशन पूरा हो चुका है, जबकि लगभग दो लाख घरों के लिए अप्लिकेशन भी सबमिट किया जा चुका है। वहीं 10 हजार से अधिक घरों पर सोलर रूफ टॉप लगाने की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। सौर ऊर्जा के उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार ने %नेट बिलिंग/नेट मीटरिंग की व्यवस्था लागू की है। यही नहीं प्रदेश के 10 लाख घरों पर रूफ टॉप लगाने के लिए यूपीनेडा को टाटा ग्रुप का भी साथ मिला है। फिलहाल वाराणसी से इसकी शुरुआत भी हो चुकी है।

### सौर ऊर्जा सेक्टर में स्किल्ड मैन पॉवर की डिमांड

इतने बड़े पैमाने पर सोलर रूफ टॉप लगने के बाद इस क्षेत्र में दक्ष युवा मैनपॉवर की आवश्यकता होगी, जिसे देखते हुए यूपीनेडा की ओर से ट्रेनिंग सेंटरों और जिलों के आईटीआई संस्थानों के माध्यम से 30 हजार सूर्य मित्रों के प्रशिक्षण का लक्ष्य रखा गया है। विभाग के अनुसार अबतक 3 हजार सूर्य मित्रों का प्रशिक्षण पूरा कर लिया गया है। सरकार की मंशा है कि सौर ऊर्जा से जुड़े उद्योगों की आवश्यकता को पूरा करने वाले कुशल और रोजगार योग्य मैन पॉवर (सूर्य मित्र) को विकसित किया जाए। सूर्य मित्रों की ट्रेनिंग की अवधि तीन माह की है, जिसमें कक्षा प्रशिक्षण, व्यवहारिक प्रयोगशाला, एसपीवी प्लांट एक्सपोजर, सेवाकालीन प्रशिक्षण (ओजेटी), सॉफ्ट स्किल्स (आसान कौशल) और उद्यमिता कौशल सहित 600 घंटे की ट्रेनिंग शामिल हैं। इसके लिए न्यूनतम योग्यता दसवीं पास के साथ ही इलेक्ट्रिशियन, वायरमेन, इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक, फिटर, शीट मेटल में आईटीआई होना आवश्यक है। सूर्य मित्र प्रशिक्षण कार्यक्रम के बाद प्रशिक्षुओं को रोजगार दिलाने में भी मदद की जाती है।

# काकोरी ट्रेन एक्शन: 100वीं वर्षगांठ पर संस्कृति विभाग ने तैयार किया शताब्दी महोत्सव का वार्षिक कैलेंडर



जन एक्सप्रेस। लखनऊ

काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ का शुभारंभ 9 अगस्त से होगा। इसके उपरांत पूरे वर्षपर्यंत शहीदों, महापुरुषों की जयंती-बलिदान दिवस पर राष्ट्रभक्ति से जुड़े आयोजन होंगे। योगी सरकार के निर्देश पर संस्कृति विभाग ने काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव का वार्षिक कैलेंडर तैयार किया है। इसके तहत महात्मा गांधी-लाल बहादुर शास्त्री की जयंती, सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती, रानी लक्ष्मीबाई जन्मदिवस, अटल बिहारी वाजपेयी जयंती, मंगल पांडेय जयंती, क्रांति दिवस, शहीदी दिवस, काकोरी बलिदान दिवस समेत गुमनाम शहीदों की जयंती और बलिदान दिवस आदि पर अनेक कार्यक्रम कराए जाएंगे। कलाकारों व युवाओं को योगी सरकार खेल, साहित्यिक व सांस्कृतिक मंच भी मुहैया कराएगी।

### 2025 के आयोजनों को लेकर भी खाका तैयार

सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर तैयार शताब्दी वर्ष कैलेंडर में 2025 के आयोजनों का भी खाका तैयार है। 12 जनवरी 2025 को स्वामी विवेकानंद की जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस के तहत युवा कल्याण विभाग की तरफ से राज्य युवा महोत्सव होगा। यूपी के सभी 75 जनपदों में महिला व युवक मंगल दल की तरफ से 100-100 सदस्यों की साइकल रैली भी निकाली जाएगी। 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश दिवस के शुभारंभ कार्यक्रम पर उत्तर प्रदेश के लोकनृत्यों का विश्व रिकॉर्ड कायम होगा। सूबे के सभी 75 जनपदों में प्रदर्शनी व महोत्सव भी होगा। 23 मार्च (शहीदी दिवस) पर %रंग दे बसंती:% 100 कथक कलाकारों की राष्ट्रभक्तिपूर्ण तथा शहीद भगत सिंह पर नाट्य प्रस्तुतियां भी होंगी।

### यूपी के सभी जनपदों में होंगे कार्यक्रम

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग ने काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव का वार्षिक कैलेंडर तैयार किया है। इसके तहत 9 अगस्त 2024 से कार्यक्रमों का आगाज होगा। इसके पश्चात दो अक्तूबर को महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जन्मदिन पर स्वाधीनता संग्राम के नायकों की वेशभूषा में 100 बालकों की लखनऊ में गांधी प्रतिमा से विधान भवन तक रैली निकलेगी। 31 अक्तूबर को सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर राष्ट्रीय एकता दौड़ निकलेगी। युवा कल्याण व खेल विभाग द्वारा ग्रामीण व नगरीय क्षेत्रों में खेल प्रतियोगिताएं होंगी। 19 नवंबर को रानी लक्ष्मीबाई के जन्मदिवस पर शौर्य पर्व, महिला कल्याण विभाग द्वारा वीरांगना सम्मान, मिशन शक्ति, विविध जागरूकता होगी। 26 नवंबर को संविधान दिवस पर हमारा गणतंत्र-अभिलेख प्रदर्शनी लगेगी। वहीं 19 दिसंबर को काकोरी बलिदान दिवस पर वृहद ड्रोन शो होगा। साथ ही शाहजहांपुर, लखनऊ, अयोध्या, गोंडा व गोरखपुर में काकोरी पर आधारित महानाट्य का मंचन होगा। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती (सुशासन दिवस) पर लखनऊ व आगरा के बटेश्वर में कवि सम्मेल, प्रदर्शनी, किसान मेला आदि लगाया जाएगा।

### मंगल पांडेय जयंती व कारगिल विजय दिवस पर होंगे विविध आयोजन

विगत दिनों हुई बैठक में मुख्यमंत्री को संस्कृति विभाग की तरफ से बताया गया कि 10 मई को 100 मीटर कैनवास पर 1857 के स्वतंत्रता संग्राम की गाथा का चित्रांकन होगा। प्रदेश के स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े स्थलों पर दीपांजलि व राष्ट्रधुन का वादन होगा। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा विश्वविद्यालयों के आधुनिक इतिहास विभागों में राष्ट्रीय सेमिनार-संगोष्ठी होगी। 19 जुलाई को मंगल पांडेय की जयंती पर 100 कलाकारों द्वारा आजादी पर सामूहिक बिरहा गायन, 1857 के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों पर आधारित 100 चित्रकारों द्वारा रेखांकन व सभी विद्यालयों और शहीदों का नमन कार्यक्रम के अंतर्गत अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस पर शहीद स्मारकों पर स्वच्छता अभियान और चिकित्सा शिक्षा-स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से रक्तदान शिविर लगाएगा। 9 अगस्त 2025 को काकोरी शताब्दी समारोह के समापन पर भव्य आयोजन होगा।

# राजकीय बीज भंडार बीकेटी में हुई किसान संगोष्ठी भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष हुए शामिल



जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ जिले के बीकेटी विकासखंड क्षेत्र में स्थित राजकीय बीज भण्डार में आयोजित त्वरित मक्का विकास योजनान्तर्गत संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष अतुल मिश्रा शामिल होकर अन्नदाता किसान को संबोधित किया। वहीं इस अवसर पर मुख्य वैज्ञानिक सत्येन्द्र कुमार सिंह, कृषि सहायक विकास अधिकारी विजय प्रकाश सिंह, मानवेंद्र सिंह,प्रमोद कुमार यादव, मोहिनी सैनी, अमित कुमार तिवारी, वरुण शुक्ला, विष्णु प्रताप सिंह, राजेश प्रसाद, पप्पू, वीरेंद्र कुमार,राजकुमार पांडे मौजूद रहें।

# 'एक पेड़ माँ के नाम' पौधारोपण अभियान

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



सरोजिनी नगर औद्योगिक क्षेत्र निर्माता संघ ने एक पेड़ माँ के नाम पौधारोपण अभियान शुरू किया है, जिसका उद्देश्य औद्योगिक क्षेत्र को हरित बनाना है। इस अभियान के तहत 251 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें से आज 51 पौधे विभिन्न स्थानों पर लगाए गए हैं। इन पौधों में बेल, आंवला और अशोक के वृक्ष शामिल हैं। सरोजिनी नगर औद्योगिक क्षेत्र निर्माता संघ के महासचिव रितेश श्रीवास्तव ने कहा, ÷हमारा उद्देश्य औद्योगिक क्षेत्र को पर्यावरण अनुकूल बनाना है। हमें खुशी है कि आज हमने 51 पौधे लगाए हैं और हम अपने लक्ष्य को पूरा करने के लिए प्रयासरत हैं। उन्होंने आगे कहा, इन पौधों का चयन उनके औषधीय गुणों और पर्यावरण के अनुकूल होने के कारण किया गया है। हमें विश्वास है कि ये पौधे हमारे औद्योगिक क्षेत्र को एक हरित और स्वच्छ स्थान बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। एक पेड़ माँ के नाम पौधारोपण अभियान का उद्देश्य पेड़ों के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना और लोगों को पेड़ों की देखभाल करने के लिए प्रेरित करना है। इस अवसर पर रजत गुलाटी, नीलमणि वार्ष्णेय, अशोक चावला, संस्कार वर्मा, सुमित मित्तल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# एससी-एसटी कोटा में क्रीमीलेयर मानदंड लागू करने का आरपीआई करेगी विरोध

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया आठवले अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति कोटे में क्रीमीलेयर का मानदंड लागू करने के हर कदम का विरोध करेगी। ये पूरी तरह से अनुसूचित जाति,जनजाति की एकता को नुक़सान पहुँचाने का प्रयास है। समाज में अनुसूचित जाति,जनजाति के खिलाफ अन्याय बंद नहीं हुए हैं, इसलिए क्रीमीलेयर के मानदंड की बात करना सामाजिक न्याय के खिलाफ है। ये बात रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया आठवले के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष पवन भाई गुप्ता ने कही।श्री गुप्ता ने कहा कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षण जाति पर आधारित है। आरपीआई ए अनुसूचित जातियों एवं अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षण में क्रीमी लेयर के मानदंड लागू करने के किसी भी कदम का कड़ा विरोध करेगी। अन्य पिछड़ा वर्ग एवं सामान्य श्रेणी के सदस्यों के लिए भी समान उप-वर्गीकरण होना चाहिए।

**रिपोर्ट** वक्फ कानून पर संशोधन से जुड़ा मोदी सरकार का विधेयक उत्तर प्रदेश में नया सियासी बवंडर खड़ा करेगा

# उत्तर प्रदेश में आने वाला है एक और राजनीतिक भूचाल

जन एक्सप्रेस। डॉ.वैभव शर्मा

- केंद्र सरकार वक्फ कानून में बड़े बदलाव की तैयारी कर रही है
- सूत्रों का कहना है कि वक्फ अधिनियम में सरकार की ओर से 40 संशोधन वाला नया बिल पेश किया जा सकता है
- ऐसे में वक्फ बोर्ड की किसी भी संपत्ति को वक्फ संपत्ति घोषित करने की शक्तियों पर अंकुश लग जाएगा




लखनऊ। प्रदेश में नजूल भूमि मामला अभी ठंडा नहीं पड़ा है इस बीच केंद्र सरकार का वक्फ कानून संशोधन का प्रयास खास तौर पर उत्तर प्रदेश में राजनीतिक भूचाल लाने वाला है। इसमें शक नहीं कि विपक्ष इस मामले को खासा तूल देगा।
नजूल भूमि विधेयक की वापसी के बीच वक्फ कानून पर संशोधन से जुड़ा मोदी सरकार का विधेयक उत्तर प्रदेश में नया सियासी बवंडर खड़ा कर सकता है। केंद्र सरकार वक्फ कानून में बड़े बदलाव की तैयारी कर रही है। सूत्रों का कहना है कि वक्फ अधिनियम में सरकार की ओर से 40 संशोधन वाला नया बिल पेश किया जा सकता है। ऐसे में वक्फ बोर्ड की किसी भी संपत्ति को वक्फ संपत्ति घोषित करने की शक्तियों पर अंकुश लग जाएगा। वक्फ बोर्ड की संपत्ति पर दावों का अनिवार्य सत्यापन होगा। यूपी में नई ऊर्जा मिलने के बाद अखिलेश यादव की सपा और राहुल गांधी की पार्टी कांग्रेस का कल विरोध लगभग तय माना जा रहा है।

### पर्सनल लॉ बोर्ड ने जताई है नाराजगी

वक्फ एक्ट में संशोधन संबंधी विधेयक को लेकर ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने कड़ी आपत्ति जताई है। बोर्ड का कहना है कि वक्फ एक्ट 2013 में इस तरह का कोई भी बदलाव, जो वक्फ संपत्तियों की हैसियत और प्रकृति पर प्रभाव डाले या उन्हें हड़पना सरकार या किसी व्यक्ति के लिए आसान हो जाए, उसे हरगिज कुबूल नहीं होगा।

### क्यों गठित किया गया वक्फ बोर्ड

वक्फ का अर्थ है अल्लाह के नाम मतलब जो जमीन किसी शख्स या संस्था के नाम रजिस्टर्ड नहीं हैं लेकिन इनका संबंध मुस्लिम समाज से है, इनको वक्फ जमीनें कहा जाता है। जिनमें ईदगाह, मजार, मदरसा और मस्जिद समेत कई जगह शामिल हैं। सवाल खड़े हुए इन जमीनों को गलत तरीके से उपयोग करने के साथ ही गैरकानूनी ढंग से बेचा भी जा रहा है। इन पर लगाम लगाने और निगरानी के लिए वक्फ बोर्ड बनाया गया। साल 1954 में पहली बार वक्फ एक्ट पारित किया गया लेकिन इसको निरस्त करना पड़ा। 1995 में नया वक्फ अधिनियम पारित किया गया। इस एक्ट से बोर्ड को ज्यादा अधिकार मिले। साल 2013 में संशोधन के बाद वक्फ बर्ड को इन मामलों में पूर्ण स्वायत्तता मिल गई।

### यूपी में वक्फ बोर्ड की कितनी जमीन

यूपी में सुनी वक्फ बोर्ड के पास 1.23 लाख जमीन हैं जबकि शिया वक्फ बोर्ड के पास 3102 जमीन हैं। शिया वक्फ बोर्ड की जमीनें भले कम हों लेकिन इनके टुकड़े बेहद बड़े हैं।

# इटौंजा रत्नेश्वर महादेव मंदिर से निकली कांवड़ यात्रा आई वापस, फूलों से हुआ स्वागत

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ जिले के बीकेटी तहसील क्षेत्र के इटौंजा नगर पंचायत बाजार मैदान में स्थित रत्नेश्वर महादेव मंदिर से हर साल की तरह इस साल भी कांवड़ यात्रा निकाली गई। बता दे कि इटौंजा बाजार स्थित रत्नेश्वर महादेव मंदिर से गुरुवार दोपहर 12 बजे यात्रा प्रमुख संजय सिंह के नेतृत्व में सैकड़ो की तादात में शिव भक्तों की कांवड़ यात्रा बिठूर के लिए गंगाजल लाने रवाना हुए थी। वहीं 5 तारीख दिन सोमवार को सैदापुर से वापस आते समय ढोल नगाड़े बजाते हुए वापस आई, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ो लोग शामिल हुए, वहीं इटौंजा नगर पंचायत में जगह-जगह कांवड़ियों का स्वागत किया गया। वहीं समाजसेवी चमन पांडेय ने कांवड़ियों पर फूलों की वर्षा कर सभी को मिठाई खिलाकर पानी पिलाया। वहीं नगर पंचायत कार्यालय के पास इटौंजा चेयरमैन अवधेश अवस्थी कमल ने भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा फूलों से कांवड़ियों का स्वागत किया। जिसमें उनके साथ पूर्व सभासद सुधाकर अवस्थी, आकांक्ष मिश्रा पूत्तू अंकूर गुप्ता, अरूण अवस्थी,अन्य लोगों द्वारा फूलों से स्वागत किया गया। वहीं कांवड़िया मार्केट होते हुए बाजार होकर रत्नेश्वर महादेव मंदिर पर सभी ने शिव का जलाभिषेक किया और विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना की, जहां पर सैकड़ो की तादात में कांवड़िया व नगर वासी मौजूद रहें। पूरे मंदिर के पास मेले जैसा माहौल हो गया, लोग सावन के पवित्र महीने में तृतीय सोमवार को शिव भक्ति में मगन दिखाई दिए।

# ग्रेटर नोएडा में अब रेजिडेंशियल ग्रुप हाउसिंग व इंस्टीट्यूशनल प्लॉट्स की स्कीम लायी योगी सरकार

जन एक्सप्रेस। लखनऊ/नोएडा

- 19 रिहाइशी ग्रुप हाउसिंग व 9 इंस्टीट्यूशनल प्लॉट्स के आवंटन का मार्ग होगा प्रशस्त, स्ट्रैटेजिक लोकेशन पर बेस्ड यह प्लॉट्स कई मायनों में होंगे विशिष्ट
- रेजिडेंशियल स्कीम के तहत सेक्टर 18, सेक्टर 17 और सेक्टर 22डी में प्लॉट प्राप्त कर हाउसिंग टाउनशिप डेवलप कर सकेंगे बिल्डर्स
- इंस्टीट्यूशनल प्लॉट्स के तहत सेक्टर 17, सेक्टर 18, सेक्टर 20, सेक्टर 22ई व डी में हॉस्पिटल, नर्सिंग होम व नर्सरी स्कूलों की स्थापना का मार्ग होगा प्रशस्त




उत्तर प्रदेश के समेकित विकास का खाका खींच रही योगी सरकार ने ग्रेटर नोएडा में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट की गति तेज कर दी है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश को वन ट्रिलियन इकॉनमी बनाने के लिए एक ओर तेजी से प्रयास जारी हैं, वहीं प्रदेश के नागरिकों को वर्ल्ड क्लास सुविधाओं तक पहुंच बनाने के लिए भी योगी सरकार तेजी से आगे बढ़ रही है। इसी क्रम में, ग्रेटर नोएडा में सीएम योगी के विजन अनुसार अब रेजिडेंशियल ग्रुप हाउसिंग व इंस्टीट्यूशनल प्लॉट्स के आवंटन के लिए नई स्कीम लेकर आई है। उल्लेखनीय है कि 19 रिहाइशी ग्रुप हाउसिंग व 9 इंस्टीट्यूशनल प्लॉट्स के आवंटन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके अंतर्गत रेजिडेंशियल स्कीम के तहत सेक्टर 18, सेक्टर 17 और सेक्टर 22डी में प्लॉट प्राप्त कर बिल्डर्स रेजिडेंशियल टाउनशिप डेवलप कर सकेंगे। वहीं, इंस्टीट्यूशनल प्लॉट्स के तहत सेक्टर 17, सेक्टर 18, सेक्टर 20, सेक्टर 22ई व सेक्टर डी में हॉस्पिटल, नर्सिंग होम व नर्सरी स्कूलों की स्थापना का मार्ग प्रशस्त होगा। यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) द्वारा लायी गई इन स्कीमों के अंतर्गत सितंबर महीने में सभी आवंटन प्रक्रियाओं को पूरा कर लिया जाएगा। इतना ही नहीं, सितंबर में ही यीडा द्वारा 361 रेजिडेंशियल प्लॉट्स के आवंटन का ड्रॉ भी निकाला जाएगा। दूसरी ओर, बैंक्वेट व मैरिज हॉल के लिए 3 प्लॉट्स के आवंटन के लिए ई-ऑक्शन की प्रक्रिया को भी पूरा किया जाएगा। योजना के अंतर्गत, 32,375 रुपए प्रति स्क्वेयर मीटर के हिसाब से 19 रेजिडेंशियल ग्रुप हाउसिंग स्कीम के तहत प्लॉट्स का आवंटन होगा जिसके जरिए बिल्डर्स के पास इसे वर्ल्ड क्लास एमिनिटीज से युक्त टाउनशिप में विकसित करने का मौका होगा। इस दौरान 11,513.72 से लेकर 48,564 स्क्वेयर मीटर प्रसार वाले प्लॉट्स के आवंटन का मार्ग प्रशस्त होगा। ये प्लॉट्स ऐसी स्ट्रैटेजिक लोकेशन पर हैं जहां से एफ-1 व मोटो जीपी ट्रैक, यमुना एक्सप्रेसवे, ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे, जेवर एयरपोर्ट, इंटरनेशनल फिल्म सिटी, मेडिकल डिवाइस पार्क व डेडिकेटेड एमएसएमई, एपेरल, हैंडीक्राफ्ट्स तथा टॉय पार्क क्लोज प्रॉग्जिमिटी में होंगे। इन प्लॉट्स के लिए रजिस्ट्रेशन अमाउंट को 3.91 से 17.29 करोड़ के बीच रखा गया है। इन प्लॉट्स का आवंटन ई-ऑक्शन के माध्यम से होगा जिसमें बैंक ऑफ बड़ौदा बैंकिंग पार्टनर की भूमिका निभा रहा है।

### मैटर्निटी केयर, हॉस्पिटल, नर्सिंग होम व नर्सरी स्कूल्स की स्थापना का माध्यम बनेगी स्कीम

रेजिडेंशियल ग्रुप हाउसिंग प्लॉट स्कीम से इतर, यीडा की इंस्टीट्यूशनल प्लॉट स्कीम के अंतर्गत सेक्टर 20 में 5,000 स्क्वेयर मीटर एरिया में चाइल्ड वेलफेयर व मटर्निटी सेंटर तथा सेक्टर 22ई व सेक्टर 20 के 10,115 तथा 10,900 स्क्वेयर मीटर एरिया में हॉस्पिटल का निर्माण प्रशस्त होगा। वहीं, सेक्टर 17, सेक्टर 18 व सेक्टर 22डी में 1,000 से लेकर 2,750 स्क्वेयर मीटर एरिया में नर्सिंग होम का निर्माण व विकास होगा। चाइल्ड वेलफेयर व मटर्निटी सेंटर, हॉस्पिटल तथा नर्सिंग होम संबंधी प्लॉट्स के लिए 22,770 रुपए प्रति स्क्वेयर मीटर की दर से 2.27 से लेकर 24.81 करोड़ रुपए के बीच रिजर्व्ड प्राइस रखा गया है। इसी प्रकार, 15,020 रुपए प्रति स्क्वेयर मीटर की दर से सेक्टर 17 व 22डी में 1,000 से लेकर 1,500 स्क्वेयर मीटर एरिया के प्लॉट्स का आवंटन भी नई स्कीम के जरिए होगा जिसमें प्लॉट्स का रिजर्व्ड प्राइस 1.50 से 2.25 करोड़ के बीच रखी गई है। उल्लेखनीय है कि इन दोनों नई स्कीमों के साथ ही सितंबर में ही यीडा द्वारा 361 रेजिडेंशियल प्लॉट्स के आवंटन का ड्रॉ तथा बैंक्वेट व मैरिज हॉल के लिए 3 प्लॉट्स के आवंटन के लिए ई-ऑक्शन की प्रक्रिया को भी पूरा किया जाएगा।

# सपा कार्यालय में मनाई गई जनेश्वर मिश्र की 92वीं जयंती

## जनेश्वर मिश्र का पार्टी कार्यकर्ताओं से विशेष लगाव था उन्होंने पार्टी के लिए बहुत काम किया: नफीस अहमद अंसारी

* जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने पदाधिकारीयों के साथ जनेश्वर मिश्र को किया याद

जन एक्सप्रेस । मुकेश कुमार



पीलीभीत। समाजवादी नेता व विचारक जनेश्वर मिश्र की 92वीं जयंती सोमवार को समाजवादी पार्टी के नकटादाना स्थित जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा की अध्यक्षता मे मनाई गई। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। साथ ही जानकारी देते हुए बताया गया कि जनेश्वर मिश्र आजीवन समाजवादी विचारधारा से जुड़े रहे। जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने कहा कि छोटे लोहिया के नाम से मशहूर जनेश्वर मिश्र शोषित, वंचित, पीड़ित की आवाज के साथ समाजवादी विचारधारा के प्रखर वक्ता तथा उसे जीने वाले लोगों में से थे। उनका मानना था कि समाजवाद जीवन जीने का सही ढंग है। विसंगतियों के खिलाफ संघर्ष का नाम ही समाजवाद है और इस संघर्ष में वे जीवन पर्यंत लगे रहे स्व. जनेश्वर मिश्र मन, वचन और आचरण से समाजवादी थे जनेश्वर मिश्र की वाणी और व्यक्तित्व इतना प्रभावशाली था कि जो उनके पास पहुंच जाता था, वह उनका ही बनकर रह जाता था जनेश्वर मिश्र का व्यक्तित्व विराट था। वे डॉ. राम मनोहर लोहिया के विचारों के ध्वजवाहक थे। ऐसा व्यक्तित्व कभी मरता नहीं है। उसका व्यक्तित्व व कृतित्व अमर होता है। जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी ने कहा कि जनेश्वर मिश्र का पार्टी कार्यकर्ताओं से विशेष लगाव था उन्होंने पार्टी के लिए बहुत काम किया था वह पार्टी के सस्थापक सदस्य थे आजीवन पार्टी के लिए समर्पित रहें। जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्र कटटर ने कहा की ÷समाजवादी पार्टी के नेता एव पार्टी के सस्थापक सदस्य छोटे लोहिया के नाम से मशहूर जनेश्वर मिश्र जी के पदचिन्हों पर चलने का सकल्प आज उनकी जयंती पर लेना चाहिए। जिला उपाध्यक्ष बालकराम सागर ने भी अपने विचार व्यक्त कर श्रदासुमन अर्पित किये जयंती के उपरांत बरखेड़ा विधानसभा के पदाधिकारीयों की बैठक आयोजित की गई जिसमे विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष विनोद वर्मा ने कार्यकर्ताओं पदाधिकारीयों को आगामी कार्यक्रमों के बारे मे बताया बाद मे जिलाध्यक्ष जगदेव सोंह जग्गा ने सभी से एकजुट होकर पार्टी को मजबूत करने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा जी एवं कार्यक्रम का संचालन सपा जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी किया। इस मौके पर जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी, जिला उपाध्यक्ष बालक राम सागर, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा कट्टर, जिला उपाध्यक्ष मख्दूम खां,सपा प्रवक्ता एड. अमित पाठक,जिला उपाध्यक्ष रूपराम कश्यप,सपा कोषाध्यक्ष ग्यासुद्दीन मंसूरी, विनोद वर्मा 128बरखेड़ा अध्यक्ष, आशीष सिंह चौहान,सपा अल्पसंख्यक सभा जिलाध्यक्ष रियाज़ खां,सपा महिला सभा प्रदेश उपाध्यक्ष ठाकुर कमलेश परिहार,सपा मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड राष्ट्रीय सचिव लखविंदर सिंह पन्नू,पिंटू यादव,सपा महिला सभा जिला महासचिव मीना दीक्षित,जिला सचिव महेश पटेल,नरेश कुमार सागर, हरगोविंद गंगवार,परशुराम वर्मा शामिल रहें।

# श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के नेतृत्व में शिव भक्तों के लिए जलपान के साथ मेडिकल कैंप की कराई व्यवस्था





* जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने फीता काटकर कार्यक्रम का किया शुभारंभ

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



सोमवार को उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के जिला अध्यक्ष हरिपाल सिंह के नेतृत्व में यूनियन के समस्त पदाधिकारी के साथ भोले भक्त कांवड़ियों के लिए जलपान व मेडिकल कैंप की व्यवस्था की गई। जिसका शुभारंभ जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने फीता काटकर किया। इस दौरान कछला से जल लेकर पीलीभीत पहुंचे कावड़ियो पर पत्रकार यूनियन के पदाधिकारी व सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर, जिला सूचना अधिकारी विपिन कुमार ने पुष्प वर्षा की व फल वितरण किए। बताते चले की यह कार्यक्रम शहर से सटे देवहा पुल के करीब जेएमबी तिराहे पर उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के जिलाध्यक्ष हरिपाल सिंह के नेतृत्व में सोमवार को कावड़ियों की सेवा के मद्देनजर फल वितरण व मेडिकल कैंप सहित जलपान की व्यवस्था उत्तर प्रदेश श्रम जीवी पत्रकार यूनियन जिला इकाई के सभी पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों ने देवहा पुल स्थित जेएमबी तिराहा पर आयोजन किया गया। जिसका सुबह दस बजे जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने पहुंचकर फीता काटकर मेडिकल कैंप व फल वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग से दो चिकित्सक भी कावड़ियों की स्वास्थ सेवा के लिए मौजूद रहे। चिकित्सको ने कई घायल कावड़ियों के लिए दवाई और पट्टी की व्यवस्था की साथ ही कावड़ियों के लिए आवश्यक दबाई का वितरण भी किया। कार्यक्रम में पहुंचे डीएम ने पत्रकारों के कार्यक्रम की प्रसंशा की इतना ही नहीं इसके बाद कार्यक्रम में पहुंची अपर जिलाधिकारी ऋतु पुनिया, एएसपी विक्रम दहिया व सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर, जिला सूचना अधिकारी विपिन कुमार ने कछला सहित हरिद्वार से जल भरकर पीलीभीत आ रहे कावड़ियों पर पुष्प वर्षा की व पत्रकारों के साथ फल वितरित किए। जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह उत्तर प्रदेश श्रम जीवी पत्रकार यूनियन जिला इकाई में नव नियुक्त पदाधिकारी जिला मंत्री रिंटू वर्मा, सह मीडिया प्रभारी बिलाल मिया, कार्यकारिणी सदस्य राम देव को मनोनयन पत्र सौंपे और और नव नियुक्त पदाधिकारियों को जिलाधिकारी ने बधाई दी। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष हरिपाल सिंह, सुधीर दीक्षित, करन सिंह चौहान, प्रदीप सक्सेना, अर्ज देव सिंह, विक्रांत शर्मा, मुकेश कुमार, महेश कौशल, राम नरेश शर्मा, रिंटू वर्मा, धर्मेंद्र चौहान, अमित चतुर्वेदी, अब्दुल हनीफ, राम देव गंगवार मो.आरिफ मौजूद रहें।

## फास्ट फॉरवर्ड

### ट्रेन से कटकर महिला की हुई मौत

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। मुंगराबादशाहपुर। वाराणसी प्रतापगढ़ रेल प्रखंड पर सोमवार को सुबह करीब साढ़े छः बजे वाराणसी से लखनऊ जा रही इंटरसिटी ट्रेन से कटकर एक महिला की मौत हो गई। पुलिस मौके पर पहुंच कर लाश को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही में जुटी है। वाराणसी प्रतापगढ़ रेल प्रखंड पर गोधुआ गांव के पास जब सुबह करीब साढ़े छ बजे एक महिला की लाश मिली तो गांव वालो के होश फाख्ता हो गए। गांव वालो ने घटना की सूचना अविलंब मुंगरा बादशाहपुर पुलिस को दी । सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंची ने महिला की पहचान आस पास के लोगो से पहिचान कराकर की । मृतका 62 वर्षीय कलावती देवी पत्नी शीतला प्रसाद यादव गांव गोधूआ की रहने वाली थी। सुबह ये वाराणसी से लखनऊ जा रही इंटरसिटी ट्रेन से यह घटना हुई है। घटना की सूचना पाकर परिजन भी मौके पर पहुंचे और लाश को देखकर दहाड़े मारकर रोने लगे। परिजनों ने किसी तरह की तहरीर नहीं दी है। पुलिस लाश को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही में जुटी है। इस संबंध में थानाध्यक्ष संतोष कुमार पाठक ने बताया कि सुबह इंटरसिटी ट्रेन से ही इसकी मौत हुई है। लाश को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

### सड़क दुघर्टना में साइकिल सवार की मौत

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत ताखा पश्चिम गांव के समीप सड़क दुघर्टना में साइकिल सवार एक व्यक्ति अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। क्षेत्र के ताखा पूरब गांव निवासी 60 वर्षीय रामविचार मौर्या पुत्र राजदेव मौर्या सोमवार की भोर में घर से साइकिल से कहीं जा रहे थे।कि अयोध्या मार्ग स्थित ताखा पश्चिम गांव के समीप तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना परिजनों को दिया। सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने आनन-फानन में इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में लाया गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### बाइक से उड़े छींटे की वजह से दो पक्षों में विवाद, सात घायल

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। मछलीशहर कोतवाली के दाउदपुर गांव में बाइक से उड़े छींटे पड़ जाने से बिंद और हरिजन पक्ष में विवाद हो गया। विवाद में दोनो पक्षों से सात लोग घायल हो गए। उक्त गांव के हरिजन बस्ती का एक युवक बाइक से घर जा रहा था। दाउदपुर मार्ग पर स्थित कृषि गोदाम के पास बिंद बस्ती के कुछ युवक बैठे हुए थे। सड़क पर रुके पानी के छींटे उनपर चला गया। जिसके बाद दोनो पक्षों में वही बहस हो गई। बहस के दौरान दोनो पक्ष से लोगो की संख्या और बढ़ गई। जिसके बाद दोनो पक्षों में जबरदस्त तरीके से मारपीट हो गई। दोनो पक्ष लाठी डंडे के अलावा धारदार हथियार से भी एक दूसरे पर हमला कर दिया।मारपीट में जहा हरिजन पक्ष से अमित 24, रजवंती 56, संजय 40, अंकित 25, राममूर्ति 70 घायल हो गए वही बिंद बस्ती से शिवधारी 25, सूरज 25 वर्ष घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी का सी एच सी भेजा गया। जहा छ की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मामले बाबत प्रभारी निरीक्षक सत्य प्रकाश सिंह ने कहा दोनो पक्षों का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपितों की तलाश की जा रही है।

### बनवासी बस्ती में 101 जोड़ी वस्त्रों का हुआ वितरण

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। खुटहन क्षेत्र के बड़नपुर गॉव के बनबासी बस्ती में सोमवार को गरीबों व जरूरतमंद बच्चों, महिलाओं तथा बुजुर्गों में प्रतिभा कपड़ा बैंक की तरफ से 101 जोड़ी वस्त्रों का वितरण किया गया। जिसे पाकर लोगों में खुशी की लहर छा गयी। लोगों में इस बात का भाव दिखा कि कोई तो है उनकी सुधि लेने वाला। प्रतिभा कपड़ा बैंक की संस्थापक प्रतिभा सिंह अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा व कर्तव्यनिष्ठा की बदौलत आंगनवाड़ी के क्षेत्र में राज्यपाल व मुख्यमंत्री द्वारा राज्य पुरस्कार से सम्मानित हो चुकी है। वे कई वर्षों से अनवरत गरीब बच्चों की पढ़ाई से लेकर उनके हर सुख दुख में सहभागी बनती आ रही है। सोमवार को वह बनवासी बस्ती में जाकर 101 जोड़ी वस्त्रों को बच्चों, महिलाओं व बुजुर्गों में वितरित किया। इस दौरान उन्होंने कहा समाज के हर व्यक्ति का दायित्व है कि वे गरीब , निसहाय तथा असक्त लोगों की मदद हेतु आगे आये। मानव सेवा से बढ़कर कोई धर्म नही है।

### खेत मे खड़े यूकेलिप्टस पेड़ों के बंटवारे को लेकर पिता पुत्र ने की मारपीट, मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस। बरखेड़ा। थाना क्षेत्र के गांव डडिया भगत निवासी सर्वेश कुमार पुत्र छदम्मी लाल ने थाना पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र मे बताया है की रविवार की सुबह लगभग पांच बजे खेत मे लगे लिप्टिस के पेड़ो के बटवारे को लेकर गाव के ही रविन्द्र,मुरेन्द पाल पुत्रगण राम औतार व उसके पिता राम औतार पुत्र भगवान दास ने गन्दी गन्दी गालिया देने लगे।और वही लाठी डण्डे व बंका लेकर मुझे मारने के लिए दौड़ पड़े।तथा बीच बचाव करने लिए मेरा छोटा भाई मदनलाल आया तो उस पर लाठी- डण्डे व बंका से हमला बोल दिया।जिससे उसके गम्भीर चोटे आई है।जिसका मेडिकल परिक्षण पूर्व मे करवा दिया गया है।वही बरखेड़ा पुलिस ने पीड़ित के शिकायती पत्र के आधार पर तीन लोगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और थाना पुलिस आरोपियो की तलाश मे जुटी।

### मनरेगा से हुए काम मे हाजिरी मे गडबड़ी पत्र के माध्यम से डीएम से शिकायत

जन एक्सप्रेस। बरखेड़ा। ब्लाक क्षेत्र की ग्राम पंचायत दौलतपुर पट्टी के निवासी ओमकार कश्यप ने पीलीभीत डीएम को भेजे शिकायती पत्र मे बताया है की ग्राम पंचायत मे मनरेगा के द्वारा गांव मे आमोद कुमार के खेत से बाबूराम के खेत तक नाली खुदाई व सफाई का काम कराया गया।जिसमे पांच दिन तक मनरेगा मजदूर लगाए गए थे।वही जिनकी कुल संख्य् चालीस के लगभग थी।जिसमे बीस मनरेगा मजदूर गांव मे उपस्थित नही थे।तथा उनकी भी मजदूरी मनरेगा से लगाई गई थी।और मास्टर रोल संख्या 6850,6851,6852,6853 है जिसकी क्रम बार जांच कर कार्रवाई की मांग की गई है।

# प्रदेश सरकार आधा अधूरा अधिवक्ता संरक्षण कानून प्रदेश में लागू करना चाहती है: शिरीष कुमार मेहरोत्रा

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान सदस्य शिरीष कुमार मेहरोत्रा ने मुख्य अतिथि की हैसियत से जिला संयुक्त बार एसोसिएशन के अध्यक्ष धीरेंद्र मिश्र एडवोकेट की अध्यक्षता और महासचिव आनंद मिश्रा एडवोकेट के संचालन में हुई बैठक में कहा कि प्रदेश सरकार आधा अधूरा अधिवक्ता संरक्षण कानून प्रदेश में लागू करना चाहती है। जिसके लिए उत्तर प्रदेश के अधिवक्ता बिल्कुल तैयार नहीं है। उन्होंने अधिवक्ता संगठन को नए कानून की किताबें भी निशुल्क प्रदान की उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश बार काउंसिल की ओर से अधिवक्ता संगठनों को नए कानून की जानकारी के लिए विधिक पुस्तक दी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की बार काउंसिल हमेशा अधिवक्ताओं के हितों के लिए लगी हुई है ।उन्होंने कहा कि नए अधिवक्ताओं को कानून के विषय में अध्ययन करना चाहिए। इससे उनका विधिक ज्ञान मजबूत होगा। उन्होंने सर्टिफिकेट आफ प्रैक्टिस फार्म में प्रदेश बार काउंसिल से जो आपत्तियां लगकर आई थी ।उन आपत्तियों से संबंधित दस्तावेज भी कई अधिवक्ताओं से प्राप्त किया। उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के सदस्य शिरीष कुमार मेहरोत्रा जिला मुख्यालय पर सेंट्रल बार एसोसिएशन और सिविल बार संगठन में भी गए और अधिवक्ताओं से भेंट की।

# मिर्जापुर में बनेगा जनजातीय संग्रहालय, जिला प्रशासन ने उपलब्ध करवाई भूमि

जन एक्सप्रेस । मिर्जापुर

वर्षों से समाज के हाशिये पर जीवन यापन करने वाले जनजातीय समुदाय को ससम्मान मुख्यधारा में जोड़ने के लिए केंद्र व राज्य सरकार लगातार कार्य कर रही है। इसी कड़ी में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति, शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा मिर्जापुर जनपद में जनजातीय संग्रहालय का निर्माण कराया जा रहा है। संग्रहालय के लिए जिला प्रशासन द्वारा भूमि का चयन भी कर लिया गया है। ये जानकारी समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) असीम अरुण ने दी। मंत्री असीम अरुण ने बताया कि उत्तर प्रदेश में अभी 15 जनजातियां निवास कर रही हैं। इनकी कला और संस्कृति काफी पुरानी है। इनकी विरासत को सहेजते हुए इसे आम लोगों तक पहुंचाने के लिए संग्रहालय का निर्माण कराया जा रहा है। संग्रहालय में जनजातीय समुदाय से जुड़े खान-पान को बढ़ावा देने के लिए फूड कोर्ट का निर्माण कराया जाएगा। इसके साथ ही जनजातीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए आउटलेट भी होगा। जहां पर स्थानीय उत्पादों की बिक्री हो सके। इससे समुदाय को आर्थिक स्वावलंबन भी प्राप्त होगा। जनजातीय समुदाय के परंपरागत वाद्ययंत्र और क्रीड़ा के उपकरण भी संग्रहालय में देखने को मिलेंगे। मंत्री असीम अरुण ने बताया कि संग्रहालय आधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण होगा।

# श्री महाकाल युवा ग्रुप बरखेड़ा ने शीतल जल और फलों से की कांवड़ियों की सेवा





जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

बरखेड़ा। श्री महाकाल युवा ग्रुप बरखेडा ने सोमवार को कांवड़ियों के लिए एक राहत शिविर का आयोजन किया।श्री महाकाल युवा ग्रुप बरखेडा के सदस्य सौरभ गंगवार ने बताया कि सोमवार को कांवड़िएं गंगा से जल भरकर आते हैं और निराहार ही शिव जी का जलाभिषेक करते हैं।इन्हीं कांवड़ियों के लिए आज हमने शीतल पानी की बोतलें और फलों आदि को बांटा है। तीसरा सोमवार है और इस दिन पर कांवड़ यात्रा का बहुत ही बड़ा महत्व है।वही हिमांशु गुप्ता महाकाल ग्रुप सदस्य ने कहा कि सावन माह में जितना भी दान किया है जाये वो कम है।सौरभ गंगवार ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।महाकाल ग्रुप ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।इसी के साथ साथ महाकाल ग्रुप हर तरफ़ सेवा में जूटा रहता है।वही हाल ही में वार्ड नंबर नौ मोहल्ला इंद्रीगंज में स्थित देव स्थान पर मंदिर का अधूरा निर्माण पूरे महाकाल ग्रुप के सदस्यों व अन्य मोहल्ले वासियो के सहयोग से कराया गया है।इस अवसर पर सौरभ गंगवार,निखिल गंगवार,अजय गंगवार हिमाशु गुप्ता,कपिल भोजवाल, अभिषेक भोजवाल,अंकित भोजवाल विकास मिश्रा व अन्य महाकाल ग्रुप के सदस्य उपस्थित रहें।

# खंड शिक्षाधिकारी के स्थानांतरण में बाहर जिले में निवास करने वाले अधिकारियों की मौज

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

उत्तर प्रदेश सरकार के आदेश की धज्जियां उड़ाकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जौनपुर ने खंड शिक्षा अधिकारियों के स्थानांतरण में जिले के बाहर जनपदों में निवास करने वाले शिक्षा अधिकारियों के सुविधा हेतु उन सभी शिक्षाधिकारियों को संबंधित जिले के बॉर्डर स्थित ब्लॉकों में तैनाती बना चर्चा का विषय

विभागीय सूत्रों की माने तो जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जौनपुर डा गोरखनाथ पटेल ने जिलाधिकारी रबीन्द्र कुमार माँदड़ के अनुमोदन के पश्चात जिले भर में जो खंड शिक्षा अधिकारियों का तबादला एक्सप्रेस चलाया उसमें प्रदेश सरकार के आदेश जिसमें खंड शिक्षा अधिकारी को अपने तैनाती स्थल पर ही निवास करने का आदेश की अवहेलना होती नजर आ रही है। तैनाती स्थल पर रुकने को कौन कहे जिले के 7 ऐसे खंड शिक्षा अधिकारी जो प्रयागराज व पांच खंड शिक्षा अधिकारी वाराणसी में व जिले के सदर रहते अथवा निवास करते हैं उन्हें उन्हीं जिलो के बार्डर स्थित ब्लाकों में तैनाती बना चर्चा का विषय।

### खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा कार्यभार न किया जाना भी बना चर्चा का बिषय

सुइथाकला। बेसिक स्कूलों के बच्चों को निपुण बनाने की दिशा मे सुधारात्मक रवैया अपनाते हुए अभी हाल में बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा व्यापक रूप से जिले के खण्ड शिक्षा अधिकारियों का फेर बदल किया गया।इसी कड़ी में स्थानीय खण्ड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार वैश्य के रिलीविंग के बाबजूद प्रतिस्थानी द्वारा कार्यभार ग्रहण न किया जाना लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। गौरतलब हो कि उक्त के सन्दर्भ में जिला अधिकारी रविन्द्र कुमार मांदण के अनुमोदन के बाद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ गोरखनाथ पटेल द्वारा चलाई गई तबादला एक्सप्रेस से खण्ड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार वैश्य को धर्मापुर के लिए रवाना कर दिया गया।प्रतिस्थानी के तौर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी के रूप में श्रवण कुमार यादव को सुइथाकला भेजा गया । आदेश के क्रम में जहां अधिकांश खण्ड शिक्षा अधिकारियों ने अपने तैनाती स्थल पर पहुंच कर कार्यभार ग्रहण करते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करने लगे, वहीं सुइथाकला में प्रतिस्थानी द्वारा कार्यभार ग्रहण न करना लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। लोगों का कहना है कि कार्यभार ग्रहण न करने से कार्यालयी गतिविधियां ठप पड़ी हैं।

# लेखपाल, कानूनगो समेत छह के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

* अभिलेखों में जिंदा व्यक्ति को मृतक घोषित करने का मामला
* जन एक्सप्रेस ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था खबर

बदलापुर तहसील प्रशासन द्वारा सरकारी अभिलेखों में जिंदा व्यक्ति को मृतक घोषित करने की खबर बीते दिन दैनिक समाचार पत्रों में प्रमुखता से प्रकाशित हुआ था। जिसका असर देखने को मिला है।सुजानगंज पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर राजस्व अभिलेखों में हेराफेरी कर जीवित व्यक्ति को मृत दर्शाकर उसकी जमीन एक व्यक्ति के नाम दर्ज करने के आरोप मे तत्कालीन लेखपाल, कानून-गो समेत छह लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। दरअसल बदलापुर तहसील क्षेत्र के भगवानपुर गांव निवासी वीरभद्र पुत्र श्रीधर उपाध्याय अभी जिंदा हैं। उनके नाम गांव मे कुछ जमीन थी। तहसील प्रशासन ने उन्हीं के पड़ोसियों से मिलकर वीरभद्र को मृतक दिखाकर खतौनी से उसका नाम काट दिया। 17 जनवरी 2024 को खतौनी में मृतक वीरभद्र के स्थान पर शुभम उपाध्याय पुत्र विभव उपाध्याय के नाम बतौर वसीयतदार दर्ज कर दिया हैं। जिसके बाद उक्त जमीन को विपक्षीगण किसी दूसरे व्यक्ति को बेच दिया। वीरभद्र का कहना है कि ग्राम प्रधान, ग्राम विकास अधिकारी, लेखपाल, कानूनगो, तहसीलदार आपसी मिली भगत से विपक्षियों से पैसा लेकर उसे सरकारी अभिलेखों में मृतक दिखा दिया और उसकी जमीन को शुभम उपाध्याय पुत्र विभव उपाध्याय के नाम कर दिया। सुजानगंज पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर राजस्व अभिलेखों में हेराफेरी कर जीवित व्यक्ति को मृत दर्शाकर उसकी जमीन एक व्यक्ति के नाम दर्ज करने के आरोप मे शुभम उपाध्याय पुत्र विभव उपाध्याय, विभव उपाध्याय पुत्र श्री धर्मदेव,तत्कालीन लेखपाल, कानून-गो, ग्राम प्रधान, ग्राम विकास अधिकारी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पुलिस आवश्यक कार्यवाही में जुटी है।

# पूर्वांचल विश्वविद्यालय की हॉकी टीम के दो पूर्व खिलाड़ियों का ओलंपिक में शानदार प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

* कुलपति ने व्हाट्सएप कॉल पर भारतीय हॉकी टीम के खिलाड़ी ललित को दी बधाई
* ललित और राज कुमार रहे हैं विश्वविद्यालय की हॉकी टीम के सदस्य



पेरिस ओलंपिक 2024 में प्रतिभाग कर रही भारतीय पुरुष हॉकी टीम में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की हॉकी टीम के दो पूर्व खिलाड़ी भी शामिल है. विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वन्दना सिंह सोमवार को व्हाट्सएप कॉल पर ग्रेट ब्रिटेन के साथ हुए मैच में शानदार प्रदर्शन करने पर ललित कुमार उपाध्याय को बधाई दी. कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय के पूर्व खिलाड़ी आज देश के लिए खेल रहे है यह बहुत गौरव की बात है. उन्होंने आगे होने वाले मैच के लिए अपनी शुभकामनाएं दी है.

गौरतलब हैकि पेरिस ओलंपिक 2024 में रविवार को भारत और ग्रेट ब्रिटेन के बीच रोमांचक मैचरहा. भारतीय हॉकी टीम ने क्वार्टर फाइनल मैच में ग्रेट ब्रिटेन को शूट आउट में हराते हुए सेमीफाइनल में जगह बना ली है. इस बार ओलंपिक में प्रतिभाग करने गई भारतीय पुरुष हॉकी टीम में पूर्वांचल विश्वविद्यालय के दो पूर्व खिलाड़ी ललित कुमार उपाध्याय और राजकुमार पाल शामिल है. ललित कुमार उपाध्याय एवं राज कुमार पाल विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय श्री मेघबरन सिंह पीजी कॉलेज, करनपुर गाजीपुर से स्नातक किया है. ध्ययन के दौरान वह विश्वविद्यालय पुरुष हॉकी टीम के सदस्य रहे और कई राष्ट्रीय प्रतियोगिताओंमें पदक प्राप्त किया था. ललित कुमार उपाध्याय पिछले ओलंपिक में भी भारतीय टीम के सदस्य रहे थे टीम को कांस्य पदक मिला था.विश्वविद्यालय के खेल-कूद परिषद के सचिव प्रो.ओपी सिंह कहा कि यह दोनों खिलाडी अद्वितीय प्रतिभावान है और निश्चित तौर इस बार भारत की टीम गोल्ड लाएगी. इस अवसर पर संकायाध्यक्ष प्रो. मनोज मिश्र, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, खेल सहायक रजनीश सिंह, डॉ राजेश सिंह और विश्वविद्यालय के खिलाडियों ने अपनी शुभकामनाएं दी है।

# दलित किशोरी की संदिग्ध आत्महत्या के मामले में परिजनों से मिला सपा प्रतिनिधि मंडल

जन एक्सप्रेस । कन्नौज



आज समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधि मंडल विकास खण्ड जलालाबाद के ग्राम पंचायत अटारा निस्फ तिर्वा के मजरा कच्छपुर्वा पहुंचा। जहां पहुंच कर प्रतिनिधि मंडल नें बीती 24 जुलाई को छात्रा शालनी दोहरे उम्र 16 वर्ष की संदेहजनक हत्या के मामलें में पीड़ित परिवार से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली।

मृतका के पिता सतीश चन्द्र दोहरे नें बताया कि वह पुणे महाराष्ट्र में प्राइवेट नौकरी करता है। दिनांक 24 जुलाई 2024 को उसकी बेटी शालनी दोहरे स्कूल के लिए निकली लेकिन देर शाम तक वापस नहीं आयी, वह पुणे में था लेकिन उसकी पत्नी संतोषी नें परिवार एवं गांव के अन्य लोगों के साथ मिलकर काफी खोज-बीन की परन्तु जब बेटी का कोई पता नहीं चला तो उसकी पत्नी नें पुलिस को सूचना दी। अगले दिन सुबह करीब सुबह 5.00 बजे गांव के लोगों नें गांव के पास ही सड़क किनारे उसकी बेटी का शव एक पेड़ से लटकता हुआ पाया। बेटी के शव को पेड़ से लटका देखकर पुनः पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस नें मौके पर आकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए कन्नौज भेज दिया। पोस्टमार्टम के उपरांत पुलिस द्वारा दवाब बनाकर जल्दबाजी में शव का अंतिम संस्कार करा दिया गया मृतका के पिता के आने तक का इंतजार नहीं किया गया।

मृतका के पिता ने मृतका के साथ बलात्कार करके हत्या करनें का अंदेशा जाहिर किया है और बताया है कि पूर्व में भी पड़ोस के गांव मिश्रनपुर्वा निवासी पुतन्नी अग्निहोत्री पुत्र शिवाकांत अग्निहोत्री, कल्लू पुत्र शिवाकांत अग्निहोत्री एवं उनका साला पुष्पेन्द्र आदि नें उसकी बेटी के साथ छेड़छाड की घटना को अंजाम दिया था, मृतका के परिवार पर कानूनी कार्यवाही न करने का दवाब बनाकर पुलिस में शिकायत करनें से रोक दिया गया था। यह लोग आए दिन मृतका को रास्ते में रोककर परेशान करते थे। मृतका के साथ हुई इस घटना में भी यही लोग मुख्यरूप से दोषी हैं।

प्रतिनिधि मंडल इसके बाद पीड़ित परिवार को लेकर पुलिस अधीक्षक कन्नौज के पास पहुंचा जहां पुलिस अधीक्षक से पीड़ित परिवार को जल्द से जल्द न्याय दिलाने की मांग की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष कलीम खान, पूर्व विधायक कल्यान सिंह दोहरे, वरिष्ठ नेता जय कुमार तिवारी बउअन, विधानसभा अध्यक्ष पी0पी0 सिंह बघेल, प्रदेश सचिव आकाश शाक्य, सलोवा जिलाध्यक्ष अंशू पाल, आनंद बाबू यादव, कुक्कू चैहान, यश दोहरे, शशिमा सिंह दोहरे, सत्येन्द्र दोहरे, अंकित सिंह, प्रथवेन्द्र दिवाकर, जिला प्रवक्ता शकील अहमद, कमलेश कटियार, आदि नेता उपस्थित रहे।

# डीएम ने बनाई हर घर तिरंगा अभियान की रूपरेखा

जन एक्सप्रेस । कन्नौज




जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में 15 अगस्त, काकोरी ट्रेन एक्शन और हर घर तिरंगा अभियान की तैयारियों के संबंध में बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि 13 से 15 अगस्त तक सभी सरकारी व गैर सरकारी भवनों पर और ग्रामीण क्षेत्र एवं नगरीय क्षेत्र में घर-घर तिरंगा फहराया जाये। झण्डा फहराते समय सदैव केसरिया रंग की पट्टी झण्डे के ऊपर की तरफ होनी चाहिये। झण्डा आधा झुका, फटा या कटा नही होना चाहिये इस पर विशेष ध्यान दिया जाये। निजी आवासो एवं प्रतिष्ठानों पर लगाये जाने वाले झण्डे को उक्त समयावधि के उपरान्त आदर भाव के साथ उतार कर सुरक्षित रखा जाये। उन्होने अधि0अधि0नगर पालिका और जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिये कि फील्ड में तैनात कर्मचारियो के साथ मीटिंग करें। क्षेत्रवार/वार्ड वाइज कर्मियों की ड्यूटी तैनात कर ग्रामीण क्षेत्र, नगरीय क्षेत्र और स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े समस्त स्थलों की साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। कहा कि विगत वर्ष में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत लोगो ने राष्ट्रीय ध्वज का पूर्ण रुप से सम्मान रखते हुये अपने पास सुरक्षित रखा है, जिन घरों में झण्डा न हो उन घरों में दिनांक 11 अगस्त 2024 तक प्रत्येक दशा में पहुंचा दिया जाये।

श्री शुक्ल ने जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये कि समस्त शिक्षण संस्थानों में झण्डा रोहण कर हर घर तिरंगा से संबंधित कार्यक्रमो/प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाये। कहा कि राशन की दुकानों/पेट्रोल पम्पों/ घरेलू गैस विक्रय केन्द्रो/ ग्राम पंचायत भवनों/ तहसील/ विकास खण्ड कार्यालयों/ आंगनबाडी केन्द्रो आदि कोई भी स्थल छूटना नही चाहिये, हर जगह झण्डा फहराया जाये। कहा कि सेल्फी/ रील्स/ वीडियो/ झण्डे के साथ फोटो अथवा देश भक्ति/ झण्डागीत के साथ वीडियो अभियान से जुड़ी वेबसाइट harghartiranga.com पर अपलोड करने हेतु लोगो को प्रेरित किया जाये। कहा कि आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधिगणो को आमंत्रित किया जाये।

उन्होने कहा कि भारत के स्वतंत्रता आंदोलन की विभिन्न ऐतिहासिक घटनाओं में काकोरी ट्रेन एक्शन अत्यंत महत्वपूर्ण है। 09 अगस्त 2024 से काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ का शुभारम्भ हो रहा है। क्रातिकारियों के सम्मान में इसे सम्पूर्ण प्रदेश में विभिन्न गतिविधियों के साथ वर्ष-पर्यन्त मनाया जाना है। जनपद में भी काकोरी ट्रेन एक्शन के शताब्दी महोत्सव को धूमधाम से मनाया जाये। विद्यालयों में ओपेन माइक प्रतियोगिता, क्रांतिकारियों पर आधारित आनलाइन किज प्रतियोगिता, इस घटना से जुड़ी हुयी कवितायें एवं कहानी लेखन प्रतियोगितायें की जाये।

इसके साथ ही काकोरी के शहीदों की याद में शहीद स्मृति वाटिका तैयार की जाये।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 विनोद कुमार, जिला विकास अधिकारी नरेन्द्र देव द्विवेदी सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से दो दोस्तों की मौत

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



**बांगरमऊ।** बांगरमऊ-बिल्हौर मार्ग पर शनिवार रात तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से तीन दोस्त बाइक के साथ 50 मीटर तक घिसटते चले गए। गंभीर हालत में तीनों को पुलिस ने स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने दो को मृत घोषित कर दिया। तीसरे को गंभीर हालत में हैलट रेफर किया गया है। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर भाग गया। हरदोई के संडीला कोतवाली क्षेत्र के मौलवीखेड़ा निवासी सत्यवान (22) गांव के साथी शिवा (20) और छोटेलाल (21) के साथ शनिवार रात 11 बजे बाइक से नानामऊ घाट जाने के लिए निकले थे। रविवार सुबह इन्हें गंगा स्नान करना था। बांगरमऊ-बिल्हौर मार्ग पर भुड्डा गांव और नानामऊ गंगा पुल के बीच रात करीब डेढ़ बजे बांगरमऊ की ओर से यूकेलिप्टस की लकड़ियां लादकर जा रहे ट्रक ने सामने से बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी तेज थी कि तीनों युवक बाइक के साथ करीब 50 मीटर तक घिसटते चले गए। हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सीएचसी में सत्यवान और शिवा को मृत घोषित कर दिया गया। छोटेलाल की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल से कानपुर हैलट रेफर किया गया। मृतकों के पास मिले मोबाइल से परिजनों को सूचना दी गई।

सत्यवान तीन भाइयों में बड़ा था। पिता मजदूरी करते हैं। वह फल का ठेला लगाता था। बेटे को मौत से मां बढ़की और अन्य परिजन बेहाल हैं। वहीं, मृतक शिवम हरिद्वार में टेंट हाउस में मजदूरी करता था। 12 दिन पहले ही घर आया था। तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था। बहन ज्योति का विवाह हो चुका है। मां अनीता की नौ साल पहले मौत हो चुकी है। पिता मजदूरी करते हैं। कोतवाल राजकुमार ने बताया कि हादसे में दो दोस्तों की मौत हुई है। एक घायल है। पोस्टमार्टम कराया गया है। चालक फरार है। ट्रक को कब्जे में लिया गया है।

# मोबाइल चोरी का आरोप लगा किशोर को खंभे में बांधकर पीटा

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

**बीघापुर।** अकवाबाद गांव में मोबाइल चोरी का आरोप लगाकर किशोर को खंभे में बांधकर पीटा गया। किसी ने इसका वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। पुलिस हरकत में आई और दोनों पक्षों को कोतवाली लाकर पूछताछ की। पीड़ित की बहन की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी 15 वर्षीय किशोर लालकुआं स्थित एक ढाबे में मजदूरी करता है। शनिवार को अकवाबाद गांव के मुकेश पासवान ने उस पर मोबाइल चोरी का आरोप लगाया। किशोर को गांव के बाहर लगे बिजली के खंभे में बांधा और पिटने लगा। कुछ लोगों ने विरोध किया तो घर के बरामदे में खंभे में बांधकर पीटने लगा। घटना का किसी ने वीडियो बनाया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पीआरवी मौके पर पहुंची और मामला शांत कराया। रविवार को मामले ने तूल पकड़ा। सुबह 11 बजे थानाध्यक्ष राजपाल गांव पहुंचे और आरोपी मुकेश और पीड़ित परिवार को थाने लाए। दोनों पक्षों से बात की। पीड़ित किशोर ने बताया कि पिता दिव्यांग है। मां की मौत हो चुकी है। घर में दो अविवाहित बहने हैं। परिवार की स्थित ठीक न होने से वह ढाबे में काम करके पिता की मदद करता है। थानाध्यक्ष राजपाल ने बताया दोनों पक्षों को थाने लगाया गया था। पीड़ित की बहन की तहरीर पर आरोपी मुकेश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# 60 फीसदी को मिला मुआवजा

* अब निर्माण की तैयारियां तेज

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

शहर के अंदर भारी वाहनों के प्रवेश से लगने वाले जाम पर लगाम लगाने के लिए आउटर रिंग रोड योजना में अधिग्रहीत भूमि का 60 प्रतिशत मुआवजा वितरण पूरा हो गया है। अब धरातल पर निर्माण कार्य शुरू कराने की तैयारियां तेज हो गई हैं। आउटर रिंग रोड बनने से भारी वाहन शहर के बाहर से ही निकल जाएंगे। इससे शहर को जाम से निजात मिलेगी। आउटर रिंग रोड का निर्माण कानपुर नगर, देहात के साथ जनपद में भी हो रहा है। जिले में इसकी लंबाई 27.900 किलोमीटर होगी। इसके लिए 30 गांवों से 217.3515 हेक्टेअर जमीन का अधिग्रहण किया जाना है। अब तक 60 फीसदी जमीन का अधिग्रहण पूरा होने के बाद किसानों को मुआवजा भी दे दिया गया है।

वर्तमान समय में जिले में लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे (एनई-6) का निर्माण तेजी के साथ पूरा किया जा रहा है। इस राजमार्ग को जोड़ने के लिए आउटर रिंग रोड पर भी जल्द काम शुरू कराने की तैयारियां तेज कर दी गई हैं। निर्माण की जिम्मेदारी भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) को दी गई है। रिंग रोड आजाद मार्ग तिराहे पर एक्सप्रेसवे व कानपुर-लखनऊ हाईवे को जोड़ेगी। छह लेन की रिंग रोड सिकंदरपुर सरोसी ब्लाक के गांव बसधना से जिले में प्रवेश करेगी।

**जाम और दुर्घटनाओं पर लगेगी लगाम**

आउटर रिंग रोड बनने के बाद से शहर के अंदर भारी वाहनों की इंट्री नहीं होगी। कानपुर, लखनऊ के अलावा झांसी, इटावा, कन्नौज आदि जाने के लिए भारी वाहन सीधे रिंग रोड पकड़कर बाहर से ही आवागमन कर सकेंगे। अधिकारियों के मुताबिक, रिंग रोड निर्माण के बाद भारी वाहनों की शहर के अंदर इंट्री नहीं होगी। अंदर न आने पर जाम व दुर्घटनाओं पर लगाम लग सकेगी।

"रिंग रोड निर्माण में भूमि अधिग्रहण व मुआवजा वितरण की कवायद तेजी के साथ पूरी की जा रही है। अब तक 60 फीसदी को मुआवजा दिया जा चुका है। निर्माण कार्य को जल्द से जल्द शुरू कराने की तैयारी है।

प्रमेश श्रीवास्तव, प्रभारी भूमि अध्याप्ति अधिकारी

**आउटर रिंग रोड पर एक नजर**

- आउटर रिंग रोड तीन शहरों के बीच बनेगी।
- कानपुर नगर में 62.2, कानपुर देहात में चार किलोमीटर और जनपद में 27.900 किलोमीटर लंबी होगी।
- 217.3515 हेक्टेअर भूमि का होगा अधिग्रहण, छह लेन बनेंगी।

## फास्ट फॉरवर्ड

### चुनावी रंजिश में प्रधान के माता-पिता को पीटा

जन एक्सप्रेस । उन्नाव। सफीपुर। बरहाकला गांव में चुनावी रंजिश में कुछ लोगों ने ग्राम प्रधान के माता-पिता पर हमलाकर घायल कर दिया। तहरीर पर पुलिस ने पिता-पुत्री समेत सात पर रिपोर्ट दर्ज की है। आसीवन थानाक्षेत्र के गांव बरहा कला निवासी रामादेवी पत्नी रामप्रसाद ने थाने में तहरीर दी। बताया कि गांव के ज्ञानेंद्र कुमार उर्फ ज्ञानी अपनी बेटी रिंकी, भाई बउआ, ज्ञानेंद्र और हरदोई के कासिमपुर थानाक्षेत्र के गांव अटुका में रहने वाले तीन सालों के साथ रविवार को गांव के बाहर आम के बाग आए और पति रामप्रसाद को गालियां देने लगे। कहा कि क्षेत्र पंचायत सदस्य के चुनाव में विरोध किया था। सभी धारदार हथियार व तमंचा लिए हुए थे। विरोध करने पर पति व उनके साथ मारपीट की। महिला ने बताया कि बेटा प्रवीन रावत गांव का प्रधान है। थानाध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### भगवान सोमनाथ के दर्शन करने से रोग दोष से मिलती मुक्ति

जन एक्सप्रेस । उन्नाव। आदि गुरु वैदिक सेवा संस्थान व गोकुल बाबा मंदिर समिति के संयुक्त तत्वावधान में गोकुल बाबा मंदिर परिसर में शुरू हुई शिव महापुराण के पहले दिन प्रथम ज्योतिर्लिंग सोमनाथ की कथा सुनाई गई। कथा वाचक शैवाचार्य प्रशांत प्रभुदास ने बताया कि गुजरात के ऐसे भाग में जहां जल का अभाव और विपन्नता व्याप्त थी। इस क्षेत्र की समृद्धि के लिए चंद्रदेव ने तपस्या की। इससे भगवान शिव प्रसन्न हो गए और उन्होंने दर्शन दिए व अभावों वाले इस क्षेत्र में अपना त्रिशूल जमा दिया। धीरे-धीरे उसी स्थान पर एक बड़ा कुंड बन गया। यहीं पर प्रथम ज्योतिर्लिंग सोमनाथ की स्थापना हुई। शास्त्रों के अनुसार, इस कुंड में स्नान करने और भगवान सोमनाथ के दर्शन करने से रोग, दोष से मुक्ति मिलती है। देवी प्रसाद साहू, हरि प्रसाद साहू, संतोष साहू, संजय राठी, निम्मी अरोड़ा, धीरज सिंह, विक्रम सिंह, नीलम त्रिपाठी, निशीथ निगम, राधा निगम, डॉ सुषमा सिंह, लीलावती, संतोष तिवारी, राजेश त्रिपाठी, श्रीकांत शुक्ला आदि ने कथा श्रवण की।

### शिव भक्तों ने निकाली कांवड़ यात्रा

जन एक्सप्रेस । उन्नाव। गंजमुरादाबाद। शिवभक्तों ने रविवार की शाम कांवड़ यात्रा निकाली। कस्बे के प्राचीन नर्मदेश्वर शिव मंदिर से अबीर गुलाल लगाते और उड़ाते शुरू हुई कांवड़ यात्रा गंगा तट के नानामऊ घाट से गंगाजल लेकर आधी रात को सुनासीरनाथ मंदिर पहुंची। यहां सावन मास के तीसरे सोमवार को भोर पहर जलाभिषेक और पूजा अर्चना करेंगे। इसमें भाजपा, विहिप और बजरंग दल के पदाधिकारी भी शामिल रहे।

### वाहन की टक्कर से एक की मौत, चार घायल

जन एक्सप्रेस । उन्नाव। सोनिक। लखनऊ-कानपुर हाईवे पर दही थानाक्षेत्र के शिवनगर के पास वाहन ने तीन बाइकों में टक्कर मार दी। घटना में युवक की मौत हो गई और चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। लखनऊ से कानपुर की ओर जा रहे तेज रफ्तार वाहन ने रविवार शाम करीब सात बजे शिवनगर के पास तीन बाइक सवारों को टक्कर मार दी। घटना में असोहा थानाक्षेत्र के गोकुलपुर निवासी लवकुश राजपूत (22) की मौत हो गई। साथ रहा बिंदाप्रसाद (28) घायल हो गया। लवकुश शिवनगर में रहने वाली रिश्ते की बुआ के घर काम की तलाश में आया था। घटना में दूसरी बाइक सवार अचलगंज थानाक्षेत्र के कस्बा निवासी ललित दीक्षित (36) और तीसरी बाइक सवार पुरवा कोतवाली के बिछिया निवासी निर्मला (62) और उसका बेटा गुंजन (28) घायल हो गया। पुलिस ने सभी को जिला अस्पताल पहुंचाया। थानाध्यक्ष संजीव कुशवाहा ने बताया कि वाहन की टक्कर से युवक की मौत हुई है। चार लोग घायल हैं। वाहन का पता लगाया जा रहा है।

### मार्ग दुर्घटना में मामा-भांजा घायल

जन एक्सप्रेस । उन्नाव। सफीपुर। माखी थानाक्षेत्र के बरी गांव निवासी सुमित (25) अपने मामा अरविंद (32) के साथ बाइक से हसनगंज जा रहे थे। लखनऊ-बांगरमऊ मार्ग पर रसूलाबाद के पास बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। दोनों को मियागंज सीएचसी लाया गया। सुमित की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर किया गया।

### घर में सो रहे परिवार पर हमला

जन एक्सप्रेस । उन्नाव। पाटन। बसंतखेड़ा गांव में सहन को लेकर 10 दिन पहले हुई मारपीट की घटना में आरोपियों ने पीड़ित के घर पर हमला कर मारपीट की। तीन लोग घायल हुए हैं। पीड़ित ने एसपी के सीयूजी नंबर पर सूचना दी। तब पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। बिहार थानाक्षेत्र के गांव बसंतखेड़ा में 23 जुलाई की रात सहन पर कब्जे को लेकर रामसजीवन और हीरालाल में गाली गलौज के बाद मारपीट हुई थी। घटना में रामसजीवन उसकी पत्नी प्रेमा, बेटी मनीषा गंभीर घायल हुई थी। रामसजीवन की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। उसी घटना में मुकदमा वापस लेने के लिए रविवार रात 10:30 बजे हीरालाल पक्ष ने रामसजीवन के घर पर फिर हमला बोल दिया। घटना में महिला पुरुष सहित तीन लोग घायल हो गए। पीड़ित ने एसपी के सीयूजी नंबर पर सूचना दी।

# डेढ़ करोड़ की चोरी में 48 घंटे बाद भी पुलिस के हाथ खाली

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

मौरावां। पश्चिमगांव में शुक्रवार रात सपा नेता सहित तीन घरों में हुई डेढ़ करोड़ की चोरी में 48 घंटे बाद भी पुलिस के हाथ खाली है। घटना के खुलासे के लिए छह टीमें लगाई गई हैं। पुलिस गांव के बाहर दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरे तलाश रही है। शनिवार रात एएसपी ने पीड़ितों से जानकारी ली। मौरावां थानाक्षेत्र के पश्चिम गांव में शुक्रवार रात चोरों ने तीन घरों को निशाना बनाकर डेढ़ करोड़ से अधिक कीमत के जेवर और नकदी चोरी की थी। सपा नेता व छात्र सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष आदिल खां के मुताबिक, चोरों ने उनके घर से 1.700 किलोग्राम सोने, दो किलोग्राम चांदी के जेवर, हीरे की अंगूठी और दो लाख की नकदी चोरी की है। जकी खां के घर से 10 लाख के जेवर चोरी हुए थे। राबिया पत्नी नसीम खां के घर से एक लाख के जेवर और 50 हजार नकद चोर ले गए थे। घटना के बाद सीओ पुरवा सोमेंद्र विश्वास, थानाध्यक्ष चंद्रकांत सिंह ने फोरेंसिक टीम व डॉग स्क्वायड के साथ पहुंच कर दोबारा जांच की। शनिवार रात एएसपी अखिलेश सिंह ने भी गांव पहुंच पीड़ितों से घटना की जानकारी ली। पुलिस शक के आधार पर संदिग्धों से पूछताछ कर रही है लेकिन अब तक कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लगा है। थानाध्यक्ष चंद्रकांत सिंह ने बताया कि घटना के खुलासे के लिए लगाई गईं छह टीमें पूरी तरह से सक्रिय हैं। अभी तक कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लगा है। उधर, सपा नेता के घर चोरी की सूचना पर रविवार को पार्टी जिलाध्यक्ष राजेश कुमार यादव व सीएल यादव सहित अन्य सपाई ने उनसे मुलाकात की। सपा जिलाध्यक्ष ने तीन दिन में घटना के खुलासे की मांग की। कहा कि खुलासा न हुआ तो तहसील से जिला मुख्यालय पर आंदोलन व धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान रामकिशुन लोधी, महेंद्र कुमार, अभिषेक सिंह, रमाकांत यादव, विश्वंभर सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# स्वर्गीय जनेश्वर मिश्र की जयंती तस्वीर फूल माला चढ़कर मनाई गई



जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर विधानसभा में समाजवादी पार्टी के कार्यालय बलराम नगर में सपा विधानसभा अध्यक्ष इं विनय यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने प्रखर समाजवादी नेता, चिंतक, विचारक छोटे लोहिया स्व0 जनेश्वर मिश्र जी की जयंती पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस अवसर पर आयोजित परिचर्चा में समाजवादी पार्टी बिल्हौर विधानसभा के अध्यक्ष विनय यादव ने कहा कि जनेश्वर मिश्र जी ने भारत में सामाजिक जड़ता तोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य किया वंचित शोषित और आधी आबादी का जीवन स्तर सुधारने के लिए वे आजीवन समाजवादी आंदोलन में सक्रिय रहे जनेश्वर जी समाजवादी विचारधारा के अग्रदूत थे प्रखर समाजवादी नेता, चिंतक, विचारक छोटे लोहिया स्व0जनेश्वर मिश्र जी के पदचिह्न सदैव हम सभी का मार्गदर्शन करते रहेंगे लोकेश अवस्थी राष्ट्रीय सचिव छात्र सभा ज्ञान सिंह पूर्व प्रधान, रमेश गौतम, जगरूप यादव कुलदीप, शशिकांत पाल, राहुल, अभिषेक शर्मा, बबलू, अभिषेक यादव प्रधानपुत्र आरजी ईसेपुर, राघवेंद्र आदि सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता पहुंचे थे।

# ग्रामीण क्षेत्रों में तो 12 घंटे तक रहा बिजली संकट

* 33 केवी लाइन से पेड़ों की डाल टकराने से कस्बा व ग्रामीण क्षेत्र में करीब नौ घंटे विद्युत आपूर्ति बाधित रही
* विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता आशीष चंद्रा ने बताया कि तेज हवा के कारण सप्लाई ट्रिप हो रही है।

जन एक्सप्रेस । उन्नाव




**पुरवा।** धौरा, हसेवा, मौलाबांकीपुर, नई सराय सहित नवाबगंज व नवई आदि फीडरों से जुड़े क्षेत्रों की बिजली सुबह पांच बजे से गुल हो गई। देर शाम तक आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी। एसडीओ सूर्य प्रकाश वर्मा ने बताया कि तेज हवाओं की वजह से बिजली आपूर्ति नहीं की जा रही है। औरास विकासखंड के हाजीपुर बिजली घर से क्षेत्र में बिजली आपूर्ति की जाती है। परौरी, हाथीखेड़ा व जमालनगर फीडर की बिजली देररात तेज हवा चलने के कारण गुल हो गई। रात में ही मियागंज से औरास आने वाली 33 केवी लाइन पर पेड़ों की टहनियां टूटकर गिर गईं। इससे पूरे औरास क्षेत्र की बिजली गायब हो गई। रविवार शाम तक बिजली चालू नहीं हो पाई है।

सदर तहसील क्षेत्र में ऐरा भदियार उपकेंद्र से तीन फीडर परियर, थाना, सिकंदरपुर से लगभग 20 गांव को विद्युत आपूर्ति की जा रही है। माखी उपकेंद्र से लगभग 150 गांवों की बिजली जुड़ी है। शनिवार रात तेज हवा के झोंकों से बिजली व्यवस्था चरमरा गई। ऐरा भदियार विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता आशीष चंद्रा ने बताया कि तेज हवा के कारण सप्लाई ट्रिप हो रही है। जिससे फीडर चालू नहीं हो पा रहे हैं। शाम तक आपूर्ति चालू कर दी जाएगी। सप्लाई न चालू होने से तीन सौ गांवों के लोग परेशान रहे। मौरावां 33 केवीए विद्युत केंद्र से पुरवा को आने वाली लाइन में कई स्थानों पर पेड़ की डाल टूटकर गिर जाने से बिजली बंद रही। रविवार सुबह पांच बजे गई बिजली शाम पांच बजे बहाल हो सकी। जेई अशोक पाल ने बताया कि तेज हवा की वजह से टहनियां तारों पर आ गई थीं। इससे आपूर्ति बाधित हुई थी। फतेहपुर चौरासी संवाद सहयोगी के मुताबिक, 33 केवी लाइन से पेड़ों की डाल टकराने से कस्बा व ग्रामीण क्षेत्र में करीब नौ घंटे विद्युत आपूर्ति बाधित रही। जेई दिलीप गुप्ता ने बताया कि मेन लाइन बंद करके 33 हजार लाइन के ऊपर निकले पेड़ों की छंटाई कराई गई।

मौरावां संवाद सहयोगी के मुताबिक, उपकेंद्र हिलौली से संचालित हिलौली, हरदी, लउवा करदहा, मवई कटरा, चेतराय फीडरों की आपूर्ति घंटों बंद रही। अवर अभियंता हिलौली विनोद कुमार गौतम ने बताया कि टहनियों की छंटाई में समय लग गया। उधर, असोहा ब्लाक के पाठकपुर, कालूखेड़ा और पडवाखेड़ा उपकेंद्र से संपर्कित लगभग 60 गांवों में 10 घंटे से अधिक समय तक आपूर्ति बंद रही। बिछिया और सोनिक उपकेंद्र से जुड़े क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति 10 घंटे तक बाधित रही।

### हाईवे पर रेलिंग से टकराई तेज रफ्तार बाइक

जन एक्सप्रेस । उन्नाव। लखनऊ-कानपुर हाइवे पर तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर रेलिंग से टकरा गई। हादसे में तीन युवक घायल हो गए। दो की हालत गंभीर है। लखनऊ के थाना सरोजनी नगर के हुलासीखेड़ा निवासी पुष्पेंद्र (25), गहरू के छोटू (26) और मनोज (28) खेतों में बोरिंग का काम करते हैं। रविवार शाम को वह सोहरामऊ के एक खेत में बोरिंग करने जा रहे थे। बाइक पुष्पेंद्र चला रहा था। लखनऊ-कानपुर हाईवे पर सोहरामऊ थानाक्षेत्र के बजेहरा मोड़ के पास तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सेफ्टी रेलिंग से टकरा गई।

### जांच रिपोर्ट तैयार, अब कार्रवाई का इंतजार

जन एक्सप्रेस । उन्नाव। जिला अस्पताल में भर्ती मरीज ने ऑपरेशन के नाम पर रुपये मांगने के मामले में जांच टीम ने डॉक्टर और मरीज के बयान दर्ज कर रिपोर्ट तैयार कर ली है। अब कार्रवाई का इंतजार है। बेथर गांव निवासी मो. एजाज 10 जुलाई को घर में गिरकर घायल हो गए थे। पैर में तेज दर्द होने पर परिजन जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टर ने पैर में फैक्चर होने की बात कही। मरीज ने आरोप लगाया था कि जिला अस्पताल के हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. तुषार चौरसिया ने ऑपरेशन करने के नाम पर में आठ हजार रुपये की मांग की। जब रुपये देने में असमर्थता जताई तो डॉक्टर ने उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज करने के लिए कह दिया। मामले की शिकायत के बाद प्रभारी सीएमएस डॉ. विवेक गुप्ता ने तीन सदस्यीय टीम गठित कर जांच के निर्देश दिए। इसके बाद जांच टीम में शामिल डॉक्टरों ने हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. तुषार चौरसिया के बयान दर्ज किए। इसके पूर्व पीड़ित के भी बयान लिए गए थे। जांच टीम ने रिपोर्ट बनाकर सीएमएस को सौंपी। सूत्रों के अनुसार, डॉक्टर तुषार ने एक सवाल के जवाब में बताया था कि पीड़ित का आयुष्मान कार्ड नहीं बना था। इसलिए उसके ऑपरेशन में देरी हो रही थी। जबकि पीड़ित का आयुष्मान कार्ड एक साल पहले बन चुका था।

# पूरे सावन भर आम का स्वाद ले सकेंगे लोग

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

गंजमुरादाबाद। आषाढ़ी में समाप्त हो जाने वाली आम की फसल अभी तक चल रही है। अभी भी बाजार में आम आ रहा है। इससे आम का अभी दो सप्ताह तक और स्वाद मिलने की उम्मीद है। आम की फसल पकने का सिलसिला गंगा दशहरा से शुरू हो जाता है। बागबान गंगा दशहरा से 15 दिन पहले ही दशहरी आम का पाल लगाकर बिक्री शुरू कर देते हैं। दशहरी की फसल समाप्त हो जाने के बाद चौसा आम की बहार आ जाती है। इसके बाद फिर आखिर में लखनऊवा की बारी आती है। आम की फसल की मियाद आषाढ़ी तक ही मानी जाती है लेकिन इस बार आषाढ़ी समाप्त हो जाने के 20 दिन बाद भी कस्बे में लगने वाली आम की मंडी पूरी तरह से गुलजार है।

वहीं, बागों में करीब 15 फीसदी आम की फसल लगी है। इससे अभी दो सप्ताह तक मंडी में आम आने की संभावना है। लोग आसानी से सावन के महीने भर आम का स्वाद ले सकेंगे। शुरुआत में 30 रुपये प्रति किलो बिकने वाला आम अब 60 से 80 रुपये प्रति किलो के भाव से बिक रहा है। इससे इस बार बागबानों को अच्छा मुनाफा मिल रहा है। कस्बे के हफीजुर्रहमान, रघुवीर, अकील अहमद, जुनैद, फुरकान अंसारी, इरफान, मोहम्मद आलम आदि बागबानों ने बताया कि इस बार धीरे-धीरे फसल तोड़कर पाल लगाकर बिक्री कर रहे हैं। इससे फसल पूरे सावन महीने तक चलेगी।

## बांग्लादेश पीएम शेख हसीना का इस्तीफा, देश छोड़ा आर्मी ने कहा, सेना अंतरिम सरकार बनाएगी

# अब तक 300 लोगों की मौत



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

बांग्लादेश में आरक्षण विरोधी आंदोलन हिंसक होने के बाद पीएम शेख हसीना ने सोमवार को इस्तीफा दे दिया। सेना प्रमुख जनरल वकार-उज-जमान ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने ढाका में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि अब सेना अंतरिम सरकार बनाएगी। उधर, ढाका में हालात बेकाबू हैं। सेना प्रमुख ने लोगों से शांति बहाली की अपील की है। उन्होंने कहा कि हम हालात काबू में ले आएंगे। भरोसा रखें। करीब 4 लाख लोग सड़कों पर हैं। राजधानी में जगह-जगह हिंसा और तोड़फोड़ हो रही है। पीएम शेख हसीना ने पीएम आवास छोड़ दिया है। न्यूज एजेंसी ने सूत्रों के हवाले बताया है कि प्रधानमंत्री ढाका छोड़कर किसी सुरक्षित जगह शिफ्ट हो गई हैं। उनके साथ उनकी बहन रेहाना भी हैं।

### भारत ने अपने नागरिकों से सतर्क रहने को कहा

इससे पहले, भारत ने बांग्लादेश में रहने वाले अपने नागरिकों से संपर्क में रहने और सतर्क रहने को कहा है। बांग्लादेश में भारत के सहायक उच्चायोग की तरफ से जारी एक सोशल मीडिया में पोस्ट कहा गया, सिलहट स्थित भारतीय सहायक उच्चायोग के अधिकार क्षेत्र में रहने वाले छात्रों सहित सभी भारतीय नागरिकों से अनुरोध है कि इस कार्यालय के संपर्क में रहें और सतर्क रहें। किसी आपात स्थिति में +88-01313076402 पर संपर्क करें।

### तीन सौ से अधिक पुलिसकर्मी घायल

पुलिस मुख्यालय के अनुसार, हिंसा में अब तक देश भर में 14 पुलिसकर्मी मारे गए हैं। इनमें से 13 की मौत सिराजगंज के इनायतपुर थाने में हुई है। बांग्ला भाषी समाचार पत्र ने बताया कि कोमिला के इलियटगंज में एक व्यक्ति की मौत हो गई। यहां तक कि 300 से अधिक पुलिसकर्मी घायल हुए हैं।

### क्या है मामला?

आपको बता दें कि बांग्लादेश में हाल ही में पुलिस और छात्र प्रदर्शनकारियों के बीच हिसंक झड़पें हुईं हैं। दरअसल, प्रदर्शनकारी छात्र विवादित आरक्षण प्रणाली को समाप्त करने की मांग कर रहे हैं। इसके तहत बांग्लादेश के लिए वर्ष 1971 में आजादी की लड़ाई लड़ने वाले स्वतंत्रता संग्रामियों के परिवारों के लिए 30 प्रतिशत सरकारी नौकरियां आरक्षित की गईं हैं।

### इस दिन रहेगा अवकाश

स्थानीय मीडिया के अनुसार, बांग्लादेश प्रशासन ने सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सोमवार, मंगलवार और बुधवार को तीन दिवसीय अवकाश की घोषणा की है।

### बांग्लादेश में कर्फ्यू लागू, 3500 से ज्यादा कपड़ा फैक्ट्रियां बंद

सरकार ने हिंसा पर काबू पाने के लिए देशभर में कर्फ्यू लगा दिया है। 3 दिनों की छुट्टियां कर दी गई हैं ट्रेनें अगले आदेश तक रोक दी गई हैं। 3500 से ज्यादा कपड़ा फैक्ट्रियों में भी ताला लग गया है। कोर्ट भी बंद कर दिए गए हैं। सुप्रीम कोर्ट के आदेश में कहा गया है कि बंदी के दौरान बहुत जरूरी मामलों में ही सुनवाई की जाएगी। इसके लिए चीफ जस्टिस इमरजेंसी बेंच का गठन करेंगे। सोमवार सुबह 11 बजे देश में इंटरनेट पूरी तरह बंद कर दिया गया था, लेकिन 3 घंटे बाद इसे फिर से चालू कर दिया गया।

### शेख हसीना की पार्टी के नेताओं की मॉब लिंचिंग

इसके अलावा आंदोलनकारियों ने नरसिंगडी जिले में पीएम हसीना की पार्टी अवामी लीग के 6 कार्यकर्ताओं को मॉब लिंचिंग कर मार डाला। रिपोर्ट्स के मुताबिक दोपहर में प्रदर्शनकारियों ने जुलूस निकाला था जिससे अवामी लीग के कार्यकर्ता नाराज हो गए। उन्होंने प्रदर्शनकारियों पर गोलीबारी की, जिसमें 4 लोग घायल हो गए। इससे नाराज होकर प्रदर्शनकारियों ने पलटवार किया। अवामी लीग के कार्यकर्ता डर कर एक मस्जिद में छिप गए, जहां से निकाल कर उनकी पिटाई की गई जिसमें 6 कार्यकर्ता मारे गए।

### स्टेशन में घुसकर 14 पुलिसकर्मियों को मार डाला

ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुताबिक सिराजगंज शहर में प्रदर्शनकारियों ने रविवार को पुलिस स्टेशन पर हमला कर दिया। उन्होंने पुलिसकर्मियों को मारा और वहां आग लगा दी। इस हमले में 13 पुलिसकर्मी मारे गए हैं। इसके अलावा इलियटगंज पुलिस चौकी पर भी हमला हुआ जिसमें एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई।

### दो न्यूजपेपर ऑफिस पर भी हमला

प्रदर्शनकारियों ने रविवार शाम ढाका में दो न्यूजपेपर के ऑफिस पर हमला कर दिया। अंग्रेजी अखबार द डेली स्टार के ऑफिस में घुसकर प्रदर्शनकारियों ने कांच के दरवाजे और पैनल तोड़ डाले। कुछ ही देर बाद बांग्ला अखबर रूपंतोर समाचार पर प्रदर्शनकारियों ने हमला कर दिया। यहां भी उन्होंने तोड़फोड़ की। हमले में किसी के घायल होने की खबर नहीं है।

### दोबारा हिंसा शुरू कैसे हुई

पिछले महीने विरोध प्रदर्शन को लीड कर रहे 6 लोगों को डिटेक्टिव ब्रांच ने सेफ रखने के नाम पर 6 दिनों तक बंधक बनाकर रखा था। इनमें से नाहिद इस्लाम, आसिफ महमूद और अबू बकर मजूमदार घायल थे और अस्पतालों में इलाज करा रहे थे। उन्हें वहां से उठा लिया गया। इन सभी से आंदोलन को वापस लेने के लिए जबरदस्ती वीडियो बनवाया गया। जब ये कैद में थे तब गृहमंत्री ये दावा कर रहे थे कि इन्होंने अपनी मर्जी से आंदोलन को खत्म करने की बात कही है। जब मामला खुला तो प्रदर्शनकारियों का गुस्सा और भड़क गया।

### कहां-कितनों की मौत?

एक रिपोर्ट के अनुसार, फेनी में हिंसा के दौरान पांच लोगों की मौत हुई है। इसके अलावा सिराजगंज में चार, मुंशीगंज में तीन, बोगुरा में तीन, मगुरा में तीन, भोला में तीन, रंगपुर में तीन, पाबना में दो, सिलहट में दो, कोमिल्ला एक, जयपुरहाट में एक ढाका में एक और बारीसाल में एक व्यक्ति की मौत हुई है।

## लव जिहाद के साथ ही लैंड जिहाद के खिलाफ भी कानून बनाएगी सरकार: सीएम हिमंत बिस्वा



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। गुवाहाटी

असम सरकार लैंड जिहाद और लव जिहाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई कर रही है। दोनों को रोकने के लिए हिमंत सरकार कानून ला रही है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा का कहना है कि वह लव जिहाद और लैंड जिहाद के खिलाफ काम करेंगे।

### 'पीड़िता को न्याय मिलना चाहिए'

सीएम सरमा ने कहा, हमारी सरकार एक कानून बनाने की प्रक्रिया में है जो लव जिहाद के मामलों में कड़ी सज़ा देगा। असम में यह बहुत आम है, लोग फेसबुक पर अपना हिंदू नाम डालते हैं, एक लड़की को बहलाते हैं और शादी के बाद लड़की को पता चलता है कि लड़का वह नहीं है, जिससे उसने शादी की थी। पीड़िता को न्याय मिलना चाहिए, इसलिए असम सरकार विभिन्न मामलों की जांच करने के बाद एक कानून बनाने जा रही है जो ऐसे मामलों में सजा देगा।

### हम एक ऐसा कानून ला रहे हैं जो...: सीएम

उन्होंने आगे कहा, हम सभी जानते हैं कि असम के विभिन्न हिस्सों में जनसांख्यिकी परिवर्तनों के कारण एससी, एसटी जैसे मूल समुदाय अल्पसंख्यक बन रहे हैं और उनकी संपत्ति भी संदिग्ध तरीकों का उपयोग करके खरीदी जा रही है। असम में अगर आप बारपेटा, धुबरी जाएंगे तो आपको ऐसे कई उदाहरण मिलेंगे, जहां हमने अपनी जमीन और संपत्ति कैसे खोई है। इसलिए हम एक ऐसा कानून ला रहे हैं जो ऐसी बिक्री को प्रतिबंधित करेगा। एससी अपनी जमीन केवल एससी को ही बेचेंगे, एसटी अपनी जमीन एसटी को ही बेचेंगे और ओबीसी अपनी जमीन सिर्फ ओबीसी को ही बेचेंगे। हम लव जिहाद और लैंड जिहाद के खिलाफ काम करेंगे।

### उम्रकैद की सजा होगी

इससे पहले उन्होने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि असम सरकार लैंड जिहाद और लव जिहाद को रोकने के लिए दो कानून ला रही है। अगर कोई मुस्लिम हिंदू की संपत्ति खरीदना चाहता है या कोई हिंदू मुस्लिम की संपत्ति खरीदना चाहता है, तो उसे सरकारी अनुमति लेनी होगी। लव जिहाद करने वालों को उम्रकैद की सजा दी जाएगी।

### वक्फ विधेयक में संशोधन की खबरों पर कही ये बात

मीडिया में आई खबरों के अनुसार कि केंद्र सरकार वक्फ बोर्ड की संपत्तियों पर नियंत्रण के लिए विधेयक ला सकती है, सीएम सरमा ने कहा, अब तक, मैंने मसौदा या संशोधन विधेयक नहीं देखा है। मैं केवल इतना जानता हूं कि वक्फ विधेयक में संशोधन होगा। यह लंबे समय से चली आ रही आवश्यकता है। मुझे लगता है कि मुस्लिम आंदोलन को न्याय देने के लिए इस कदम पर विचार किया जाएगा और यह सुनिश्चित करेगा कि वक्फ संपत्ति जिसे भी मिलनी चाहिए, उसके पास जाए।

## लड़की बहिन योजना के खिलाफ पीआईएल खारिज

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई

महाराष्ट्र सरकार की लड़की बहिन योजना को लेकर दाखिल पीआईएल को हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि यह महिलाओं के लिए लाभकारी योजना है और इसे भेदभावपूर्ण नहीं कहा जा सकता। मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति अमित बोरकर की खंडपीठ ने कहा कि सरकार को किस तरीके से कोई योजना बनानी है, यह अदालत के दायरे से बाहर है। यह एक नीतिगत निर्णय है। हम इसमें तब तक हस्तक्षेप नहीं कर सकते जब तक कि किसी मौलिक अधिकार का उल्लंघन न हो। मुंबई के एक चार्टर्ड अकाउंटेंट नवीद अब्दुल सईद मुल्ला ने महाराष्ट्र सरकार की मुख्यमंत्री माझी लड़की बहिन योजना के खिलाफ बंबई उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका (पीआईएल) दायर की थी। उन्होंने दावा किया कि यह योजना करदाताओं पर अतिरिक्त बोझ डालेगी। याचिकाकर्ता ने नौ जुलाई को योजना शुरू करने वाले सरकारी प्रस्ताव को रद्द करने की मांग की है। इस प्रस्ताव के मुताबिक, 21 से 65 आयु वर्ग की उन महिलाओं के बैंक खातों में 1,500 रुपये का मासिक भत्ता हस्तांतरित किया जाएगा।

## शिक्षा के साथ संस्कृति, सभ्यता का महत्व: राज्यपाल आनंदीबेन पटेल



जन एक्सप्रेस । नोएडा

प्राचीन भारतीय शिक्षा प्रणाली में संस्कृति और सभ्यता का भी समावेश रहता था। ज्ञान के साथ आदर्श जीवन मूल्यों का को अपरिहार्य माना जाता था। राज्यपाल ने आनंदीबेन पटेल ने कहा कि शिक्षा के साथ साथ बच्चों में संस्कृति और सभ्यता का भी ज्ञान होना चाहिए। आनंदीबेन पटेल ने जनपद गौतम बुद्ध नगर स्थित स्पर्श ग्लोबल बिजनेस स्कूल के स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होकर स्कूल के न्यू कैम्पस का उद्घाटन किया।
राज्यपाल ने जमीनी स्तर और मूल्य आधारित शिक्षा से सीखने के महत्व और राष्ट्र पर सार्थक प्रभाव डालने की इच्छा व्यक्त करने पर जोर दिया। उन्होंने छात्रों से हमेशा एक सकारात्मक प्रभाव छोड़ने के आकांक्षा रखने का आग्रह किया और अगले कुछ दशकों में युवाओं के लिए भारत में मौजूद महान संभावनाओं और अवसरों पर जोर दिया। उन्होंने आंगनवाड़ी केन्द्रों में कराये जा रहे सुधारों और डिजिटलीकरण हेतु सभी को शुभकामनाऐं देते हुए कहा कि जनपद गाजियाबाद में देश की पहली ए.आई आंगनवाड़ी का शुभारम्भ हुआ है, इससे बच्चों को और बेहतर शिक्षा व जानकारी प्राप्त होगी। वर्तमान समय में बच्चों के साथ साथ महिलाऐं भी कुपोषित है, जब हमारी माताएं सशक्त बनेगी तो हमारे बच्चे भी सशक्त बनेंगे, तभी देश भी सशक्त बनेगा। हमें आंगनवाड़ी सहित अन्य संस्थाओं के माध्यम से लोगों तक संदेश पहुंचाना है कि वे किसी ना किसी रूप में गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार प्रदान करें, जिससे वे स्वयं सक्षम व मजबूत होकर एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दे सके। उन्होंने कहा कि गर्भधारण के उपरान्त गर्भवती महिला सहित उनके परिवारजनों को चाहिए कि वे घर में स्वस्थ वातावरण रखें जिससे होने वाले बच्चे पर उसका अच्छा असर पड़े तभी बच्चे आने वाले समय में एक सशक्त भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकेंगें।

## सोशल मीडिया पर लगाम लगाने की तैयारी, प्रसारण सेवा विधेयक को लेकर केंद्र पर बरसीं प्रियंका गांधी



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने मोदी सरकार पर प्रसारण सेवा (विनियमन) विधेयक लाकर डिजिटल मीडिया, सोशल मीडिया, ओटीटी प्लेटफार्मों, निजी तौर पर लिखने और बोलने वालों पर लगाम लगाने की तैयारी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इन हरकतों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कांग्रेस नेता ने सोशल मीडिया पर महात्मा गांधी (यंग इंडिया, 1922) और जवाहर लाल नेहरू (मार्च, 1940) के कोट्स साझा करते हुए कहा कि गांधी और नेहरू ने भाषण और प्रेस की स्वतंत्रता पर जोर दिया था। प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, हमें सबसे पहले स्वतंत्र अभिव्यक्ति और संगठन के अधिकार को हासिल करना चाहिए और इन अधिकारों की रक्षा जान देकर भी करनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा, प्रेस की आजादी का मतलब यह नहीं होता कि जो चीजें हम छपी हुई देखना चाहें, सिर्फ उन्हीं की अनुमति दें, इस तरह की आजादी से तो कोई अत्याचारी भी सहमत हो जाएगा। नागरिक स्वतंत्रताओं और प्रेस की आजादी का मतलब है कि हम जो चीज न चाहें उनकी भी अनुमति दें और अपनी आलोचना बर्दाश्त करें। प्रियंका गांधी ने कहा, ये दो उदाहरण यह बताते हैं कि हमारे नागरिकों को मिली अभिव्यक्ति और प्रेस की स्वतंत्रता यूं ही नहीं मिली है। इसके लिए वर्षों तक लाखों लोगों ने लड़ाई लड़ी है। नागरिक स्वतंत्रता और प्रेस की आजादी हमारे शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों की महान विरासत है। आजाद भारत के इतिहास में कभी कोई सरकार नागरिकों को मिली स्वतंत्रता को कुचलने के बारे में सोच भी नहीं सकती थी। उन्होंने आगे कहा कि आज एक तरफ सत्ता के जोर से पूरे मीडिया को सरकारी भोंपू बना दिया गया है। दूसरी तरफ, भाजपा सरकार ब्रॉडकास्ट बिल लाकर डिजिटल मीडिया, सोशल मीडिया, ओटीटी प्लैटफॉर्म्स और यहां तक कि निजी हैसियत में लिखने-बोलने वालों की जुबान पर ताला लगाने की तैयारी कर रही है। यह पूरी तरह अस्वीकार्य है। देश ऐसी हरकतों को बर्दाश्त नहीं करेगा।

### केंद्रीय मंत्री ने दी प्रतिक्रिया

राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में, केंद्रीय सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री एल मुरुगन ने इसे लेकर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, प्रसारण सेवा (विनियमन) विधेयक, जिसके जरिए केबल टेलीविजन नेटवर्क्स (विनयमिकरण), कानून, 1995 को बदला जाना था, इसकी गाइडलाइंस को हितग्राहियों और आम जनता की टिप्पणियों के लिए 10 नवंबर 2023 को सार्वजनिक डोमेन में रखा गया था।

### अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाने की अपील

कांग्रेस ने आरोप लगाया कि प्रसारण सेवा (विनियमन) विधेयक अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और स्वतंत्र मीडिया के लिए खतरा है। कांग्रेस के मीडिया एवं प्रचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने लोगों से सरकार के अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाने की अपील की। हालांकि, कुछ लोगों ने सोशल मीडिया पर इस कानून में कुछ प्रावधानों के बारे में चिंता व्यक्त की। सरकार ने बताया कि विधेयक अभी भी ड्राफ्टिंग स्तर पर है और इसे लेकर हितधारकों से परामर्श जारी है।

## देश के कई राज्यों में मानसून का कहर जारी



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

मानसून का कहर देश के कई राज्यों में देखने को मिल रहा है। गुजरात और महाराष्ट्र समेत देश के कई राज्यों में भारी बारिश के कारण बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई है। कई इलाकों में जलभराव होने के कारण लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। गुजरात के वलसाड में औरंगा नदी का जलस्तर बढ़ने से इलाके में बाढ़ आ गई। नवसारी में भारी बारिश के कारण बिलिमोरा शहर जलमग्न हो गया। वहीं दूसरी तरफ, महाराष्ट्र का हाल भी कुछ ऐसा ही है। भारी बारिश के कारण महाराष्ट्र में पुणे के एकता नगर में जल-भराव की स्थिति पैदा हो गई। पूरा इलाका जलमग्न हो चुका है। लोगों को अपने घरों के बीतर ही रहने को मजबूर हैं। नासिक में लगातार बारिश के कारण गोदावरी नदी के नीचे कई मंदिर जलमग्न हो गए।

## एमआई 17 और चिनूक से एयर लिफ्ट रेस्क्यू शुरू, 133 लोगों को निकाला जा चुका, मोर्चे पर डटी सेना

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। रुद्रप्रयाग



केदार घाटी में सोमवार को मौसम साफ होने के साथ ही एमआई 17 और चिनूक से एयर लिफ्ट रेस्क्यू शुरू हो गया है। एमआई चारधाम हेलीपेड पर यात्रियों को उतार जा रहा है जबकि चिनूक गौचर हवाई पट्टी पर यात्रियों को उतारेगा। सुबह नौ बजे तक 133 लोगों को केदारनाथ से एमआई एवं चिनूक एवं छोटे हेलिकॉप्टर की मदद से सुरक्षित एयर लिफ्ट कर रेस्क्यू किए जा चुके हैं। 31 जुलाई को हुई अतिवृष्टि से केदारनाथ मार्ग को भारी नुकसान पहुंचा है। गौरीकुंड से केदारनाथ मंदिर तक 16 किमी का मार्ग है, इसमें 10 जगह मार्ग पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। लोक निर्माण विभाग की टीम मार्ग को खोलने में जुटी है। लोनिवि की रिपोर्ट के अनुसार जो स्थितियां हैं उनमें मार्ग को पूर्व की दशा में लाने में करीब एक महीने का समय लग सकता है। वहीं, सेना ने मोर्चा संभालते हुए मंदाकिनी नदी पर अस्थायी ट्राली स्थापित कर दी है। साथ ही वैकल्पिक पुल का निर्माण भी शुरू कर दिया है। गौरीकुंड में घोड़ा पड़ाव के पास लगभग 15 मीटर लंबाई में रास्ता पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। यहां पर लोनिवि श्रमिक वैकल्पिक मार्ग स्थापित करने में जुटे हैं। गौरीकुंड से छोड़ी तक मार्ग पर बोल्डर आने से कुछ जगह आंशिक और कुछ जगह काफी नुकसान हुआ है। छोड़ी से चीरबासा में मलबा आया है, चीरबासा के पास सड़क नष्ट हो गई है। भैरव मंदिर के पास छह मीटर मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया है। जंगल चट्टी में दो स्थान पर मार्ग पूरी तरह नष्ट हो गया है, यहां भी लोनिवि की टीम मार्ग को ठीक कर रही है। महादेव फॉल से भीमबली तक कुछ स्थान पर बोल्डर आने से आंशिक रूप से बाधित हुआ है। भीमबली से रामबाड़ा तक मार्ग चार स्थान, रामबाड़ा से लिनचोली तक पांच स्थानों पर मार्ग पूरी तरह टूट गया है, दोनों जगह लोनिवि की टीम वैकल्पिक मार्ग बनाने में जुटी है। टीएफ प्वाइंट में भी मार्ग पूरी तरह टूट गया है। यहां पर 25 श्रमिक वैकल्पिक मार्ग बनाने में जुटे हैं। कुबेर ग्लेशियर में भी मार्ग लगभग पूरी तरह टूट गया है।

### सेना की टुकड़ी व्यवस्थाएं बनाने में जुटी

केदारघाटी में व्यवस्थाएं सुधारने को सेना के जवानों ने भी मोर्चा संभाल लिया है। रविवार को 6-ग्रेनिडियर यूनिट के सीओ कर्नल हितेश वशिष्ठ के नेतृत्व में सेना की एक टुकड़ी सोनप्रयाग पहुंच गई। जिसने मंदाकिनी नदी पर अस्थायी ट्राली स्थापित करने के साथ ही वैकल्पिक पुल का निर्माण शुरू कर दिया है।

## दिल्ली सरकार की सलाह के बिना एलजी कर सकते हैं नगर निगम में एल्डरमैन की नियुक्ति, सुप्रीम कोर्ट का फैसला

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम में एल्डरमैन की नियुक्ति को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुना दिया है। कोर्ट ने कहा कि उपराज्यपाल (एलजी) सरकार से सलाह लिए बिना नगर निगम में एल्डरमैन की नियुक्ति कर सकते हैं। कोर्ट के फैसले के बाद आप सरकार को तगड़ा झटका लगा है। दिल्ली सरकार ने मंत्रिपरिषद की सलाह के बिना नगर निगम में एल्डरमैन की नियुक्ति करने के उपराज्यपाल के फैसले को चुनौती देते हुए कोर्ट में याचिका दायर की थी। इस पर सुनवाई करते हुए बीते वर्ष मई में सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। कोर्ट ने माना कि नगर निगम अधिनियम के तहत उपराज्यपाल को वैधानिक शक्ति दी गई है। जबकि सरकार कार्यकारी शक्ति पर काम करती है। इसलिए उपराज्यपाल को वैधानिक शक्ति के अनुसार काम करना चाहिए, न कि दिल्ली सरकार की सहायता और सलाह के अनुसार। कोर्ट ने कहा कि नगर निगम अधिनियम में प्रावधान है कि उपराज्यपाल नगर निगम प्रशासन में विशेष ज्ञान रखने वाले दस व्यक्तियों को नामित कर सकते हैं। न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा ने कहा कि धारा 3(3)(बी)(आई) के तहत विशेष ज्ञान वाले व्यक्तियों को नामित करने की वैधानिक शक्ति पहली बार डीएमसी अधिनियम 1957 के 1993 के संशोधन द्वारा उपराज्यपाल को दी गई थी। एलजी का उद्देश्य कानून के जनादेश के अनुसार कार्य करना है और मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह से निर्देशित नहीं होना है। प्रयोग की जाने वाली शक्ति एलजी का वैधानिक कर्तव्य है न कि राज्य की कार्यकारी शक्ति। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में 250 निर्वाचित और 10 नामांकित सदस्य हैं। दिल्ली सरकार ने आरोप लगाया था कि उपराज्यपाल ने उसकी सहायता और सलाह के बिना 10 सदस्यों को नामित किया था। शीर्ष अदालत में मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पादरीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने एमसीडी की महापौर शेली ओबेरॉय की एक याचिका पर सुनवाई की थी। शेली ओबेरॉय ने अपनी याचिका में मांग की है कि नगर निगम को अपनी स्थायी समिति के कार्यों का प्रयोग करने की अनुमति दी जाए।



### सीजेआई ने कही थी यह बात

सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि उपराज्यपाल को एमसीडी में 'एल्डरमैन' नामित करने का अधिकार देने का मतलब है कि वह निर्वाचित नगर निकाय को अस्थिर कर सकते हैं। सीजेआई की अध्यक्षता वाली पीठ ने एमसीडी में 'एल्डरमैन' को नामित करने के उपराज्यपाल के अधिकार को चुनौती देने वाली याचिका पर फैसला सुरक्षित रखते हुए यह बात कही थी।

### याचिका में किया गया था यह दावा

दिल्ली सरकार की ओर से दायर याचिका में दावा किया गया है कि 1991 में संविधान के अनुच्छेद 239 के लागू होने के बाद से यह पहली बार है कि उपराज्यपाल ने चुनी हुई सरकार को पूरी तरह दरकिनार करते हुए इस तरह से एल्डरमैन को नामित किया है। इसमें यह भी कहा गया कि एलजी मंत्रिपरिषद की मदद और सलाह पर कार्य करने के लिए बाध्य हैं। यदि कोई मतभेद होता है, तो वह इस मुद्दे को राष्ट्रपति के पास भेज सकते हैं। याचिका में कहा गया कि उपराज्यपाल के पास सिर्फ दो ही विकल्प हैं, पहला- चुनी हुई सरकार की ओर से सुझाए गए गए नामों को मंजूर किया जाए और दूसरा- अगर प्रस्ताव पर सहमति न बने तो इसे राष्ट्रपति के पास भेज दिया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने मार्च में इस मामले में दिल्ली एलजी से जवाब मांगा था।

### इसलिए खड़ा हुआ था विवाद

दरअसल, 250 पार्षदों वाले दिल्ली नगर निगम में एल्डरमैन की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है। एल्डरमैन मेयर के चुनाव या किसी बिल को पास करने के दौरान वोट तो नहीं कर सकते, लेकिन ये जोनल कमेटियों में मतदान कर सकते हैं। नगर निगम की सबसे ताकतवर स्टैंडिंग कमेटी के चुनाव के लिए जोनल कमेटियों से ही सदस्य चुनकर आते हैं। ऐसे में स्टैंडिंग कमेटी के गठन में अप्रत्यक्ष तरीके से एल्डरमैन की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण हो जाती है। यही कारण है कि आम आदमी पार्टी और दिल्ली के उपराज्यपाल एल्डरमैन की नियुक्ति को अपने हाथ में रखने की हर संभव कोशिश कर रहे हैं। पिछले मेयर के चुनाव के समय ही उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने 10 एल्डरमैन की नियुक्ति कर दी थी। भाजपा उन्हें मतदान का अधिकार भी दिलाने की कोशिश कर रही थी, जबकि आप एल्डरमैन को पिछली परंपरा के अनुसार वोट डालने का अधिकार देने को तैयार नहीं थी। अंततः यह विवाद सर्वोच्च न्यायालय की चौखट पर पहुंच गया था जिसमें अदालत ने एल्डरमैन को नगर निगम के सदन में वोटिंग का अधिकार देने से मना कर दिया था।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक: अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादक: अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेड: कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोट: सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

## कांवड़ियों को कार ने टक्कर मारी, 5 घायल

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** थाना ताजगंज क्षेत्र में रविवार रात को कावंड़ लेकर आ रहे कांवड़ियों को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसे में पांच कांवड़िए घायल हो गए।

कांवड़ खंडित हो गई। आक्रोशित कांवड़ियों ने कार में तोड़फोड़ कर दी। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां दो की हालत गंभीर बताई गई है। सावन के सोमवार पर जलाभिषेक के लिए कांवड़िए सोरो से गंगाजल लेकर आ रहे थे। ताजगंज थाना क्षेत्र में इनर रिंग रोड पर अंधेरे में तेज रफ्तार कार ने कांवड़ियों को चपेट में ले लिया। हादसे में पांच कांवड़िए घायल हो गए। टक्कर काफी तेज थी। कांवड़िए उछल कर दूर गिरे।

कांवड़ भी खंडित हो गई। इसके बाद कांवड़ियों ने कार को घेर लिया। कार में दो युवक सवार थे। उनकी पिटाई लगाई। कार के शीशे तोड़ दिए। कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दी। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। घायल कांवड़ियों को उपचार के लिए एसआर हॉस्पीटल में भर्ती कराया गया है। दो कांवड़ियों की हालत गंभीर बताई गई है। कार सवार युवकों को भी काफी चोट आई हैं।

# भाजपा मंडल अध्यक्ष पर छेड़छाड़ की एफआईआर

**महिला कार्यकर्ता के घर में घुसकर की थी अश्लीलता, पदाधिकारियों ने कराया था राजीनामा**

जन एक्सप्रेस | आगरा



भाजपा के बल्केश्वर मंडल अध्यक्ष के खिलाफ महिला नेत्री ने एफआईआर दर्ज करा दी है। रविवार को भाजपा के पदाधिकारियों ने दोनों के बीच में समझौता कराया था, लेकिन इसके बाद भाजपा नेत्री ने सोमवार को मुकदमा दर्ज करा दिया है। महिला नेत्री ने मंडल अध्यक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला नेत्री का आरोप है कि पार्षद पति ने घर में घुसकर बदनीयती से दबोच लिया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। घटना 29 अप्रैल की है। गंगे गौरी पार्क बल्केश्वर में भाजपा मंडल कार्यालय में बैठक चल रही थी। इसमें बल्केश्वर मंडल अध्यक्ष गिर्राज बंसल सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे। बैठक में उपस्थित लोगों के लिए पास में रहने वाली एक महिला नेत्री अपने घर चाय बनाने चली गई। आरोप है कि महिला नेत्री के पीछे मंडल अध्यक्ष गिर्राज बंसल घर में घुस गए। उन्होंने रसोई में चाय बना रही महिला नेत्री को पीछे से बाहों में भर लिया और जबरदस्ती करने लगे। जैसे तैसे महिला उसके चंगुल से निकली। उसे मारने के लिए डंडा उठा लिया। इस पर पार्षद पति गाली गलौज करने लगा। महिला को जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से फरार हो गया। लंबे समय तक मामला दबा रहा। महिला ने पार्टी पदाधिकारियों से आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रही थी, लेकिन उसकी सुनवाई नहीं हो रही थी। इसके बाद रविवार को पीड़िता की ओर से कमला नगर थाने में तहरीर दी गई थी। तहरीर देने की सूचना पर भाजपा के पदाधिकारी पीड़िता को मानने में जुट गए। कमला नगर स्थित पार्षद के हॉस्पीटल में महानगर अध्यक्ष भानु महाजन की मौजूदगी में आरोपी ने पीड़िता से माफी मांगी थी। पीड़िता को सभी ने समझा दिया था। रविवार को पीड़िता का कहना था कि मंडल अध्यक्ष ने अपनी गलती मान ली है। उसके पार्टी से निष्कासन की बात कही गई है। रविवार को समझौत के बाद पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ कमला नगर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। महिला नेत्री का कहना है कि वो जिसे अपना भाई मानती थी, वो ऐसी हरकत करेगा, उम्मीद नहीं थी। थाना प्रभारी कमला नगर निशामक त्यागी ने बताया कि महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## पैर फिसलने के चलते छत से गिरी बुजुर्ग महिला, गंभीर रूप से घायल

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** सोमवार सुबह थाना पिनाहट क्षेत्र के अंतर्गत गांव अमर सिंह पुरा में प्रभात फेरी के लिए उठकर छत से नीचे आ रही बुजुर्ग महिला पैर फिसलने के चलते जमीन पर आकर गिर गई।जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पहुंचे परिजनो ने गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग महिला को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिनाहट में भर्ती कराया हैं।जहां उसका उपचार चल रहा है। जानकारी के अनुसार थाना पिनाहट क्षेत्र के अंतर्गत गांव अमर सिंह पुरा निवासी 70 वर्षीय कृष्णा देवी पत्नी स्वर्गीय मेवाराम शर्मा सोमवार सुबह करीब 5 बजे जाग कर रोजाना गांव की प्रभात फेरी करती हैं। सोमवार सुबह करीब 5 बजे प्रभात फेरी के जागकर छत से रास्ते नीचे आ रही थी। तभी छत पर पैर फिसलने के चलते बुजुर्ग महिला नीचे आकर गिर गई। जिससे बुजुर्ग महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।आनन फानन में परिजन गंभीर रूप से घायल महिला को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिनाहट पहुंचे। जहां इलाज के लिए बुजुर्ग महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिनाहट में भर्ती कराया हैं। जहां उसका उपचार चल रहा है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### उपचारात्मक शिक्षा से सुधरेगी स्कूलों की स्थिति

**जन एक्सप्रेस/मैनपुरी।** राजकीय इंटर कॉलेज में शिक्षकों को उपचारात्मक शिक्षण के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान सोमवार को डायट प्रवक्ता श्वेतांक दीक्षित ने कहा कि शिक्षकों के लिए उपचारात्मक प्रशिक्षण बहुत जरूरी है। इस प्रशिक्षण से स्कूलों में शिक्षा की स्थिति सुधरेगी। राजकीय इंटर कॉलेज में रविवार को गणित और विज्ञान विषय के शिक्षकों को उपचारात्मक शिक्षण का प्रशिक्षण दिया गया। डायट प्रवक्ता श्वेतांक दीक्षित प्रशिक्षक विज्ञान ने कहा कि सभी शिक्षक जिम्मेदारी के साथ प्रशिक्षण ग्रहण करें जिससे कि छात्र-छात्राओं को भी उपचारात्मक शिक्षा का ज्ञान बेहतर तरीके से दिया जा सके। उन्होंने कहा कि विज्ञान में समय के साथ-साथ कुछ बदलाव किया गया है। इसलिए विषय विशेषज्ञों के लिए जरूरी है कि वे बदले हुए टॉपिक की विस्तृत जानकारी हासिल करें। गणित प्रशिक्षक अभय कुमार ने कहा कि गणित में कुछ प्रश्नावली बदली हैं। इसलिए ये प्रशिक्षण जरूरी हो गया है। प्राचार्य डायट मनमोहन शर्मा ने कहा कि पिछले कुछ सालों से परीक्षा का पैटर्न भी बदल गया है। ऐसे में शिक्षकों को उपचारात्मक प्रशिक्षण की जरूरत महसूस की गई। सभी शिक्षक जिम्मेदारी के साथ प्रशिक्षण में दी गई जानकारियां हासिल करें।

### पैमाइश के बाद आरोपियों ने उखाड़ कर फेंक दी मुड्डी

**जन एक्सप्रेस/करहल।** थाना कुर्रा क्षेत्र के गांव तरौलिया में जमीन की पैमाइश करने के बाद राजस्व की टीम वापस लौट गई। इसके बाद आरोपियों ने खेत में गाड़ी गई मुड्डी उखाड़ कर फेंक दी। विरोध करने पर किसान को धमकी देते हुए मारपीट करने पर आमादा हो गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कुर्रा क्षेत्र के गांव तरौलिया निवासी किसान ग्रीश चंद्र गांव स्थित अपनी जमीन की पैमाइश को लेकर प्रार्थना पत्र दिया था। इसके बाद 31 जुलाई को राजस्व विभाग की टीम जमीन की पैमाइश करने के लिए पहुंची थी। जमीन की नापजोख करने के बाद टीम मुड्डी गाड़ कर वहां से चली गई। टीम के जाते ही आरोपी देवेंद्र कुमार ने मौके पर आकर चारों कोनों पर लगाई गई पक्की मुड्डी उखाड़ कर फेंक दी। आरोपी ने मेड़ भी तोड़ दी। किसान ने जब विरोध किया तो देवेंद्र, गोविंद गाली गलौज करते हुए झगड़ा करने पर आमादा हो गए। धमकाते हुए आरोपियों ने उसे खेत से भगा दिया। उसने थाने पहुंच कर पुलिस को घटना की जानकारी दी। मामले में पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच व कार्रवाई शुरू कर दी है।

### लेखपाल ने खेत से जबरन निकाल दिया नाला

**जन एक्सप्रेस/मैनपुरी।** तहसील किशनी के गांव खिरिया अरसारा में क्षेत्रीय लेखपाल ने दो सगे भाइयों के खेत से जबरन नाला निकाल दिया है। तहसील में सुनवाई नहीं होने पर पीड़ितों ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में शिकायत की है। प्राधिकरण के सचिव ने तहसीलदार किशनी से इस संबंध में विस्तृत और स्पष्ट आख्या मांगी है। अगली सुनवाई के लिए 16 अगस्त की तारीख तय की गई है। खिरिया अरसारा के रहने वाले जगदीश जाटव और उसके भाई रामजी लाल का एक शामिल खेत हैं। उनका आरोप है कि क्षेत्रीय लेखपाल साबिर हुसैन ने अधिकारियों की अनुमति के बिना जबरन उनके खेत से होकर निकाल दिया है। राजस्व अभिलेखों में इस जगह पर कोई भी नाला अंकित नहीं है। जब उसने तहसील में लेखपाल की शिकायत की तो तहसीलदार और एसडीएम ने शिकायत पर कार्रवाई करना तो दूर सुनवाई तक नहीं की है। पीड़ितों ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में शिकायत की है। शिकायत में आरोप लगाया है कि खेत से नाला निकाले जाने से उनके खेत में खड़ी फसल भी नष्ट हो गई है। उसने नाला बंद कराने और लेखपाल के खिलाफ कार्रवाई कराए जाने की मांग की है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/अपर जिला जज कमल सिंह ने तहसीलदार किशनी से इस संबंध में विस्तृत और स्पष्ट आख्या मांगी है। शिकायत की अगली सुनवाई 16 अगस्त को की जाएगी।

### सड़क हादसे में घायल हुए चाचा-भतीजे ने तोड़ा दम

**जन एक्सप्रेस/मैनपुरी।** थाना घिरोर क्षेत्र में 16 जुलाई को हुए सड़क हादसे में घायल हुए गांव ताहरपुर निवासी चाचा-भतीजे की इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजन की ओर से थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। गांव ताहरपुर निवासी रामेश्वर दयाल ने पुलिस को बताया कि भाई सोने लाल और चाचा गोपाल राज मिस्त्री व बेलदारी का काम करते थे। 16 जुलाई की रात को दोनों घिरोर से काम करने के बाद घर वापस लौट रहे थे। तभी शिकोहाबाद की ओर से आ रही कार ने उन्हें टक्कर मार दी थी। हादसे में भाई और चाचा गंभीर रूप से घायल हो गए। सीएचसी से घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था। वहां से मेडिकल कॉलेज सैफई कर दिया गया था। इस दौरान गोपाल की मृत्यु हो गई थी। इलाज के दौरान तीन दिन बाद सोने लाल ने भी दम तोड़ दिया। चाचा और भाई अंतिम संस्कार आदि के बाद रविवार को घिरोर थाने पहुंचे रामेश्वर दयाल ने कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

### मक्खन निकालते समय महिला के पेट में घुसी मथानी, मौत

**जन एक्सप्रेस/अलीगढ़।** महिला ने मथानी की चटकनी बंद कर दी और बोर्ड से प्लग नहीं निकाला। प्रीति मथानी को गोद में रखकर मक्खन निकाल रही थीं, इसी दौरान मथानी की चटकनी ऑन हो गई और मथानी चल गई। मथानी ने महिला के पेट में छेद कर दिया। जरा सी चूक महिला के लिए मौत की वजह बन गई। अतरौली के गांव शेखूपुर में महिला ने दही मथने वाली मथानी की चटकनी बंद कर दी, पर बोर्ड से प्लग नहीं निकाला। अचानक चटकनी दब गई और मथनी ने महिला का पेट चीर दिया। अधिक खून बहने से महिला की दर्दनाक मौत हो गई। जिससे परिवार में मातम छा गया। अतरौली कोतवाली के गांव शेखूपुर निवासी गगन कुमार बिल्डिंग में लिंटर डालने के लिए शटरिंग लगाने का काम मजदूरी पर करते हैं। 5 अगस्त सुबह गगन कुमार काम पर चले गए। पत्नी ने दही से मट्ठा बनाने के लिए इलेक्ट्रॉनिक मथानी बिजली के बोर्ड से लगाकर दही दोहने के लिए बर्तन में लगा दी। घरेलू काम खत्म करने के बाद करीब 12 बजे वह दही से मक्खन निकालने लगीं। महिला ने मथानी की चटकनी बंद कर दी और बोर्ड से प्लग नहीं निकाला। प्रीति मथानी को गोद में रखकर मक्खन निकाल रही थीं, इसी दौरान मथानी की चटकनी ऑन हो गई और मथानी चल गई। मथानी ने महिला के पेट में छेद कर दिया, जिससे अत्यधिक रक्तस्राव होने लगा। उस वक्त घर में कोई नहीं था। डेढ़ साल का बेटा कुनाल जगा तो वह जोर-जोर से रोने लगा। बच्चे के रोने की आवाज सुनकर पड़ोसी महिला उनके घर पहुंची तो वहां खून से लथपथ प्रीति का शव पड़ा देख उसके होश उड़ गए। महिला रोती चीखती हुई घर से बाहर आई और शोर मचाया। गांव के तमाम लोग वहां पहुंच गए। सूचना मिलने पर पति गगन भी आ गए। महिला की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। पूर्व जिप सदस्य केपी मिस्त्री, राजू लोधी प्रधान सहित तमाम लोग मौके पर पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाया।

# ताजमहल में घुसकर महिला ने मुख्य गुबंद पर भगवा लहराया

जन एक्सप्रेस | आगरा



ताजमहल में सावन के सोमवार पर महिला ने मुख्य गुंबद के ऊपर जल चढ़ाया। उसने भगवा कपड़ा भी लहराया। महिला ने दावा किया कि वह बोतल में गंगाजल लेकर गई थी। सूचना मिलते ही उकरऋ के जवान पहुंचे, उन्हें देखते ही महिला भागने लगी। जवानों ने महिला को दौड़ाकर पकड़ लिया। महिला की पहचान अखिल भारत हिंदू महासभा की आगरा जिलाध्यक्ष मीरा राठौर के रूप में हुई है। युवा हिंदू महासभा प्रदेश अध्यक्ष बृजेश भदौरिया ने कहा- पिछले सोमवार को मीरा कासगंज के सोरो से कांवड़ लेकर पहुंची थीं। मगर, पुलिस ने उन्हें पश्चिमी गेट पर ही रोक दिया था। 2 घंटे तक गेट पर खड़ी थीं। इसके बाद प्रशासन ने जल को राजेश्वर मंदिर पर चढ़वा दिया था। मीरा ने कुछ गंगाजल बचा लिया था। उसी गंगा जल से आज तेजोमहालय के अंदर जलाभिषेक किया। 2 दिन पहले यानी 3 अगस्त को 2 युवकों ने मुख्य मकबरे पर ऊपर से जल चढ़ाया था। युवकों ने दावा किया था कि वे बोतल में गंगाजल लेकर गए थे। आगरा पुलिस ने दोनों युवक को जेल भेज दिया। आरोपियों की पहचान अखिल भारत हिंदू महासभा के सदस्य श्याम और वीनेश कुंतल के रूप में हुई थी। आगरा में ताजमहल के सेंटर पॉइंट पर एक मुख्य गुंबद बना है। इसी गुंबद के नीचे एक बड़ा तहखाना है, जिसमें मुमताज और शाहजहां का मकबरा है। यह पूरे साल बंद रहता है, सिर्फ शाहजहां के उर्स पर खोला जाता है। इस दौरान तीन दिन तक ताजमहल में फ्री एंट्री रहती है। यह बेसमेंट में बना हुआ है, नीचे जाने के लिए सीढ़ियां हैं। आगरा के ताजमहल पहुंचे दो युवकों ने मुख्य मकबरे पर ऊपर से गंगाजल चढ़ाया। दीवार पर ओम का स्टिकर भी चिपकाया। उन्होंने इसका वीडियो भी बनाया, जिसमें वे कहते हैं कि अब अंतिम पड़ाव पर पहुंच गए हैं। हिंदू महासभा का दावा है कि यह ताजमहल नहीं, तेजोमहालय शिव मंदिर है।

## सिटी बस चालकों ने किया चक्का जाम

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** ताज नगरी आगरा के न्यू आगरा थाना क्षेत्र में भगवान टॉकीज चौराहे पर सोमवार की सुबह लगभग 10ऱ00 बजे बस चालकों और टीआई के बीच चौराहे पर बस खड़ी करने को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि टीआई ने बस चालक के साथ अभद्रता की। जिसको लेकर सूचना मिलते ही अन्य बस चालकों ने भगवान टॉकीज चौराहे पर अपनी बसों को खड़ा करके चक्का जाम कर दिया और कार्रवाई की मांग करने लगे। जिस पर डिपो के अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। मिली जानकारी के अनुसार, सिटी बस के चालक धर्मेंद्र सिंह और परिचालक रमेश बस को भगवान टॉकीज से आगरा कैंट के लिए लेकर जा रहे थे। सवारियां बैठाने के लिए बस को भगवान टॉकीज चौराहे के पास रोक दिया गया। जिस पर मौजूद टीआई ने बस को वहां नहीं खड़ा होने दिया। बस चालकों ने टीआई पर अभद्रता का भी आरोप लगाया है। बस चालकों का आरोप है कि टेंपो चालकों को टीआई चौड़ाई पर खड़ा करते हैं जबकि बस चालकों को आगे बढ़ा देते हैं।

# कोटा बैराज से चंबल नदी में छोड़ा गया 12 हजार क्यूसेक पानी

जन एक्सप्रेस | आगरा

मध्यप्रदेश और राजस्थान में हो रही बारिश और कोटा बैराज से पानी छोड़े जाने के बाद फिर चंबल नदी का जलस्तर लगातार तेजी के साथ बढ़ाना शुरू हो गया है। चंबल नदी में तेज उफान के चलते पिनाहट घाट चंबल नदी पर बना शिव मंदिर भी डूब गया है।

तेज उफान के साथ चंबल नदी में लगातार बढ़ रहे जलस्तर को देखते हुए तहसील प्रशासन अलर्ट हो गया हैं। चंबल नदी में लगातार बढ़ रहे जलस्तर को देखते हुए प्रशासनिक अधिकारियों ने स्टीमर संचालन को बंद रखने का निर्णय लिया है। मध्यप्रदेश और राजस्थान में पिछले कई दिनों से लगातार मूसलाधार वारिश रही हैं। राजस्थान में मुसलाधार बारिश होने के चलते कोटा बैराज से चंबल नदी में 12 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया है।कोटा बैराज द्वारा छोड़े गए पानी की निकासी के लिए 10 -10 फीट के दो गेट खोल दिए गए हैं। पार्वती व पूनम नदी के साथ-साथ कोटा बैराज का पानी छोड़े जाने के बाद सोमवार से चंबल नदी जलस्तर बढ़ना शुरू हो गया। सोमवार सुबह करीब 8 बजे चंबल नदी का जलस्तर 116 मीटर पर था। सोमवार शाम करीब 6 बजे चंबल नदी का जलस्तर बढ़कर 120 पर पहुंच गया था। सोमवार को 10 घंटे में चंबल नदी के जलस्तर में चार मीटर जल स्तर की वृद्धि हुई है। जब कि चेतावनी का निशान 127 पर है। जबकि खतरे का निशान 130 पर है। तेज उफान के साथ चंबल नदी में लगातार हो रही जलस्तर की बढ़ोत्तरी के बाद तहसील प्रशासन अलर्ट हो गया।

# सड़क दुर्घटना में बाइक सवार शिक्षक की मौत

जन एक्सप्रेस | अम्बेडकर नगर



जनपद के सरदार पटेल स्मारक इंटर कॉलेज लारपुर में कार्यरत शिक्षक की रविवार देर शाम अज्ञात वाहन की टक्कर से दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस शव पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच पड़ताल में जुट गई है।

सम्मनपुर थाना क्षेत्र के कुर्की दाउदपुर निवासी अक्षय राजपूत सरदार पटेल स्मारक इंटर कॉलेज लारपुर में शिक्षक के पद पर कार्यरत थे। वह रविवर देर शाम बरियावन से बाइक पर सवार होकर घर जा रहे थे। पलई के पास स्थित पेट्रोल पंप से आगे पहुंचने पर सामने से आ रहे किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी थी। दुर्घटना मे वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। आनन फानन में घायल शिक्षक को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां पर इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। शिक्षक ने हेलमेट नहीं लगाए रखा था नहीं तो उनकी जान बच सकती थी। शिक्षक के मौत की खबर से शिक्षकों में शोक की लहर दौड़ गई। वही स्वजनों में कोहराम मचा है। शव गृह में शिक्षक के शव से बदबू आने पर बड़ी संख्या में एकजुट शिक्षकों ने फ्रीजर ना चलाने का आरोप लगाकर रोष व्यक्त किया है। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। दुर्घटना कर भागने वाले अज्ञात वाहन की जानकारी की जा रही है।

## गर्भपात करने वाली महिला के पति ने तहसील दिवस में रो रो कर सुनाई समस्या

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** बीते शनिवार को तहसील किरावली में डीएम आगरा की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया था आयोजन में शिकायत पत्र लेकर एक कथित नर्स का पति डीएम साहब के सामने शिकायती पत्र के साथ सारे साक्ष्य देते हुए हाथ जोड़कर गिड़गिड़ाते हुए रो रो कर अपनी शिकायत पत्र में लिखी शिकायत को बयां कर रहा था डीएम साहब ने भावुक होते हुए हिम्मत दीऔर न्याय दिलाने का भरोसा दिया तथा उचित कार्रवाई करने का भी वादा किया इतने में ही मुख्य विकास अधिकारी मैडम ने प्रार्थना पत्र को अपने हाथ में लेते हुए संबंधित पुलिस के अधिकारी को यह कहते हुए दे दिया इस व्यक्ति को न्याय दिलाना एसीपी किरावली ने शिकायतकर्ता व्यक्ति को यह बोला सभी एंगलों पर जांच कराई जा रही है आप चिंता न करें दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई होगी।

# अखिल भारतीय लोधी क्षत्रिय एम्पलाइज एसोसिएशन की मासिक बैठक संपन्न

जन एक्सप्रेस | आगरा

अखिल भारतीय लोधी क्षत्रिय एम्पलाइज एसोसिएशन लक्ष्य संस्था की मासिक बैठक लंबरदार बैंक्विट हॉल बोदला सिकंदरा रोड पर आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता संरक्षक आर पी सिंह द्वारा की गई। संचालन महासचिव लक्ष्मण राजपूत द्वारा किया गया। बैठक में आगामी 6 अक्टूबर 2024 को होने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं सर्विस में नई जॉइनिंग सेवानिवृत हुए कर्मचारियों अधिकारियों के स्वागत सम्मान कार्यक्रम पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में संस्था के जिला अध्यक्ष इंजीनियर किशोरी सिंह ने सभी सदस्यों की समितियां बनाकर जिम्मेदारी दी गई तथा सर्वसम्मति से निर्णय हुआ वर्ष 2024 की नई पत्रिका संपादन भी किया जाएगा। जिसमें प्राप्त लेख प्रकाशित होंगे साथ ही पत्रिका में पहली बार लोधी समाज के आगरा जनपद की सभी विधानसभाओं ब्लॉक स्तर पर गांव के नाम तथा वहां की जनसंख्या को भी स्थान मिलेगा।

लोधी समाज की वोटर संख्या को भी ध्यान में रखा जाएगा जिसके लिए डाटा एकत्र करने के लिए भी समिति का गठन किया गया। पत्रिका विमोचन से पूर्व समाज में विवाह योग्य जोड़ों का विवरण भी प्रकाशित किया जाएगा। शहरीकरण के चलते आज काफी युवा देश-विदेश में अनेक राज्यों में रहकर अपनी सेवाएं दे रहे हैं शादी संबंध की जानकारी परिचय सम्मेलन किए जाते हैं इसी आधार पर विवाह योग्य जोड़ों का पूरा डाटा पत्रिका में समायोजित किया जाएगा।

बैठक के उपरांत दहतोरा मैं लक्ष्य संस्था की और से नवोदय परीक्षा की तैयारी करने के लिए निशुल्क पुस्तकों का वितरण संस्था के पदाधिकारी द्वारा किया गया 1 घंटे की क्लास लेने वाले अध्यापक को भी संस्था की ओर से आर्थिक मदद की जाएगी। कार्यक्रम में संरक्षक इंजीनियर रतीरामलोधी कोमल सिंह राजपूत मुन्नालाल राजपूत सोहनलाल लोधी मोहन सिंह लोधी संस्कृति एवं मीडिया प्रभारी महावीर सिंह वर्मा धीरज कुमार राजपूत तेज सिंह राजपूत आदि उपस्थित थे।

# आगरा में बारिश ने उमस से दी राहत

**दिन में धूप निकली, 8 अगस्त तक बारिश के आसार**

जन एक्सप्रेस | आगरा



सोमवार को उमस भरी गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया। तेज धूप के साथ उमस से लोग पसीने से तरबतर होते रहे। शाम करीब पांच बजे मौसम में बदलाव हुआ। हवा चलने के साथ बारिश शुरू हो गई है। बारिश से लोगों को कुछ देर के लिए उमस से राहत मिली है। मौसम विभाग का अनुमान है कि 8 अगस्त तक बादल छाने के साथ बारिश होती रहेगी। आगरा में रविवार रात को तेज बारिश हुई थी। बारिश से राहत तो मिली। सोमवार को सुबह से धूप निकली। उमस के चलते लोग पसीने से तर बतर होते रहे। दोपहर में आलम ये था कि बैठे-बैठे पसीना आ रहा था। हवा भी नहीं चल रही थी।

शाम को करीब पांच बजे मौसम में बदलाव हुआ। ठंडी हवा चलने के साथ बादल छा गए। पहले हल्की फुहार शुरू हुई। इसके बाद तेज बारिश शुरू हो गई। वहीं, शहर के कई इलाकों में हल्की बूंदाबांदी ही हुई। सोमवार को अधिकतम तापमान 34.5 व न्यूनतम तापमान 26.8 डिग्री सेल्सियस रहा। बारिश के चलते कैलाश मेले में व्यवधान पड़ गया। रास्ते में कीचड़ हो गई। सड़कों पर स्टॉल और दुकान लगाने वाले दुकानदारों का सामान भीग गया। वहीं, कैलाश मंदिर में आए भक्त भी बारिश में भीग गए। बारिश में भक्तों ने जलाभिषेक किया।

## गोपऊ ग्राम पंचायत में कल होगा उप चुनाव

जन एक्सप्रेस | आगरा

विकास खंड अछनेरा ग्राम पंचायत गोपऊ में ग्राम प्रधान सिद्धसदन के निधन के बाद उप चुनाव मंगलवार को होगा जिसमें चार प्रत्याशियों ने नामांकन किया है जिसमें चरन सिंह, रोशनलाल, भागीरथ, रूपेन्द्र शामिल हैं चुनाव में कुल मतदाता 3950, है जो चारों प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। चुनाव अधिकारी सौरभ आनंद अछनेरा ने बताया कि चुनाव कराने के लिए सात बूथ बनाये गये हैं जिनमें 5 बूथ प्राथमिक विद्यालय में तथा दो बूथ पूर्व माध्यमिक विद्यालय गोपऊ में चुनाव मंगलवार को प्रातः 8 बजे से 5बजे तक होगा चुनाव शांतिपूर्ण करायें जाने के लिए सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त की गई है तथा पोलिंग पार्टी रवाना करदी गई है।

# सावन के तीसरे सोमवार पर रही हर-हर महादेव की गूंज

**कैलाश मंदिर पर रात तीन बजे से शुरू हुआ जलाभिषेक, भंडारों में उमड़ रही भीड़**

जन एक्सप्रेस | आगरा



सावन के तीसरे सोमवार पर भी सभी शिवालयों में बम-बम भोले के जयघोष सुनाई दे रही है। जलाभिषेक के लिए सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। वहीं कैलाश महादेव मंदिर पर रविवार शाम को मेला शुरू हो गया। मंदिर में श्रद्धालुओं की लंबी लाइन लगी है। कैलाश मंदिर के महंत गौरव गिरि ने बताया कि रविवार रात 12 बजे से कांवड़ चढ़ाने वाले श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया। सुबह मंगला आरती के बाद श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। मंदिर के पांचों द्वार खोल दिए गए हैं। एक द्वार से महिला, एक से पुरुष और एक द्वार से कांवड़िये प्रवेश करेंगे। बाकी दो द्वार से भक्तों की निकासी होगी। सोमवार को भक्तों का जनसैलाब उमड़ रहा है। सोरों, हरिद्वार से जल लेकर आए सैकड़ों कांवड़िये भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर रहे हैं। कैलाश महादेव मंदिर में देर रात 3 बजे जलाभिषेक, श्रृंगार आरती के बाद दर्शन के लिए द्वार खोल दिए गए। शाम 7 बजे के बाद भोले बाबा का जलाभिषेक, श्रृंगार, आरती होगी व रात को 10 बजे मंदिर की साफ-सफाई के बाद महादेव का जलाभिषेक, श्रृंगार कर 11 बजे मंदिर के पट को बंद कर दिया जाएगा।